


फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह - 12




ईरान संकट : पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक - 12



कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया - 13



ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की - 14

आज का मौसम
32.0⁰ अधिकतम तापमान
17.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.32
सूर्यास्त 06.10


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ · बरेली · कानपुर · मुरादाबाद · अयोध्या · हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 05:55 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

सोमवार, 2 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 191, पृष्ठ 14 · मूल्य 5 रुपये


# ईरान ने की खामेनेई की मौत की पुष्टि, रक्षामंत्री समेत कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मारे गए

## खामेनेई के बेटी-दामाद, बहू-पोती की भी मौत, राष्ट्रपति सहित तीन लोगों की परिषद ने संभाली ईरान की बागडोर

- भारी बमबारी से बुरी तरह तबाह दिखाई दिया खामेनेई का कार्यालय
- शीर्ष सैन्य अधिकारी अहमद वाहिदी आईआरजीसी के नए कमांडर

दुबई, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की इजराइल और अमेरिका की ओर से किए गए बड़े हमले में मौत हो गई है। ईरान की सरकारी मीडिया ने रविवार तड़के इसकी पुष्टि की। तेहरान पर हुए हमलों में इसके अलावा ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नासिरजादेह, सेना प्रमुख अब्दुलरहीम मौसवीं और आईआरजीसी कमांडर जनरल मोहम्मद पाकपुर सहित चार वरिष्ठ अधिकारियों के भी मारे जाने की खबर है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिन के शोक का एलान किया गया है और देश की बागडोर तीन सदस्यीय समिति को सौंपी गई है। इनमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई और कानून विद अलीरेजा अराफी शामिल हैं।

यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी 'एयरबस' की ओर से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में वह स्थान भारी बमबारी से क्षतिग्रस्त दिखाई दिया, जहां खामेनेई की मौत हुई। खामेनेई के कई रिश्तेदार भी इस हमले में मारे गए, जिनमें उनकी एक बेटी, दामाद, बहू और एक पोता-पोती शामिल हैं। सरकारी टीवी ने कहा कि खामेनेई की अपने कार्यालय में हुई मौत दिखाती है कि वह लगातार जनता के बीच खड़े रहे और अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहे। ईरान सरकार ने खामेनेई की हत्या को बड़ा अपराध बताते हुए कहा कि यह घटना इस्लामी दुनिया के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगी। इस बीच अमेरिकी मीडिया ने इजराइली सूत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि शनिवार के हमलों में 40 ईरानी अधिकारियों की मौत हुई है।



तेहरान में रविवार को हुए हमले के बाद आसमान में उठता धुएं का गुबार। ● एजेंसी



### खामेनेई की मौत का बदला लेंगे: पेजेशकियन

राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा है कि इजराइल और अमेरिका के हमलों का बदला लेना ईरान का कानूनी हक और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, खामेनेई दुनिया के सबसे बुरे खलनायक के हाथो मारे गए। उन्होंने खामेनेई की हत्या का बदला लेने का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को पछताना पड़ेगा। यह अपराध कभी बिना जवाब नहीं रहेगा।

### इजराइल-अमेरिका के ईरान में सैकड़ों ठिकानों पर हमले, तेहरान में सैन्य ठिकानों पर गिरीं मिसाइलें

- कई जगह उठे घने काले धुएं के गुबार तीन अमेरिकी सैनिकों की भी मौत

इजराइल और अमेरिका की ओर से रविवार को ईरान के भीतर सैकड़ों ठिकानों पर हवाई हमले किए। तेहरान के बीचोबीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्यालय थार-अल्लाह, सेना के अस्पताल और बासिज मिलिशिया के ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों को पूरी तरह नष्ट करने का दावा किया है। उपग्रह चित्रों में ईरान के फोर्डो परमाणु स्थल पर भारी नुकसान देखा गया। इजराइली हमलों का निशाना इराक का जुर्फ अल-सखर बेस भी बना जहां ईरान समर्थित 2 लड़ाकों की मौत हो गई। इस अभियान के दौरान 3 अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं और 5 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इजरायल ने आईआरजीएस मुख्यालय को भी निशाना बनाया और सेना के अस्पताल भी उसकी गोलीबारी की जद में आ गए। इजराइल ने कई सैन्य ठिकानों पर भी मिसाइलें दागीं। इजराइली रक्षा बल के अनुसार, ऑपरेशन रोरिंग लायन शुरू होने के बाद पहली बार तेहरान के शासकीय केंद्रो पर हमला किया जा रहा है। तेहरान से मिली खबरों के मुताबिक, रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में धमाके हुए। तस्वीरों में तेहरान के कई हिस्सों से घने धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गए।

### ईरान ने अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर मिसाइलें दागीं, इजराइल और खाड़ी देशों को भी बनाया निशाना

- यूएई में तीन की मौत, इजराइल के बेत शेमेश में नौ मारे गए, 20 लापता

ईरान ने रविवार को जवाबी कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ हमले किए। समुद्री सीमा पर मौजूद अमेरिका के विशाल युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर ईरानी सेना ने चार मिसाइलें दागीं। ईरान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर किए गए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 58 लोग घायल हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ईरान ने कुल 165 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, इसके अलावा 541 ड्रोन भी लॉन्च किए। ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों ने मध्य तेल अवीव पर भी हमला किया। इस दौरान पूरे शहर में विस्फोटों की आवाजें सुनाई जिसके बाद आपातकालीन सेवाएं सक्रिय होती नजर आईं। इजराइल के बेत शेमेश में बेत शेमेश में ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। करीब 20 लोग लापता हैं। ईरानी मिसाइल एक आवासीय क्षेत्र में गिरी, जिससे एक यहूदी उपासना स्थल नष्ट हो गया और आसपास के घरों को भारी नुकसान हुआ।

**ब्रिटेन के सैन्य ठिकानों की ओर भी दागीं मिसाइलें** : ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने बताया ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दो सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। हीली ने कहा, हमें पूरा यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है।

### ऐसा हमला करेंगे जो कभी पहले देखा नहीं होगा: ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की चेतावनी के जवाब में उसे चेताते हुए कहा, उनके लिए बेहतर होगा कि वे ऐसा न करें। अगर वे ऐसा करते हैं तो हम उन पर इतनी ताकत से हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखी गई होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा, इतिहास के सबसे क्रूर लोगों में से एक खामेनेई की मौत न केवल ईरान के लोगों के लिए न्याय है, बल्कि सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के कई देशों के लोगों के लिए भी न्याय है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, हमने तानाशाह खामेनेई के परिसर को नष्ट कर दिया। अब इस तानाशाह का शासन समाप्त हो गया है। नेतन्याहू ने ईरानियों से शासन को उखाड़ फेंकने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने का आह्वान किया।



- शासन को उखाड़ फेंके ईरान की जनता: नेतन्याहू



खामेनेई की मौत के विरोध में श्रीनगर में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन।

### भारत में छायी गम-गुस्से की लहर

**नई दिल्ली।** खामेनेई की मौत के बाद कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक भारत के विभिन्न हिस्सों में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और जमकर गम और गुस्से का इजहार किया। कश्मीर के लाल चौक, सैदा कदल, बडगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग और पुलवामा में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए। लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा मस्जिद के पास बड़ी संख्या में लोग जुटे और उन्होंने नारे लगाए। शोकाकुल महिलाएं ईरानी नेता की तस्वीर से लिपटकर रोती दिखीं।



जम्मू: बुजुर्ग महिलाओं ने भी जताया गुस्सा।

## ब्रीफ न्यूज

### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 28 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने होली से ठीक पहले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। हालांकि घरेलू सिलेंडर के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में रविवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,768 .50 रुपये का हो गया है। यह मार्च 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में इस साल लगातार तीसरी बार वृद्धि हुई है।

### विमान ईंधन की कीमत भी 5.74 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने लगातार दो बार की कटौती के बाद रविवार से विमान ईंधन की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 5,245 रुपये (5 .74 प्रतिशत) बढ़कर 96,638 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। यह दिसंबर 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। इससे पहले जनवरी और फरवरी में दाम घटाए गए थे। दोनों बार में कीमत में कुल 8,283 रुपये की कटौती की गई थी जो 9 .06 प्रतिशत के बराबर है।

# काशी में श्रद्धा, व्यवस्था, विकास से कोई समझौता नहीं करेंगे: योगी

- वाराणसी में प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश
- बोले- श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शनार्थियों से दुर्व्यवहार अक्षम्य



प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्व्यवहार का सामना नहीं करना चाहिए। काशी जैसे विश्वविख्यात धार्मिक केंद्र पर श्रद्धालुओं के सम्मान और सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा।

दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन रविवार को सर्किट हाउस सभागार में आयोजित प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने विकास कार्यों, निर्माण परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुए मंदिर प्रशासन और पुलिस को व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी में लगभग 17 हजार करोड़ रुपये की 74 परियोजनाएं संचालित हैं, जिनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी पर्वों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु सम्मान, सुरक्षा और सुव्यवस्थित दर्शन का अनुभव लेकर लौटे, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है।

### नगरीय व्यवस्था, रोपवे अमृत-2 पर फोकस

गोदौलिया क्षेत्र में निर्माणाधीन रोप-वे स्टेशन को लेकर मुख्यमंत्री ने यात्रियों के सुरक्षित चढ़ने-उतरने की व्यवस्था के लिए कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। अमृत-2 योजना के अंतर्गत सीवरेज और पेयजल कार्यों में सघन मॉनिटरिंग, क्षतिग्रस्त सड़कों की प्राथमिकता से मरम्मत और गर्मी में पेयजल संकट न होने देने के निर्देश दिए। विद्युत तारों की अंडरग्राउंड केबलिंग मानकों के अनुसार कराने और स्वच्छता के लिए आधुनिक मशीनों के उपयोग पर जोर दिया।

### नई परंपरा न पड़ने दें

कानून व्यवस्था की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि धार्मिक आयोजन केवल धार्मिक परिसरों में ही होंगे, किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। तेज आवाज वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण पर सख्ती के निर्देश दिए। अवैध शराब, कोडीन कफ सिरप के कारोबार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

### ईरान संकट : बदलती वैश्विक स्थिति के मद्देनजर बुलाई गई सीसीएस बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक बुलाई है जो रविवार देर रात होगी। कहा गया है कि यह बैठक अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर हमले के बाद पैदा हुई मौजूदा वैश्विक स्थिति और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के मद्देनजर बुलाई गई है।



- पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों की सुरक्षा पर भी होगी चर्चा

बताया गया है कि प्रधानमंत्री राज्यों के अपने दो दिवसीय दौरे से दिल्ली लौटने के बाद सीसीएस की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वह संभवतः रात लगभग साढ़े नौ बजे यहां पहुंचेंगे। सीसीएस देश के सुरक्षा और रणनीतिक मामलों पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। प्रधानमंत्री सीसीएस के अध्यक्ष हैं तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसके सदस्य हैं। सूत्रों के अनुसार, बैठक में पश्चिम एशिया में रहने वाले और फंसे हुए भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा होने की संभावना है, साथ ही स्थिति बिगड़ने पर उससे निपटने के तरीकों पर भी विचार किया जाएगा। फिलहाल, पश्चिम एशिया का हवाई क्षेत्र लगभग बंद है। पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ने के कारण हवाई सेवाएं बाधित हो गई हैं, जिससे सैकड़ों भारतीय दुबई और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं।

# भारत से 335 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द खाड़ी देशों में फंसे सैकड़ों भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दुबई समेत खाड़ी देशों के हवाई अड्डों पर फंसे सैकड़ों भारतीय

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों और खाड़ी क्षेत्र के हवाई क्षेत्र बंद होने के बाद रविवार को भारत से 335 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। इनमें मुंबई हवाई अड्डे पर 125 और दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं। उड़ानें रद्द होने से दुबई और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर सैकड़ों भारतीय फंसे हुए हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने पहले ही रविवार को घरेलू विमानन कंपनियों की 444 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द होने की आशंका जताई थी। अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी 10 उड़ानें रद्द कर दी गईं। इस बीच, पश्चिम एशिया से आने-जाने वाली उड़ानें बाधित होने के कारण सैकड़ों भारतीय दुबई व अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं, जिनमें से कई लोग सहायता के लिए भारत सरकार से अपील करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं।



### सीबीएसई की पश्चिम एशिया क्षेत्र में परीक्षाएं स्थगित

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर सीबीएसई ने पश्चिम एशिया के बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में दो मार्च को होने वाली परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, नई तारीखों का एलान बाद में किया जाएगा।

### दुबई हवाई अड्डे पर फंसीं पीवी सिंधु और मंचू विष्णु

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु, अभिनेता मंचू विष्णु के साथ और कई हस्तियां दुबई हवाई अड्डे पर फंसी हुई हैं। दोनों ने एक्स पर इसकी जानकारी दी है। सिंधु तीन मार्च से शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बर्मिंघम जा रही थीं, हवाई अड्डे का संचालन निलंबित होने के बाद दुबई में रुकने के लिए मजबूर हो गईं। उनके कोच इरवान्सिया आदि प्रतामा भी उनके साथ हैं। सिंधु ने कहा है कि वे जानलेवा स्थिति से बाल-बाल बचीं। पास में हुए एक विस्फोट और आकाश में मिसाइलों की आवाज का उन्होंने जिक्र किया है। कई और प्रमुख हस्तियां पश्चिम एशिया के हवाई अड्डों पर फंसी हुई हैं।

# नागपुर के कारखाने में धमाके से 18 की मौत, शवों के चीथड़े उड़े

नागपुर, एजेंसी

- नहीं पता चला धमाके का कारण फडणवीस ने दिया जांच का आदेश

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले एक कारखाने में रविवार सुबह हुए शक्तिशाली धमाके में 18 लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक निर्माता कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड की डेटोनेटर पैकिंग इकाई में सुबह करीब 7:15 बजे हुआ।

पुलिस के मुताबिक 24 घायल श्रमिकों का नागपुर के दो अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। धमाके से कई शवों के चीथड़े उड़ गए और कुछ शव इतनी बुरी तरह जल गए कि उनकी पहचान करना असंभव हो गया।



मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने लिए जा रहे हैं। एक अस्पताल के मुताबिक अस्पताल में भर्ती सभी 18 मरीज आईसीयू में गंभीर हालत में हैं। विस्फोट के कारण अधिकांश रोगी 30 से 80 प्रतिशत तक गंभीर रूप से जले हुए हैं, साथ ही छर्रे लगने से भी चोटें आई हैं।

### जेएनयू : प्रदर्शनकारियों की रिहाई का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में हाल में हुए एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में गिरफ्तार 14 छात्रों की तत्काल रिहाई का रविवार को आदेश दिया।

अदालत ने 27 फरवरी को 14 प्रदर्शनकारियों को जमानत देते हुए कहा था कि पुलिसकर्मियों पर हमला करना गंभीर अपराध है, लेकिन आरोपी छात्र हैं और उन्हें अपना करियर बनाना है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट रवि छात्रों की उस याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें मजिस्ट्रेटी अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। मजिस्ट्रेटी अदालत के आदेश के तहत उनके दस्तावेजों और जमानत बॉण्ड के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

**पुराना ताल्लुक** — किंतूर गांव में गम और गुस्सा, ईरान की इस्लामी क्रांति के दो सबसे बड़े चेहरों की जड़ें इसी गांव से जुड़ीं

# अयातुल्ला खामेनेई के पूर्वजों का था बाराबंकी से गहरा संबंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इजराइली हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने से बाराबंकी जिले के किंतूर गांव के लोग गमगीन हैं। खामेनेई के पूर्वजों के बारे में दावा किया जाता है कि वह इसी गांव के थे। लखनऊ के नवाबों संग ईरान की धार्मिक यात्रा पर खामेनेई के पूर्वज बाराबंकी से गए थे।

बाराबंकी जिले का इतिहास महाभारतकाल से जुड़ा है। प्राचीन महाभारत कालीन कुंतेश्वर मंदिर जिस स्थान पर स्थित है उसे ही किंतूर गांव कहा जाता है। इसी किंतूर की धरती से ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई का नाता जुड़ने की बात कही जा रही है। हालांकि कभी अयातुल्ला खामेनेई इस गांव में नहीं आए मगर उनके पूर्वजों की पीढ़ियां गांव से संबंध थे।



किन्तूर गांव में खामेनेई की मौत पर गम में डूबे लोग।

बाराबंकी के किंतूर से ईरान गए सैयद अहमद मूसवी के पोते रूहुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई थे। बताते हैं कि वर्ष 1790 में जिले की सिरौली गौसपुर तहसील के किंतूर गांव में सैयद अहमद मूसवी का जन्म हुआ था। पढ़ाई-लिखाई के बाद सन् 1830 में 40 वर्ष की उम्र में अहमद मूसवी अवध के नवाब के साथ धार्मिक यात्रा पर इराक गए। पहले नजफ पहुंचे, जहां उन्होंने हज़रत इमाम अली की दरगाह पर ज़ियारत की। बाद में फिर स्थायी रूप से ईरान के एक गांव खुमैन में बस गए थे। उनके पूर्वज बताते हैं कि अहमद मूसवी ने अपने नाम के आगे उपनाम हिंदी जोड़ा ताकि यह अहसास बना रहे कि वह हिंदुस्तान से हैं। उन्हें शेरों शायरी का भी काफी शौक था।

### शाह का शासन उखाड़ फेंका था

अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी ने वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व कर शाह के शासन को उखाड़ फेंका और ईरान को एक शिया इस्लामी गणराज्य में बदल दिया। पश्चिम एशिया की राजनीति को दशकों तक प्रभावित करने वाली इस क्रांति के पीछे खुमैनी के भाषणों की गूंज थी। जिन्हें अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने भी सम्मोहक और जनभावनाओं को आंदोलित करने वाला बताया। आज ईरान की मुद्रा पर उनकी तस्वीर छपी है और तेहरान में उनका भव्य मक़बरा मौजूद है। लेकिन कम लोग जानते हैं कि उनकी वंश परंपरा की जड़ें उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में छिपी हैं।

### मशहद में हुआ परिवार का उदय

नजफ़ के बाद सैयद अहमद मुसवी हिन्दी ईरान के मशहद चले गए, जो इमाम रज़ा की दरगाह के कारण शिया इस्लाम का प्रमुख तीर्थस्थल है। वहीं से मुसवी परिवार ईरान के धार्मिक प्रतिष्ठान में स्थापित हुआ। यह परिवार सातवें शिया इमाम इमाम मूसा अल-काज़िम का वंशज माना जाता है, जिससे इसे धार्मिक नेतृत्व की ऐतिहासिक वैधता मिली। अयातुल्ला अली खामेनेई का जन्म वर्ष 1939 में मशहद में हुआ। उनके पिता सैयद जवाद खामेनेई एक साधारण लेकिन सम्मानित धर्मगुरु थे और सैयद अहमद मुसवी हिन्दी के प्रत्यक्ष वंशज थे।



# पश्चिम एशिया पर संकट
# महायुद्ध






## कराची में अमेरिकी दूतावास पर हमला
# 12 की मौत

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच रविवार को हुई झड़पों में 12 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। अमेरिका-इजराइल के हवाई हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के विरोध स्वरूप यह हिंसक संघर्ष हुआ। खामेनेई की मौत की खबर मिलते ही प्रदर्शनकारी वाणिज्य दूतावास की ओर जाने वाली सड़क पर एकत्र होने लगे। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस ने उन पर गोली चलाई।

सिविल अस्पताल की प्रवक्ता डॉ. सुमैय्या सैयद ने बताया कि 10 शव अस्पताल में लाए गए हैं, जिनमें कुछ शवों पर गोली लगने से घाव के निशान हैं। सैयद के मुताबिक, करीब 30 घायल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उपचाराधीन हैं। घायलों में चार पुलिसकर्मी भी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक असद रजा ने कहा कि भीड़ के पुलिस पर हमला करने के बाद स्थिति नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए और लाठीचार्ज किया गया।

**अमेरिकी मरीन ने नहीं चलाई गोली:** सिंध के गृह मंत्री जिया उल हसन लंजार ने कहा कि "किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।" लंजार ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने उन अटकलों को खारिज किया कि मारे गए लोगों को वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में तैनात अमेरिकी मरीन ने गोली मारी। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास माई कोलाची रोड पर नौसेना की एक आवासीय सोसाइटी के निकट एक किलेबंद इमारत में है, लेकिन आसपास निम्न-आय वर्ग के इलाके हैं।


कराची में अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए छोड़े जाते आंसू गैस के गोले।

## इस्लामाबाद, पेशावर और लाहौर में भी सड़कों पर उतरे लोग

- ईधी वेलफेयर ट्रस्ट के फैसल ईधी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारी बेहद हिंसक हो गए और उन्होंने उनके स्वयंसेवकों तथा एंबुलेंस पर भी हमला किया। इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने बयान में कहा, "हम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के निकट जारी प्रदर्शनों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास और पेशावर स्थित वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शनों के आह्वान की खबरें भी देख रहे हैं।'' हम पाकिस्तान में मौजूद अमेरिकी नागरिकों को सलाह देते हैं कि वे स्थानीय समाचारों पर नजर रखें और व्यक्तिगत सुरक्षा के उपाय अपनाएं। पुलिस के अनुसार, शिया संगठनों ने खामेनेई की मौत के विरोध में कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर मार्च निकालने की घोषणा की थी। इस्लामाबाद में तहरीक-ए-जाफरिया पाकिस्तान ने विरोध प्रदर्शन और अमेरिकी दूतावास का घेराव करने घोषणा की, जिसके बाद अधिकारियों ने 'रेड जोन' सील कर दिया और उससे जुड़ी सड़कों पर अतिरिक्त बल तैनात किए। जिला प्रशासन ने बताया कि इस्लामाबाद में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। लाहौर में प्रेस क्लब के बाहर इजराइल और अमेरिका की ईरान के खिलाफ सैन्य हमले के विरोध में प्रदर्शन जारी हैं।

**30** से ज्यादा लोग घायल, लाठी डंडे लेकर पहुंची थी भीड़

- उपद्रवी भीड़ ने गेट और शीशे तोड़े, पथराव व आगजनी
- अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी

## रिएक्शन

### ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान बोले बदला लेना हमारा वैध अधिकार



- ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद कहा कि इस अपराध के अपराधियों और कमांडरों के खिलाफ रक्तपात और बदला लेना ईरान वैध अधिकार मानता है, और इस महान जिम्मेदारी और कर्तव्य को पूरी ताकत से पूरा करेगा। खामेनेई की हत्या दुनिया के मुसलमानों, विशेषकर शियाओं के खिलाफ एक खुला युद्ध है।

### सनक में की गयी हत्या, नैतिकता और कानून का उल्लंघन : व्लादिमीर पुतिन



- **मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खामेनेई की लक्षित हत्या को 'सनक में की गयी हत्या' करार दिया है। पुतिन ने खामेनेई की मृत्यु को एक ऐसी हत्या बताया जिसने 'मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों' का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा, खामेनेई को रूस में एक 'उत्कृष्ट राजनेता' के रूप में याद किया जाएगा। यूक्रेन के साथ युद्ध में ईरान ने रूस को ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों सहित सैन्य सहायता प्रदान की है और ड्रोन निर्माण सुविधा बनाने में मदद की है।

### चीन ने कहा, ईरान पर हमला और नेता को खुलेआम मारना मंजूर नहीं



- **शिन्हुआ।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि उसने हमेशा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को कायम रखा है और वह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ताकत के इस्तेमाल का विरोध करता है। जब ईरान-अमेरिकी बातचीत चल रही हो, तो उस दौरान अमेरिका और इजराइल का ईरान पर हमला करना मंजूर नहीं है। यह भी मंजूर नहीं है कि वे किसी आजाद देश के नेता को खुलेआम मारें और सरकार बदलने को बढ़ावा दें।

### इतिहास में निर्णायक क्षण, भविष्य अभी अनिश्चित : यूरोपीय संघ



- यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने कहा कि अली खामेनेई की हत्या ईरान के इतिहास में एक निर्णायक क्षण है। आगे क्या होगा यह अनिश्चित है। लेकिन अब एक अलग ईरान की ओर खुला रास्ता है, एक ऐसा ईरान जिसे आकार देने में वहां के लोगों को अधिक स्वतंत्रता मिल सकती है।

### ईरान को परमाणु हथियार की अनुमति नहीं दी जा सकती: ब्रिटेन



- ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने खुलासा किया है कि ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दो सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। लेकिन हमें यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ईरान में एक ऐसा शासन है जो अन्य देशों को परेशान करता है और इसे कभी भी परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### फ्रांस और ब्रिटेन बोले, फिर से शुरू की जाए ईरान-अमेरिका में वार्ता

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने अमेरिका-ईरान से फिर से बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके देश ईरान पर हुए हमलों में शामिल नहीं हैं, लेकिन वे अमेरिका, इजराइल और क्षेत्र के सहयोगी देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, "हम क्षेत्र के देशों पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। ईरान को बिना सोचे समझे सैन्य हमले करने से बचना चाहिए।

### खामेनेई की मौत पर कई जगह जश्न

- ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने अमेरिकी हमलों के लिए जहां खुला समर्थन व्यक्त किया है, वहीं खामेनेई की मौत के बाद कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन के बीच कुछ जगह लोग जश्न मनाते भी दिखे। न्यूयॉर्क से लेकर बर्लिन और उससे आगे तक, ईरानी प्रवासी समुदाय के सदस्यों और उनके समर्थकों द्वारा खामेनेई के शासन के अंत का जश्न मनाने के लिए प्रदर्शन भी आयोजित किए गए। शनिवार दोपहर बर्लिन में ईरानी लोग जश्न मनाते हुए तेज संगीत पर नाचते और नारेबाजी करते नजर आए।

# दुबई में बरसीं मिसाइल व ड्रोन निशाने पर होटल-एयरपोर्ट

**दुबई, एजेंसी**

अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान ने इजराइल के तेल अवीव समेत मिडिल ईस्ट के देशों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इसमें संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई को भी निशाना बनाया गया। दुबई के मशहूर लग्जरी होटल बुर्ज अल अरब पर भी हमला होने की खबरें सामने आईं। रिपोर्ट के अनुसार, एक अटैक ड्रोन के बिल्डिंग से टकराने के बाद आग की लपटें उठने लगीं। दुबई मीडिया ऑफिस ने एक्स पर कहा, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि एक ड्रोन को रोका गया था। उसका मलबा बुर्ज अरब के बाहरी हिस्से से टकरा गया, जिससे हल्की आग लग गई। ईरान ने दुबई में स्थित सीआईए के ठिकाने और एक अमेरिकी एजेंसी पर भी हमला किया। दुनिया के सबसे व्यस्तम दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन पर भी संदिग्ध हवाई हमले से मामूली नुकसान हुआ है। चार कर्मचारी घायल बताए गए हैं। इसी तरह दुबई के प्रमुख बंदरगाह जेबेल अली पोर्ट पर इंटरसेप्ट किए गए ड्रोन के मलबे से आग लग गई। रिहायशी इलाकों पाम जुमेराह और अल नहदा में भी तेज धमाकों की कई आवाजें सुनी गईं।


तेल अवीव में ईरानी मिसाइल से क्षतिग्रस्त हुई इमारत।

### आसमान में आग और धुएं की लकीरें

- दुबई के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि लगातार धमाकों से उनके फ्लैट की खिड़कियां हिल गईं और रात में एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा इंकमिग प्रोजेक्टाइल्स को इंटरसेप्ट करने से आसमान में आग और धुएं की लंबी रेखाएं बनती रहीं। एक भारतीय नागरिक विष्णु मंचू ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इंटरसेप्शन की आवाजों की वजह से उनका घर हिल गया और बेटी आयरा डर गई। उन्होंने शांति की प्रार्थना करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे को जंग की आवाजें सुनते हुए बड़ा नहीं होना चाहिए। एक महिला ने कहा कि लोग पूछते हैं कि दुबई में सुरक्षित महसूस क्यों होता है, आज इसका जवाब मिल गया।

### पीवी सिंधू दुबई एयरपोर्ट पर घंटों छिपी रहीं

- दुबई। मध्य पूर्व के अधिकतर देशों में एयरस्पेस बंद होने से बड़ी संख्या में भारतीय दुबई में फंसे हुए हैं। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को ''तनावपूर्ण और डरावना'' बताते हुए कहा कि वह और उनके इंडोनेशियाई कोच जहां रुके थे, पास ही एक धमाका हुआ। सिंधू के अनुसार जैसे ही उनका विमान दुबई में उतरा, थोड़ी देर में वायु क्षेत्र बंद कर दिया गया और पिछले कुछ घंटे बहुत तनाव वाले रहे। हम ऊपर से इंटरसेप्शन की आवाजें सुन सकते थे। कुछ घंटों बाद दुबई हवाई अड्डे पर हम जहां छिपे थे, उससे 100 मीटर की दूरी पर धमाका हुआ। हमें जल्दी से उस जगह से बाहर निकलना पड़ा। एक्ट्रेस सोनल चौहान ने पीएम मोदी से मदद मांगी है।

### श्रीनगर और लखनऊ में प्रदर्शन शिया धर्म गुरुओं ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** भारत में भी ईरान के सर्वेच्च नेता खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन हुए। श्रीनगर और लखनऊ में प्रदर्शनों के बीच अजमेर में शिया मुस्लिम महासभा ने 3 दिन के शोक का ऐलान किया, जबकि कई धर्मगुरुओं ने खामेनेई की मौत पर दुख जताया है। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, ये सदी के सबसे दुखद शब्दों में से हैं कि इतनी महान हस्ती, जिसने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज उठाई, वो चला गया, वो कभी किसी से नहीं डरे, यहां तक कि सबसे बड़ी ताकतों से भी नहीं। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, "ये सदी के सबसे दुखद शब्दों में से हैं कि इतनी महान हस्ती, जिसने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज़ उठाई, वो चला गया। वो कभी किसी से नहीं डरे, यहां तक कि सबसे बड़ी ताक़तों से भी नहीं।"


श्रीनगर में खामेनेई के मौत पर शोकजदा युवक।

ट्रंप के दामाद, उनके विशेष दूत और ईरान के विदेश मंत्री के बीच जिनेवा में वार्ता स्थगित होने के बाद तेजी से बदला घटनाक्रम

# ...इस तरह लिखी गई ईरान पर हमले की पटकथा

**स्पेशल डेस्क**

अमृत विचार। ईरान पर इजराइल और अमेरिका का साझा हमला सटीक खुफिया जानकारी और कई घटनाओं के एक साथ घटित होने से अपरिहार्य बन गया। हुआ यह कि ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल के बीच जिनेवा में गुरुवार को हुई बातचीत बिना किसी निर्णायक मोड़ पर पहुंचे स्थगित हो गई थी। हालांकि अराघची ने कहा था कि वार्ता में अच्छी प्रगति हुई है। उधर, ओमान के जिन अधिकारियों ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी, उनका भी कहना था कि बातचीत अगले सप्ताह वियना में फिर से शुरू होगी। लेकिन ट्रंप के सलाहकार ईरान में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को सही ठहराने की कोशिश में लगे थे। विटकॉफ और कुशनर को जिनेवा इसी उम्मीद में भेजा गया था कि वे ईरान को न सिर्फ आत्मसमर्पण के लिए राजी कर लेंगे बल्कि जैसा कि इजराइल भी चाहता है कि ईरान को न केवल परमाणु कार्यक्रम बल्कि मिसाइल उत्पादन के लिए राजी कर लेंगे। लेकिन रणनीतिकार मान रहे थे कि ट्रंप ने जिस तरह सैन्य बल एकत्र किया है, उसे देखते हुए ईरान का कोई भी प्रस्ताव युद्ध रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसी कारण विटकॉफ और कुशनर के वाशिंगटन लौटने पर, ट्रंप ने खुद को "असंतुष्ट" बताया। अगले दिन, अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने ट्रंप को सैन्य विकल्पों पर अंतिम ब्रीफिंग दी, और इसी दौरान दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत, यूएसएस गेराल्ड फोर्ड हाइफा पोर्ट पर पहुंचा। इसी पोत ने वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने में भाग लिया था। हाइफा में फोर्ड का काम ईरान की जवाबी कार्रवाई से इजरायल की रक्षा करना था। फोर्ड के तैनात होते ही इजरायल में अमेरिकी राजदूत ने अपने कर्मचारियों से कह दिया कि यदि वे देश छोड़ना चाहते हैं तो आज ही निकल जाएं। माहौल की नजाकत भांपते हुए, ओमान के विदेश मंत्री बदर अलबुसैदी, जिन्होंने वार्ता में मध्यस्थता की थी, तत्काल वाशिंगटन पहुंचे और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस से कुछ और दिन देने का आग्रह किया। इस बीच इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद व अमेरिकी सर्विलांस खामेनेई और रणनीतिकारों की बैठक की सूचना साझा कर चुके थे। इसी के बाद शनिवार सुबह ईरान पर बमबारी शुरू हो गई और ईरान की मिसाइलें भी इजराइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों की ओर बरसने लगीं।



अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि
से आपरेशन
अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# पुलिस के साथ अभद्रता, 13 नामजद समेत 33 पर रिपोर्ट

संवाददाता सौरिख

- झगड़े के मामले में जांच करने गई थी टीम, धक्कामुक्की में भाग गया आरोपी

**अमृत विचार।** मारपीट के केस में पुलिस गांव में जांच करने पहुंची तो आरोपियों सहित ग्रामीणों ने टीम के साथ अभद्रता करते हुए धक्का मुक्की की। पुलिस ने 33 लोगों को आरोपी बनाया है जिसमें से 13 नामजद हैं।

कस्बा के संजय नगर निवासी साहिल पुत्र भगवान दास वाल्मीकि के साथ अलहादादपुर निवासी विनय वाल्मीकि का 19 फरवरी को झगड़ा हो गया था। इसमें पुलिस ने साहिल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके चलते 28 फरवरी की शाम उप निरीक्षक उमेश चंद्र अपने हमराह डालचंद, नेहाल सिंह को लेकर निजी गाड़ी से जांच करने अलहादादपुर पहुंच गए। वहां विनय को पुलिस ने पूछताछ के लिए गाड़ी में बैठा लिया और वहां से निकल लिए। इसकी जानकारी होते ही परिजन एवं कुछ ग्रामीणों ने गाड़ी को रोक कर विनय को छोड़ने का दबाव बनाया।

पुलिस के साथ धक्कामुक्की एवं अभद्रता की। इस दौरान विनय मौके का फायदा उठाकर वहां से निकल गया। पुलिस ने घटना की जानकारी प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार को दी जिस पर पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए। तब तक वहां से सभी लोग इधर-उधर भाग गए कोई गिरफ्तारी किए बिना पुलिस गांव से वापस लौट आई। उपनिरीक्षक ने राहुल उर्फ मुकनू पुत्र दुर्योधन, आलोक पुत्र सुगर लाल, अमित ठाकुर पुत्र अरविंद ठाकुर, गौरव पुत्र पूरन सिंह, पूरन सिंह पुत्र सावरेन सिंह, विकास पुत्र सुगर लाल, शिवानी पुत्री सुगर लाल, अनु पुत्र सुगर लाल, विनय पुत्र जयकुमार, कल्लू उर्फ विनय पुत्र गुलाब राठौर, रोहन पुत्र सुगर लाल, विक्रम पुत्र जयकुमार, जयकुमार पुत्र प्रभु दयाल तथा 10-20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। शनिवार रात पुलिस ने गांव में दविश देकर विनय पुत्र गुलाब राठौर एवं सुघर लाल को गिरफ्तार कर लिया और कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

# रंग पिचकारी से सज गया होली बाजार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



कन्नौज और तिर्वा में सजीं रंग-पिचकारी की दुकानें। अमृत विचार

- बुधवार को मनेगी होली, कचरी-पापड़ की अस्थायी दुकानें भी लगीं

**अमृत विचार।** होली का त्योहार बुधवार को मनाया जाएगा। इसको लेकर रंग-पिचकारी का बाजार सजकर तैयार हो गया है। इसके साथ ही कचरी, पापड़ और चिप्स के अलावा नमकीन के भी अस्थायी काउंटर सज गए हैं। हालांकि बाजार में होली के रंग दिखाई देने लगे हैं लेकिन अभी ग्राहक गायब हैं। ज्यादातर बिक्री मंगलवार यानी होली से ठीक एक दिन पहले होगी।

होली का पर्व हिंदू समाज में ऐसा है जिसकी परंपरा हर अमीर गरीब निभाते हैं। इसको लेकर कई दिन पहले से ही तैयारी भी शुरू हो जाती है। कपड़ों के बाजार में भी रौनक काफी दिनों से है। यह बात अलग है कि इसकी एक वजह रमजान माह के अंत में ईद पर्व का होना भी है। इसलिए चाहे रेडीमेड हो या फिर बिना सिले कपड़े, सभी पर ग्राहक उमड़ रहे हैं। बात करें सिलाई कारीगरों की तो उनके पास भी समय नहीं है। ऐसे में ज्यादातर लोग रेडीमेड कपड़ों का रुख कर रहे हैं। इसके साथ ही त्योहार से दो दिन पहले बाजार में होली के रंग दिखाई पड़ने लगे हैं। तमाम अस्थायी दुकानों में अबीर-गुलाल के साथ हर्बल और पानी वाले रंग भी बिक्री को मौजूद हैं। बच्चों के लिए हर मूल्य वर्ग की पिचकारी के अलावा मुखौटे भी उपलब्ध हैं। बच्चों के अलावा बड़े भी रंग खेलते समय तरह-तरह के मुखौटे और बालों की विग पहनकर रूपधर मनोरंजन करते हैं। होली का उल्लास सिर चढ़कर बोलता है। हालांकि बाजार तैयार हो गया है लेकिन अभी ग्राहकों ने रुख नहीं किया है। माना जा रहा है कि एक दिन पहले मंगलवार को ही रंग आदि की दुकानों पर खरीदारी जोर पकड़ेगी।

### कल चंद्रग्रहण होने से बुधवार को चलेगा रंग

**कन्नौज।** इस बार पूर्णिमा को चंद्रगहण पड़ने से होली मनाने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जानकारों का कहना है कि दो मार्च यानी सोमवार की रात होली जलेगी लेकिन अगले दिन नहीं खेली जाएगी। ग्रहण समाप्त होने के बाद बुधवार को रंग खेला जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में घेर कर पीटा

**कन्नौज।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक को रास्ते में घेर कर पिटाई कर दी गई। मामले में चार युवकों के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सदर कोतवाली के मोहल्ला कुतलूपुर निवासी उत्कर्ष पुत्र संजय दुबे ने मोहल्ले के ही निवासी पराग, संकल्प पुत्रगण वीरू, अमन पुत्र रामशंकर व वीरू शुक्ला पुत्र नवीन शुक्ला के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 25 फरवरी को रात 08 बजे के करीब वह प्रभात दुबे पुत्र प्रशांत के साथ स्कूटी से रिलेक्सो शोरुम के पास था। उसी समय उक्त लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौज की। गाली देने से मना करने पर लाठी डंडों से उसकी पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### पत्रकारों ने सुरक्षा और अधिकारों पर चर्चा कर बनाई रणनीति

**गुरसहायगंज।** प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल मीडिया से जुड़े पत्रकारों की बैठक कान्यकुब्ज प्रेस क्लब गुरसहायगंज के तत्वावधान में की गई। रविवार को नगर के तिर्वा रोड पर वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई पत्रकारों ने मैदान में रिपोर्टिंग के दौरान सुरक्षा की कमी, प्रशासनिक सहयोग के अभाव, मानदेय में असमानता तथा फर्जी मुकदमों जैसी समस्याओं को उठाया। बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि पत्रकारों के लिए सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना लागू कराने, पहचान पत्र की मान्यता सुनिश्चित करने तथा उत्पीड़न की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके अलावा पत्रकारों के प्रशिक्षण एवं कल्याण के लिए एक स्थायी समिति गठित करने का निर्णय भी लिया गया। वरिष्ठ पत्रकार केके श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कई लोग मौजूद रहे।

### किराना स्टोर पर मिली रंगीन कचरी कराई नष्ट

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी और हानिकारक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पटेल किराना स्टोर पर औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दुकान पर अमानक रंगीन कचरी बिक्री के लिए रखी पाई गई, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। खाद्य विभाग के अधिकारी विमलेश कुमार की मौजूदगी में दुकान के संचालक अंकित गुप्ता पुत्र सुधीर गुप्ता ने हानिकारक कचरी को मौके पर ही नष्ट करा दिया। विमलेश कुमार ने व्यापारियों को सख्त चेतावनी दी है कि वे केवल शुद्ध और मानक स्तर के खाद्य पदार्थों की ही बिक्री करें, अन्यथा कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सदर तहसील की छवि धूमिल हुई, 22 एईआरओ को नोटिस

## निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने अफसरों को दो दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बोलीं, एसआईआर में नो मैपिंग व तार्किक विसंगति सुनवाई का औसत प्रतिशत 79

**अमृत विचार।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/एसडीएम सदर ने विधानसभा क्षेत्र कन्नौज के 22 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) को नोटिस जारी किया है। कहा है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में नो मैपिंग व तार्किक विसंगति नोटिस की सुनवाई में जनपद का औसत प्रतिशत 79 है जबकि सदर क्षेत्र का 50 फीसदी से भी कम है। उन्होंने दो दिनों में सभी को उपस्थित होकर लिखित कारण स्पष्ट करने को कहा है।

उप जिलाधिकारी वैशाली ने जारी किए नोटिस में कहा है कि 28 फरवरी को तहसील सदर, विधान सभा क्षेत्र कन्नौज (198) की मतदाता सूचियों के एसआईआर के संबंध में बिना मैप व तार्किक विसंगति की नोटिस सुनवाई के कार्य की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि आवंटित मतदेय स्थलों पर बीएलओ की ओर से नोटिस सुनवाई प्रतिशत 50 फीसदी से कम है जब कि जिले का औसत प्रतिशत 79 है।

एसडीएम ने कहा है कि अपने अधीनस्थ सुपरवाइजर व बीएलओ से प्रभावी कार्य नहीं कराया जा रहा है और न ही आपकी ओर से कोई कार्य किया जा रहा है। इस रवैये से जनपद में तहसील कन्नौज की छवित धूमि हुई है जिसके लिए अधिकारी उत्तरदायी हैं। आपकी ओर से अपने पदीय दायित्वों को निर्वहन ठीक से नहीं किया जा रहा है। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है। सभी को निर्देश दिए गए हैं कि दो दिनों में एसडीएम के समक्ष उपस्थित होकर अपना लिखित कारण स्पष्ट करें कि क्यों न आपके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत कार्रवाई कर दी जाए।

### इन अफसरों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**कन्नौज।** सदर विधानसभा क्षेत्र में एईआरओ की जिम्मेदारी निभा रहे जिला पर्यटन अधिकारी मोहम्मद मकबूल, एसीओ सियाराम, बीडीओ दिनेश चंद्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार, जेई नलकूप खंड पंकज तिवारी, जेई जल निगम प्रशांत कनौजिया, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप गुप्ता, उपायुक्त उद्योग प्रेमकांत, एआर कोआपरेटिव राजीव लोचन शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश, बीडीओ गुगरापुर रतीराम, सहायक अभियंता नलकूप खंड रजनीश सिंह राणा, बीएसए संदीप कुमार, चकबंदी अध्कारी संतोष तिवारी, जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता, एई जल निगम सर्वेश कुमार, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उमेश प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र, आरईडी जेई वेद प्रकाश सक्सेना, सहायक अभियंता आरईडी अभिषेक कुमार व जेई आरईडी गौरव यादव को एसडीएम सदर ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# डीएम पहुंचे जलालाबाद, गुगुरापुर गायब मिले एमओआईसी

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज



सीएचसी जलालाबाद में मेटरनिटी विंग का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

- गंदगी देख भड़के जिलाधिकारी सुधार करने के दिये निर्देश

**अमृत विचार।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानने को जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुगरापुर एवं जलालाबाद का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों के प्रभारी चिकित्साधिकारी गायब मिले।

रविवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुगरापुर का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. देवेन्द्र कुमार मीना, फार्मासिस्ट प्रभात तिवारी, वार्ड बॉय अतुल कुमार एवं स्वीपर सोनू उपस्थित मिले, जबकि प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेन्द्र चौधरी अनुपस्थित पाए गए। अस्पताल परिसर में स्वच्छता की स्थिति खराब मिली। निरीक्षण के समय कोई भी मरीज नहीं था। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने तथा मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद का निरीक्षण किया। यहां डॉ. उदय वीर प्रताप, फार्मासिस्ट ज्ञानेंद्र सचान एवं वार्ड बॉय शिवम उपस्थित मिले, जबकि प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार अनुपस्थित थे। केंद्र पर औषधियों की उपलब्धता पूर्ण पाई गई। स्टोर रूम में गंदगी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान स्टाफ नर्स रचना यादव ने प्रतिमाह लगभग 16 से 17 प्रसव कराए जाने की जानकारी दी। महिला चिकित्सक डॉ. पूनम भी अनुपस्थित पाई गईं। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी समय से उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा र मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं वेहतर की जाएं।

# आ गए अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के कर्मियों को मिला वेतन

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सभी इंजीनियर व कर्मचारियों को फिलहाल जनवरी की तनख्वाह जारी की गई
- मैनपुरी के अपर मुख्य अधिकारी विद्या शंकर पांडेय को मिला कन्नौज का अतिरिक्त प्रभार





जिला पंचायत का मुख्य द्वार।



जिला पंचायत में नहीं हो सकेगा सीएम के आदेश का पालन

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**अमृत विचार।** आखिरकार शासन ने जिला पंचायत में अपर मुख्य अधिकारी (एएमए) की तैनाती कर दी। चार्ज लेने के तुरंत बाद उन्होंने कर्मचारियों का वेतन जारी कर दिया। हालांकि अभी दो के सापेक्ष एक-एक महीने की तनख्वाह ही मिली है। बताते चलें कि आपके अपने लोक प्रिय समाचार पत्र अमृत विचार ने शीर्षक 'जिला पंचायत में नहीं हो सकेगा सीएम के आदेश का पालन' खबर प्रकाशित कर कर्मियों को वेतन न मिलने की समस्या उठाई थी।

शासन ने मैनपुरी के एएमए विद्या शंकर पांडेय को कन्नौज जिला पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दिया है। बताया गया है कि शनिवार को दोपहर कर्मचारियों को अपर मुख्य अधिकारी की तैनाती वाला आदेश प्राप्त हुआ। उसके करीब दो घंटे बाद उन्होंने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। होली से पहले सभी अभियंता व कर्मचारियों को जनवरी व फरवरी का वेतन नहीं मिला था, लेकिन नए एएमए के आने के बाद उन्होंने जनवरी का वेतन पास कर दिया। कर्मियों ने बताया कि एक- एक महीने की सैलरी खातों में क्रेडिट भी हो गई। इससे वह त्योहार का खर्च निकाल सकेंगे। तनख्वाह आने के बाद कर्मचारियों ने खुशी जताई है।

### दो पैसेंजर 01 अप्रैल से 14 मई तक निरस्त

**कन्नौज।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के कानपुर पुल बायाँ किनारा-कानपुर सेंट्रल के मध्य ब्रिज सं. 110 पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु 42 दिन का मेघा ब्लॉक दिया जा रहा है। इस क्रम में लखनऊ से चलकर कासगंज और कासगंज से चलकर लखनऊ को जाने वाली दो पैसेंजर ट्रेनें निरस्त रहेंगी। मेगा ब्लॉक के कारण लखनऊ जं. से चलने वाली 55345 लखनऊ जं.-कासगंज सवारी गाड़ी को 02 अप्रैल से 14 मई, 2026 तक तथा कासगंज से चलने वाली 55346 कासगंज-लखनऊ जं. सवारी गाड़ी को 01 अप्रैल से 13 मई, 2026 तक के लिए कुल 43 फेरों हेतु निरस्त कर दिया गया है। बताते चलें इस ट्रेन से फर्रुखाबाद से कानपुर के बीच तमाम नौकरी पेशा लोग दैनिक यात्रा करते हैं। इनको आवागमन के लिए दूसरे साधनों का ही सहारा लेना पड़ेगा।



पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते उपजिलाधिकारी। अमृत विचार

# त्योहार पर आपत्तिजनक गाने बजाए तो खैर नहीं

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** पीस कमेटी की बैठक में डीजे संचालकों को आपत्तिजनक गानों को न बजाने की हिदायत दी गई।

होली को लेकर रविवार को कोतवाली में प्रधानों, संभ्रांत लोगों तथा डीजे संचालकों की बैठक की गई। अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि होली पर डीजे संचालक वाद्य यंत्रों को निर्धारित आवाज पर ही बजाएं। कोई भी डीजे संचालक आपत्तिजनक भद्दे गीत नहीं बजाएगा। जो भी गीत, गाना बजाएंगे उनकी सूची पुलिस को उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसा न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी कर भाग रहे दो में से एक दबोचा

**छिबरामऊ।** नगर के डाकघर स्थित मंशेश्वरनाथ मंदिर के पास एक स्कूल बैग की दुकान से दिनदहाड़े चोरी का मामला सामने आया है।

पीड़ित दुकानदार असलम पुत्र असगर ने बताया कि रविवार सुबह करीब 10:30 बजे जब वह पानी पीने पास की दुकान पर गए थे, तभी दो युवकों ने मौका पाकर उनके गल्ले से करीब 5000 रुपये पार कर दिए। उनको भागता देख दुकानदार ने शोर मचाया, जिसके बाद भीड़ ने घेराबंदी कर एक आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। उसका दूसरा साथी पैसे लेकर फरार हो गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि पैसे साथी के पास हैं। पीड़ित ने पकड़े गए युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है। मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**परीक्षा परिणाम** | पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर के छात्र सफल सिंह सेंगर ने 162 अंक व पहली रैंक पाई

# छात्रवृत्ति परीक्षा में 132 बच्चे चयनित, सफल सिंह जिला टॉपर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



सफल सिंह सेंगर। प्रथम स्थान, 162 अंक। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर।



सपना रानी। द्वितीय स्थान, 155 अंक। यूपीएस निजामपुर द्वितीय, हसेरन।



देव कुमार। तृतीय स्थान, 154 अंक। यूपीएस निजामपुर द्वितीय, हसेरन।



श्रद्धा कुमारी। चतुर्थ स्थान, 150 अंक। यूपीएस निजामपुर द्वितीय, हसेरन।



पायल। पंचम स्थान, 144 अंक। यूपीएस निजामपुर द्वितीय, हसेरन।



अनुष्का सिंह। छठा स्थान, 142 अंक। यूपीएस, निजामपुर द्वितीय, हसेरन।



श्रृष्टि। सातवां स्थान, 140 अंक। यूपीएस सराय बारामऊ, गुगरापुर।



तृप्ति। नवां स्थान, 136 अंक। यूपीएस मधई नगला, छिबरामऊ।

- चयनित सभी विद्यार्थियों को कक्षा 09 से 12 तक की पढ़ाई के लिए मिलेंगे वार्षिक 12- 12 हजार रुपये

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2026 का परिणाम रविवार को जारी कर दिया। जनपद में 135 सीटों के सापेक्ष 132 छात्र- छात्राओं का चयन हुआ है। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर के छात्र सफल सिंह सेंगर ने 162 अंक व पहली रैंक पाकर जिला टॉप किया।

प्रत्येक चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 09 से 12 तक प्रतिमाह 1000 रुपये यानि वार्षिक 12000 रुपये छात्रवृत्ति भारत सरकार से दी जाएगी। जनपद नोडल शिक्षक आशुतोष दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 09 नवंबर को शहर के 08 केंद्रो पर आयोजित हुई थी। इसमें पंजीकृत 2113 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1561 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बताया गया है कि विकास खंड हसेरन क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय निजामपुर द्वितीय से सर्वाधिक 11 छात्र- छात्राओं का चयन हुआ है। पिछले वर्ष भी इस विद्यालय से सर्वाधिक 09 चयन हुए थे। जनपद में टॉप-10 में बेसिक शिक्षा विभाग के 08 छात्र- छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि मार्गदर्शक शिक्षकों को शीघ्र ही जनपद स्तर पर रमन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

यूपीएस निजामपुर द्वितीय के 11, निजामपुर प्रथम के 08, यूपीएस अमोलर, तालग्राम व चचियापुर के 05- 05 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। अंशिका को आठवां जबकि स्वेता को 10वां स्थान मिला

### योजना के लिए यह पात्रता जरूरी

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में शासकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/ स्थानीय निकाय (परिषदीय) विद्यालयों में कक्षा 08 के छात्र- छात्राएं आवेदन करते हैं जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 3 .50 लाख रुपए से कम हो। उन्होंने कक्षा 07 की परीक्षा 55 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। परीक्षा में सामान्य मानसिक योग्यता परीक्षण एवं शैक्षिक अभिरुचि के 90- 90 प्रश्न होते हैं।

# सड़कों से निकले बोल्डर से हादसों का डर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- जेसीबी से खोद दी गईं सड़कें, कहीं पाइप डाल तो कहीं ऐसे ही छोड़ दीं
- किनारे खुदी सड़क के कारण गिरकर चोटिल हो रहे राहगीर, वाहन सवार

**अमृत विचार।** शहर क्षेत्र में लोगों को पेयजल की सुविधा बढ़ाने व सुगम बनाने को दिसंबर 2025 से शुरू हुई जल निगम की अमृत 2.0 परियोजना लोगों को दर्द दे रही है। सुविधा जब होगी तब होगी, अभी तो यह बवालेजान बनी है। खोदकर डाली सड़कों से निकले बोल्डर हादसों का कारण बन रहे हैं। इसके साथ ही किनारे के दुकानदारों और रहने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताते चलें कि गत वर्ष के अंतिम माह में जल निगम की ओर से अस परियोजना का शुभारंभ किया गया। खास बात यह कि इनकी ड्रिल मशीन अचानक मोहल्लों में पहुंची और सड़कें खोद डालीं। यह भी नहीं बताया गया कि हो क्या रहा है? फिर लोगों ने खोजबीन की तो पता चला कि नई पेयजल पाइपलाइन डाली जानी है। इसके साथ ही नए कनेक्शन देकर पानी की व्यवस्था सुचारु की जाएगी। बात गदनपुरबड्डू मोहल्ले की करें तो एक ओर पाइप डाले गए और फिर सड़क वैसे ही छोड़ दी गई। और तो और जीटी रोड को जुड़ती पुलिस चौकी की सड़क का करीब 50 मीटर हिस्सा खोदा तो गया लेकिन न तो पाइप डाला और न ही सड़क को ठीक किया। हालत यह है कि एक ओर वाहन खड़ा हो जाए तो निकलने की जगह ही नहीं है। इसी तरह मकरंदनगर तिराहा से कन्नौज की ओर चलें तो यहां भी ड्रिलिंग मशीन से सड़क खोदी गई है। बोल्डर हटा दिए गए लेकिन अभी पाइपलाइन का इंतजार है। दिक्कत यह नहीं, बल्कि यह खुदी हुई सड़क है जिसके कारण लोग हादसे का शिकार होते या होने से बचते हैं। उधर, जिम्मेदारों का कहना है कि योजना के तहत पूरी पाईपलाइन पड़ने, हाइड्रोटेस्टिंग और नल कनेक्शन होने के बाद ही सड़कों की हालत सुधरेगी। इधर, जनता दर्द दे रही इन सड़कों से परेशान है।



जलनिगम की तरफ से खोदकर डाली गई कन्नौज-मकरंदनगर रोड।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार,2 मार्च 2026



## न्यूज ब्रीफ

### शराब के नशे में भाई ने की मारपीट

**फर्रुखाबाद।** शहर के मोहल्ला नरकास में शनिवार देर रात शराब के नशे में एक युवक की अपने बड़े भाई से मारपीट हो गई। विवाद के दौरान लाठी-डंडों से हुए हमले में युवक और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोहल्ला नरकास निवासी प्रेमवती ने बताया कि उनका छोटा बेटा विनोद मजदूरी करता है और शराब का सेवन करता है। शनिवार रात वह शराब पीकर घर आया और किसी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। बड़े बेटे ने इसका विरोध किया, जिसके बाद दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। प्रेमवती के अनुसार, बड़े बेटे, उसकी पत्नी और बेटों ने लाठी-डंडों से विनोद पर हमला कर दिया। विनोद को बचाने आई उसकी पत्नी रिंकी को भी पीटा गया। इस हमले में विनोद और रिंकी दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं।मारपीट के दौरान विनोद के छोटे बच्चों ने छिपकर अपनी जान बचाई। मोहल्ले के अन्य लोगों के आने पर बीच-बचाव किया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पति-पत्नी का मेडिकल परीक्षण कराया।

### रोडवेज बसों की भिडंत, तीन घायल

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में कायमगंज फर्रुखाबाद रोड पर बेरियां मोड़ के पास फर्रुखाबाद से आ रही एटा डिपो की रोडवेज बस जो एटा जा रही थी वहीं दिल्ली से आ रही फर्रुखाबाद डिपो की रोडवेज बस जो फर्रुखाबाद जा रही थी दोनों में आमने सामने जबरदस्त भिडंत हो गईं। जिससे बसों में सवारियां कम होने के कारण तीन लोग गंभीर घायल हुए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां घायलों में पवन मिश्रा (36) निवासी निमोन नगला अल्लाहगंज जनपद शाहजहांपुर, उमाशंकर (29) व उमाशंकर का भाई हरिओम (32) निवासी खैराबाद थाना मऊ दरवाजा फर्रुखाबाद है। वही बताया गया है कि पवन मिश्रा फर्रुखाबाद डिपो के चालक हैं। जिनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### टेंपो व बाइक की भिडंत में 8 घायल

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में ऑटो और बाइक की जोरदार टक्कर से आठ लोग गंभीर घायल हो गए।

जनपद फर्रुखाबाद के राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव अहलामई निवासी कुलदीप (25) व कुलदीप की पत्नी रीता (22) सुमेश पाण्डेय (45) सुमेश पाण्डेय की पत्नी बबली (40) व पुत्रियां देवकी (16) और राजुल (18) एवं टेम्पों चालक दुर्गेश (35) उक्त सभी लोग जनपद बदायूं के थाना उसैत के कालसेन मंदिर घूमने गए थे। वापस आते समय कायमगंज नगर के मुख्य चौराहे पर सामने से आ रहे बाइक सवार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव महमदिया पुर निवासी विकास की बाइक व ऑटो मे आमने सामने जोरदार टक्कर हो गईं टक्कर लगते ही टेम्पों पलट गया और बाइक सवार गिरकर घायल हो गया टेम्पों पलटते ही चीख पुकार मच गईं। आसपास के मौजूद लोग उधर दौड़े और टेम्पों मे फंसीं सवारियों को बाहर निकला और 108 एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया।

### गिट्टी पर बाइक फिसली, दो घायल

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात्रि एक बाइक के गिट्टी पर फिसलने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मदनपुर निवासी देव सिंह और अजमतपुर निवासी अजय पुत्र लाल बहादुर अचरा से मजदूरी कर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। हादसा कायमगंज-अचरा मार्ग पर इनायतनगर के सामने देव सिंह बाइक चला रहे थे, जब सड़क पर फैली गिट्टी के कारण बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस घटना में उनका तीसरा साथी भूरे बाल-बाल बच गया। सूचना मिलने पर परिजनों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जितेंद्र बहादुर ने बताया कि दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। स्थानीय निवासियों, राजवीर और विपिन ने बताया कि इनायतनगर के सामने सडक़ किनारे नाली का निर्माण चल रहा है, जिसके कारण कई दिनों से सड़क पर गिट्टी और अन्य निर्माण सामग्री फैली हुई है।

# सड़क दुर्घटनाओं में क्लीनर समेत दो की मौत, तीन घायल

## एक्सप्रेसवे पर गोरखपुर जा रही स्लीपर बस में पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर

संवाददाता सौरिख/तिर्वा

- घटना के बाद बस के चालक व कंडक्टर मौके से फरार हो गए


हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रक

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर थाना क्षेत्र सौरिख में सुबह के समय जबकि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र में देर रात हादसे हो गए। दोनों घटनाओं में क्लीनर समेत दो की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए।

सौरिख संवाददाता के अनुसार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर रविवार की सुबह 6:30 बजे अंकुश ट्रेवल्स का चालक (नाम पता अज्ञात) चंडीगढ़ से 80 सवारियों को लेकर गोरखपुर जा रहा था। थाना क्षेत्र सौरिख के ग्राम नगला बीरभान के सामने किलोमीटर संख्या 157 + 650 पर चालक ने सवारियों को लघुशंका के लिए बस रोकी थी। इसी समय राजस्थान के जिला अलवर निवासी शाकिर पुत्र अशरफ गुजरात से मार्बल भरकर बंगाल जा रहा था। दूसरा चालक नफीस पुत्र अज्ञात निवासी अलवर राजस्थान ट्रक के केबिन में लेटा था। तेज रफ्तार ट्रक चालक ने तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए आगे खड़ी बस में टक्कर मार दी। हादसा होते ही चीखपुकार मच गई। ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में बस में बैठा यात्री अंगेश कुमार पुत्र हरि नारायण निवासी कुशीनगर, ट्रक का चालक शाकिर और नफ़ीस गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह एवं हाईवे की सेफ्टी टीम एम्बुलेंस व थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। अंगेश एवं शाकिर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख भेजा वहीं क्षतिग्रस्त ट्रक में फंसे क्लीनर नफीस को केबिन को काट काट कर निकाला। उसे गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। यहां उपचार के दौरान नफीस की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद बस के चालक व कंडक्टर मौके से फरार हो गए। सवारियों को अन्य वाहनों से रवाना किया गया। उधर एक्सप्रेस वे पर क्षतिग्रस्त हुए बस एवं ट्रक को क्रेन से हटाकर टोल प्लाजा पर खड़ा कराया गया।

तिर्वा संवाददाता के अनुसार इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम तुला पुरवा निवासी अनवर (54) पुत्र विजय बहादुर अपने चचेरे भाई अरुण (30) पुत्र मदन लाल यादव के साथ तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए थाना तालग्राम क्षेत्र के ग्राम धीरपुर में गया था। शनिवार देर रात दोनों बाइक से लौट रहे थे। गुरसहायगंज सूजन सराय मार्ग पर अली नगर गांव के सामने पहुंचे तभी तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक मंग टक्कर मार दी जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद अनवर को कानपुर भेजा गया लेकिन रास्ते में ही मृत्यु हो गई। पचोर चौकी इंचार्ज राजकुमार गौतम ने अनवर के शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल संजय कुमार शुक्ला ने तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

## नशे में हुडदंग व विवाद करने वालों पर होगी कार्रवाई

संवाददाता गुरसहायगंज

- शांति व सौहार्द के साथ मनाएं होली व रमजान का त्योहार

**अमृत विचार।** होली व रमजान पर शांति व सौहार्द कायम रखें। नशे की हालत में हुडदंग व विवाद करने वाले अराजकतत्वों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रविवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन सदर तहसीलदार भरत कुमार मौर्या की मौजूदगी में किया गया। कोतवाल अजय अवस्थी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में 242 स्थानों पर होलिका दहन किया जाता है। सभी लोग होली का त्योहार मिलजुल कर मनाएं। कहीं पर भी उपद्रव नहीं होना चाहिए। क्षेत्र को 10 सेक्टर में बांटा गया है। 10 स्थानों पर पुलिस चार पहिया वाहनों के साथ मौजूद रहेगी। कहीं से भी विवाद की सूचना मिलने पर दस मिनट में पुलिस पहुंचेगी। अराजकता करने व अफवाह फैलाने वालो पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसएसआई ध्यानेंद्र सिंह, दीपक चौधरी, विनोद कश्यप, दीपक कुमार, सुरेंद्र पाल सिंह, देवी चरण शाहू, राजेंद्र सिंह, राजेश रावत, राम कृपाल, पुजारी राकेश दुबे, भैयालाल दुबे, सुगम दुबे, प्रधान रामनिवास, रामराज, कप्तान सिंह, सीता देवी, सुधीर कुमार यादव आदि मौजूद रहे


कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग अमृत विचार

## बिजली बकायेदारों पर कसेगा शिकंजा

**कन्नौज।** बिजली विभाग होली के बाद बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं से विशेष अभियान चला कर वसूली करेगा। इसके लिये विभाग ने तैयारी कर ली है। पूरा बिल जमा न मिला को कनेक्शन काट दिया जायेगा।

बिजली बिल का करोड़ों रुपया उपभोक्ताओं पर बकाया है। विभाग की ओर से प्रयास और शासन स्तर से लागू की गई बिजली बिल राहत योजना का भी बकायेदारों ने लाभ नहीं लिया है। इसी के चलते विभाग को कड़ी फटकार लगी है। एक्सईएन विद्युत मगन सिंह ने बताया कि योजना समाप्त होने के बाद अब विभाग विशेष अभियान चलाने की तैयारी में जुट गया है। बकायेदारों को नोटिस थमाने के बाद विभाग संबंधित जेई, एसडीओ को बकायेदारों की सूची सौंपेगा। इसी के आधार पर विभाग के अधिकारी गांव-गांव व शहर में विशेष चेकिंग करेंगे। जिस उपभोक्ता का बिल 10,000 रुपये से अधिक होगा उसका कनेक्शन काट दिया जायेगा। कटे कनेक्शन पर स्थानीय लाइनमैन नजर रखगा। यदि उपभोक्ता बिना बिल जमा किए कनेक्शन जोड़ कर बिजली का उपयोग करता मिलेगा तो लाइनमैन इसकी सूचना संबंधित अधिकारी को देगा।

## रोटावेटर की चपेट में आने से युवक की मौत, कोहराम

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** विशुनगण थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर में रविवार को खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। भोजपुर निवासी अवनीश कुमार पुत्र भंवर सिंह गांव के ही संदीप पुत्र शिवपाल के ट्रैक्टर से अपना खेत जुतवा रहे थे। इसी दौरान अवनीश का पैर चल रहे रोटावेटर में फंस गया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता या ट्रैक्टर रोका जाता, अवनीश का पूरा शरीर रोटावेटर की ब्लेडों के बीच खिंच गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस मंजर को देखकर आसपास मौजूद लोगों की रूह कांप गई और पूरे गांव में कोहराम मच गया।


अवनीश

**बाइक हादसे में परिवार के चार सदस्य घायल: छिबरामऊ।** फर्रुखाबाद रोड स्थित काली नदी पुल पर एक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और जिसमें दंपति सहित उनके दो बच्चे घायल हो गए। जनपद फर्रुखाबाद के ग्राम सहालमपुर निवासी संजीव शाक्य पुत्र भगवान दास, अपनी पत्नी छाया, पुत्र नैतिक (05) और पुत्री शिक्षा (03) के साथ बाइक से ससुराल ग्राम सकरामपुर विशुनगढ़ जा रहे थे। काली नदी पुल के पास बाइक अनियंत्रित हो कर गड्ढे में गिर गई। हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस से उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां से डॉक्टरों ने सभी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। परिवार के सदस्यों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

## जन आरोग्य मेले में किया 115 मरीजों का निःशुल्क उपचार

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

इस स्वास्थ्य मेले में कुल 115 मरीजों का पंजीकरण किया गया। उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। मेले के दौरान विभिन्न गंभीर और सामान्य बीमारियों की जांच की गई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 11 मरीजों में मलेरिया, 9 में टाइफाइड, 14 में डायबिटीज, 6 में बलगम संबंधी समस्या, 2 में हीमोग्लोबिन की कमी और 2 में हेपेटाइटिस की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट के आधार पर इन मरीजों का तत्काल उपचार शुरू किया गया। डॉक्टरों ने मरीजों को मौसम परिवर्तन से फैलने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपाय बताए।


अमृतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक।

उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल के उपयोग और संतुलित आहार पर जोर दिया। शुगर और टाइफाइड के मरीजों को नियमित जांच तथा खानपान में सावधानी बरतने की सलाह दी गई। मेले में डॉ. गौरव वर्मा के नेतृत्व में एक टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस टीम में फार्मासिस्ट अरविंद कुमार औरलैब टेक्नीशियन पवन कुमार, सोनाली पाल तथा वार्ड ब्वॉय राकेश कुमार शामिल थे। पूरे आयोजन के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु रहीं और मरीजों को कोई असुविधा नहीं हुई।

## मां के अंतिम संस्कार में बंटवारे को लेकर दो भाई भिड़े

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- महादेवी गंगा तट पर मची अफरा तफरी, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** मां के अंतिम संस्कार में आये भाइयों में भूमि बंटवारे को लेकर मारपीट हो गई। इससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। एक भाई ने सदर कोतवाली में अपने भाई व कुछ अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हरदोई जनपद के थाना बघौली ग्राम दौलतपुर निवासी नारायण किशोर व कमल किशोर की मां की मौत हो गई थी। 23 फरवरी को दोनों भाई सगे संबंधियों व रिस्तेदारों के साथ मेहदी घाट गंगा तट पर शव लेकर अंतिम संस्कार को आये। इसी दौरान जमीन के बंटवारे को लेकर कहासुनी होने लगी। इसके बाद मामला गालीगलौज और मारपीट पर आ गया। एक भाई ने दूसरे को पीट दिया। अंतिम संस्कार में आये लोगों ने समझाकर शांत कराया। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के बाद दोनों भाई सगे संबंधियों के साथ घर चले गये।

इसके बाद कोतवाली पहुंचे नारायण किशोर पुत्र मेवा राम ने मारपीट करने के मामले में सदर कोतवाली में अपने भाई कमल किशोर, मौहद्दीपुर निवासी छोटू पुत्र रामजस, पिपरी हरदोई निवासी अतुल पुत्र भोला नाथ व चंदू पुत्र गंगा राम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि वह अपनी मां का अंतिम संस्कार कर रहा था उसी समय उक्त लोगों ने लाठी डंडों से उसकी पिटाई की। जांच की जा रही है।

## शांतिपूर्ण व सौहार्द से मनाएं होली का त्योहार : एएसपी

संवाददाता कायमगंज

- कोतवाली में आयोजित हुई शांति कमेटी की बैठक

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली परिसर में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी होली और ईद त्योहारों को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई।


कायमगंज कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद एएसपी अरुण कुमार सिंह।

अपर पुलिस अधीक्षक ने होलिका दहन स्थलों पर बिजली के लटकते तारों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि अग्नि दुर्घटना न हो और बिजली आपूर्ति बाधित न हो। इस पर व्यापारियों ने बताया कि श्यामागेट की सबसे बड़ी होली के दौरान विभाग द्वारा तार हटाए जाते हैं। प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने शहर की हालिया घटना का हवाला देते हुए व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाने और निजी चौकीदार रखने की अपील की। व्यापारी नेताओं ने त्योहारों के मद्देनजर शहर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और गश्त बढ़ाने की मांग की, ताकि जाम की समस्या से निजात मिल सके। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि पुलिस बल की कुछ कमी है, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली और ईद प्यार और मोहब्बत के त्योहार हैं, इन्हें मिलजुल कर मनाना चाहिए।

## नवजात का हाल जानने लोहिया पहुंचे सीएमओ

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को सरसों के खेत में एक नवजात बालिका का हाल-चाल लेने मुख्य चिकित्साधिकारी अवनीन्द्र कुमार रविवार को लोहिया अस्पताल पहुंचे।

मालूम हो कि राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव राई निवासी सिद्धार्थ को शनिवार दोपहर सरसों की फसल के बीच उन्हें यह नवजात बच्ची मिली थी। उन्होंने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात को लोहिया अस्पताल के एसएनसीयू ले आई। यहां बच्ची को भर्ती कर उसका उपचार शुरू किया गया। उन्होंने उसकी उम्र छह से सात महीने के बीच बताई। भर्ती के बाद से नवजात की हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ था। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि नवजात का उपचार जारी है।

## महाप्रभु चैतन्य देव गौर हरी जयंती हरिनाम संकीर्तन यात्रा निकाली

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर महाप्रभु चैतन्य देव कलयुग में श्री राधा-कृष्ण के अवतार के रूप में प्राकट्य उत्सव मनाया जाता है। इस रंग यात्रा हरिनाम-यात्रा का विशेष धार्मिक कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरेहरे हरे राम हरे राम राम राम राम हरे हरे की धुन पर निकाली गयी।

चिन्मय गोस्वामी ने बताया कि इस कलयुग में महा अवतार प्रभु चैतन्य देव ने प्रत्येक प्राणी जीव के कल्याण मंगल जीवन के लिए हरी नाम संकीर्तन श्रेष्ठ साधन है। इसी उद्देश्य को लेकर श्री राधा माधव कीर्तन मंडल के लोग हरि नाम कीर्तन करते हुए सभी का मंगल कामना करते हैं। यात्रा राधा शक्ति श्याम मंदिर लोहाई रोड से आरंभ होकर चौक नेहरू रोड पर समाज सेवी संजय गर्ग ने पुष्प वर्षा आरती कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा नितगंजा स्टेट बैंक रेलवे रोड होते हुए राधा माधव मंदिर गांधी कूचा में संपन्न हुई। कार्यक्रम राम-नाम, हरि-नाम एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्तों ने संकीर्तन करते हुए भगवान का गुणगान किया तथा वातावरण भक्तिमय हो गया।


हरिनाम संकीर्तन यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

होली नाम संकीर्तन (रंग भरी यात्रा) नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पूज्य प्रभु चैतन्य देव के भक्तों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की तथा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

पहल | रंग ला रही समाजसेवी भईयन मिश्रा की पहल

## नगला धीमर से पांचाल घाट तक बनेगा गंगा किनारे तटबंध

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद विकास मंच एवं तटबंध बनाओ जनसंघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा की मेहनत आखिर रंग ला रही है। बाढ़ को काबू करने के लिए कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में गंगा नदी पर तटबंध बनाने की स्वीकृति मिल गई है और आशा है जल्द ही यह कार्य अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र में भी होगा। तटबंध के निर्माण के बाद हर वर्ष बसने और हर वर्ष उजड़ने वाले बाढ़ पीड़ितों को राहत मिलेगी।


जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा

आपको बता दें समाजसेवी भईयन मिश्रा ने सबसे पहले तटबंध निर्माण के लिए आवाज उठाई थी। समय के साथ-साथ लोग उनके साथ जुड़ते गये और तटबंध बनाने की आवाज बुलन्द होती गयी। भईयन मिश्रा ने केवल तटबंध के लिए ही नहीं बल्कि शहर के स्वर्गधाम में अव्यवस्थाओं पर लगाम लगाने के लिए संघर्ष किया, जिसमें उन्हें विजय मिली।

तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने बताया कि तटबंध बनाने का कार्य तीन चरणों में पूरा होगा। अभी यह पहला चरण है। उन्होंने कहा कि हम लोगों के द्वारा बहुत लंबे समय से इसके लिए निरंतर आंदोलन किया जा रहा है तब कहीं जाकर शासन प्रशासन तदबंध बनवाने के लिए सक्रिय हुआ है।

इस परियोजना को प्रशासन के द्वारा तीन खंडों में बांटा गया है, जिसमें से पहले खंड ढाई घाट से लेकर पांचाल घाट तक गंगा जी के दोनों किनारो पर तटबंध निर्माण 49 किलोमीटर में होगा दुर्वासा ऋषि आश्रम से लेकर ढाई घाट तक 27 किलोमीटर और दूसरी तरफ वाजिदपुर ग्राम से लेकर भैरव घाट तक 22 किलोमीटर तक तटबंध बनवाया जाना प्रस्तावित है। इस परियोजना पर कुल 495 करोड रुपए की लागत आएगी।

सिंचाई विभाग के द्वारा ढाई घाट से लेकर जनपद के आखिरी गांव जो कम्पिल की तरफ पड़ेगा ढीमर नगला वहां तक दोनों तरफ तटबंध बने इसके लिए शासन को सर्वे के लिए धनराशि की मांग की गई थी। यह धनराशि स्वीकृत हो गई है और सर्वे प्रारंभ हो गया है। बहुत जल्द इसकी भी डीपीआर बनाकर शासन को भेजी जाएगी और तीसरे चरण में पांचाल घाट से लेकर कड़हर तक तटबंध बनाए जाने के लिए परियोजना बनाई जाएगी। जनपद की सीमा में लगभग 82 किलोमीटर एक तरफ तटबंध की लंबाई होगी। उन्होंने बताया कि यह तटबंध कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के नगला धीमर से शुरू होकर पांचाल घाट तक बनाया जाएगा। इसमें कम्पिल थाना क्षेत्र के धीमर नगला, बहबलपुर, पथरामई, गंडुआ, कुआं खेड़ा वजीर आलम सहित शमशाबाद ब्लॉक के कई गांव शामिल होंगे। तटबंध के सर्वे की प्रक्रिया के लिए धनराशि भी जारी कर दी गई है। भईयन मिश्रा ने इस संबंध में कहा जब तक जिले भर में गंगा किनारे तटबंध नहीं बनता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। अभी शुरुआत हुई है और मुझे उम्मीद है यह शुरुआत अंत तक जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों फांसी पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी बालकिशन के 30 वर्षीय पुत्र अंकित ने कमरे में पंखे के सहारे पत्नी की साड़ी का फंदा लगाकर संदिग्ध परिस्थितियों मे आत्महत्या कर ली । रविवार सुबह जब काफी देर तक अंकित कमरे से बाहर नहीं निकला तो दरवाजा खोलकर देखा गया ।

अंकित का तीन वर्ष पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव कुसुमाकर निवासी रुबी के साथ विवाह हुआ था । उसकी 8 माह की पुत्री सिद्ध है । अंकित की पत्नी रूबी चार दिन पूर्व अपने मायके चली गई थी । अंकित पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके एक बहन अंशिका है । मृतक की मां रेनू ने कहा अंकित व उसकी पत्नी रूबी में आए दिन झगड़ा होता रहता था, जिससे अंकित मानसिक परेशान रहता था।

सूचना पर क्राइम इन्स्पेक्टर सुरजीत सिंह के साथ पुलिस बल ने जांच पड़ताल की। क्राइम इंचार्ज ने बताया कि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है, फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। अंकित मजदूरी करता था और शाम को काम से लौटकर आया था। खाना खाने के बाद अंकित कमरे में जाकर लेट गया। अंकित की मौत पर मां रेनू देवी व बहन अंशिका सहित सभी परिजन दहाड़े मारकर रो रहे थे। पुलिस जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के ग्राम सिरहोल में शनिवार देर रात एक विवाहिता ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 32 वर्षीय रीता देवी पत्नी सत्येंद्र कुमार ने कमरे में पंखे से रस्सी बांधकर फंदा लगा लिया। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य घर के बाहर भैंसों के बाड़े में सो रहे थे, जबकि पति सीवान बिहार में चूड़ी बनाने का काम कर रहा है। रविवार सुबह जेठ सहदेव जब भैंसों को चारा डालने के बाद घर के अंदर पहुंचे तो विवाहिता का शव फंदे पर लटका देख उनके होश उड़ गए। मृतका की शादी लगभग 12 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके दो बच्चे नैतिक और नव्या हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### परशुराम सेवा समिति ने अभिषेक शुक्ला को किया सम्मानित

**इकदिल।** परशुराम सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में सम्पन हुई। बैठक की अध्यक्षता परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने की तथा संचालन प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा ने किया। बैठक में क़स्बा निवासी प्रमुख व्यवसायी सुशील कुमार शुक्ला (किसान खाद भंडार) के पुत्र अभिषेक शुक्ला का उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के तहत लेखा परीक्षक के पद पर चयन होने पर परशुराम पट्टीका, सम्मान पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने कहा कि इकदिल के लिए यह गौरव की बात है। ऐसे युवाओं का मनोबल बढ़ाकर प्रोत्साहित करना समिति का मुख्य उद्देश्य है। बैठक में होली मिलन कार्यक्रम 8 मार्च दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से श्री एस आर एल टी कालेज इकदिल के सभागार में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ परशुराम जन्मोत्सव 20 अप्रैल को प्रकाश कोल्ड स्टोरेज इकदिल में मनाये जाने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया। इस अवसर पर संरक्षक हरि प्रकाश चौधरी, प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपालजी मिश्रा, सदस्य रवि शंकर चौधरी, जिला महामंत्री राज तिवारी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### फायरिंग करने का आरोपी दबोचा गया

**इटावा।** थाना जसवंतनगर पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले आरोपी को सराय भूपत के पास से गिरफ्तार किया। वादिनी प्रियंका रानी ने थाना जसवन्तनगर पर सूचना दी कि आशू भदौरिया अपने साथियों के साथ वादिनी की जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से आये हैं। कब्जा करने से मना करने पर विपक्षीगण द्वारा गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की नीयत से असलहा से फायर करके मौके से भाग गये। थानाध्यक्ष जसवन्तनगर कमल भाटी ने पुलिस टीम के साथ आरोपी आशू भदौरिया को गिरफ्तार कर लिया।

### अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**भरथना।** एसआई बृजनंदन सिंह ने बताया कि क्षेत्र अंतर्गत तरैया नहर पुल से नगला प्रान जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में जा रहे रहीस पाल निवासी नगला आशाराम बेटियापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के पास से अवैध शराब के 20 क्वाटर बरामद होने पर आबकारी अधिनयम के तहत कार्रवाई की गई।

### पुलिस ने की शांति भंग की कार्यवाही

**भरथना।** थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही की। एसआई इद्दू हसन ने बताया कि क्षेत्र अंतर्गत नगला जलाल गांव निवासी अजय के खिलाफ शराब पीकर आते जाते लोगों से गाली गलौज करने पर शांति भंग की कार्रवाई की गई।

### आटो ट्रक से टकराया दो लोग हुए घायल

**भरथना।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस के गोल चक्कर पर खड़े ट्रक से ऑटो टकरा गया। हादसे में ऑटो में सवार दो महिलाएं घायल हो गई, जबकि चालक समेत दो लोग बाल बाल बच गए। घायल महिलाओं को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र अंतर्गत रविवार की अल सुबह करीब 5 बजे भरथना से बिधूना की तरफ जा रहा ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में पीछे की ओर टकरा गया। हादसे में ऑटो में बैठी अनामिका 21 पुत्री संजय निवासी रठगांव बिधूना औरैया व शन्नो 22 पत्नी सिकंदर अली निवासी बिधूना औरैया घायल हो गई। हादसे के दौरान ऑटो में चालक समेत चार लोग सवार थे, चालक समेत दो लोग बाल बच गए।

# किशोर और किशोरी के शव पेड़ पर फंदे से लटके मिले

## दोनों में प्रेम प्रसंग की चर्चा, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोपियापुर और नगला भजू से लापता हुए एक किशोर और किशोरी के शव 24 घंटे बाद एक साथ पेड़ से लटके मिलने से हड़कंप मच गया। दोनों के शव नाला किनारे स्थित सुन्दर बाबा की बगिया में एक सूखे नीम के पेड़ पर लटकते मिले।

ग्राम गोपियापुर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उनका 16 वर्षीय पुत्र जो जनता इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र था, शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे घर से लापता हो गया था। उसी समय पड़ोसी गांव नगला भजू निवासी एक व्यक्ति की एक 16 वर्षीय पुत्री सलौनी भी अपने घर से गायब हो गई थी। परिजनों ने दिन-रात दोनों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार सुबह करीब 7 बजे ग्रामीण जब नाले के पास आलू की खुदाई करने पहुंचे, तो उन्होंने सुन्दर बाबा की बगिया में एक पेड़ से दो शव लटके देखे।



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व लोगों की भीड अमृत विचार

सूचना पर बकेवर थानाध्यक्ष विपिन मलिक पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियो दी। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चंद्र, सीओ भरथना रामदबन मौर्य भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को पेड़ से उतारकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद दोनों गांवों में शोक और तनाव का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी है। ग्रामीण एस पी श्रीशचंद्र ने बताया एक किशोर व किशोरी ने प्रेम प्रसंग के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है दोनो शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का सही पता लग सकेगा।

### सुघर सिंह वर्ल्ड स्कूल को मिली सीनियर सेकेंडरी की मान्यता

**इटावा।** शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करते हुए चौ० सुघर सिंह वर्ल्ड स्कूल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा सीनियर सेकेंडरी (कक्षा 12वी तक) का दर्जा प्रदान किया गया है।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार नए शैक्षणिक सत्र हेतु प्री-नर्सरी, कक्षा नौ एवं कक्षा 12 में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विद्यालय ने सीबीएसई के सभी मानकों एवं अधोसंरचना संबंधी आवश्यकताओं को पूर्ण करते हुए यह मान्यता प्राप्त की है। ग्रुप के चेयरमैन डॉ. ब्रजेश चंद्र यादव ने विद्यालय परिवार को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने कहा कि यह उपलब्धि संस्था की गुणवत्ता और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अवसर पर डॉ. अंजली यादव, डॉ. संदीप पांडेय तथा मनीष चौधरी भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।

# सड़क हादसों में चार गंभीर घायल, रेफर

संवाददताता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** क्षेत्र में रविवार को अलग-अलग स्थानों पर हुई तीन सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह सवारियां छोड़कर लौट रहे 31 वर्षीय सद्दाम पुत्र जहीर अली निवासी निलोई का बैटरी रिक्शा भीखनपुर के निकट अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में उसके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया। आसपास के लोगों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया गया। वहां पर डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज जारी है।

दूसरी घटना में तहसील के बैनामा लेखक 55 वर्षीय मनोज कुमार शनिवार शाम ग्राम कुरसेना के पास हाईवे पर दुर्घटना का शिकार हो गए। उन्हें भी गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। वहां पर उनकी गंभीर व चिंता जनक हालत को देखते हुए उन्हें सैफई पीजीआई रेफर कर दिया गया।

वहीं तीसरी दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोनई चौकी के पास हुई। मोटरसाइकिल सवार 22 वर्षीय मोहित पुत्र वीरेंद्र सिंह व 30 मोहन पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी बीसलपुर, थाना अजीतमल, जिला औरैया गुजरात से बाइक द्वारा दोनों भाई घर लौट रहे थे। दोनों भाई गुजरात में साड़ी का काम करते थे बाइक चालक मोहन को नींद की झपकी आने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके चलते दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों भाइयों को सीएचसी में भर्ती कराया। दोनों की गंभीर हालते को देखते हुए सैफई रेफर कर दिया गया।

# भरथना के विकास को लेकर विधायक राघवेंद्र गौतम ने शासन को सौंपे प्रस्ताव

संवाददताता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** क्षेत्रीय विधायक राघवेंद्र गौतम ने विधानसभा क्षेत्र भरथना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद भरथना के समग्र एवं संतुलित विकास के उद्देश्य से विभिन्न जनहितकारी प्रस्ताव शासन के उच्च अधिकारियों को सौंपे। विधायक ने इन मांगों को लेकर नगर विकास विभाग के निदेशक डॉ अनुज झा, सूडा के निदेशक अपूर्वा दुबे सहित प्रमुख सचिव नगर विकास गुरुप्रसाद से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की।

विधायक राघवेंद्र गौतम ने नगर पालिका परिषद में हर्बल एवं योगा पार्क के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। पार्क को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करते हुए डिजिटल लाइब्रेरी से सुसज्जित किए जाने के लिए विशेष बजट की मांग की गई है। उनका कहना है कि इससे नगर के नागरिकों, युवाओं एवं



सूडा की निदेशक अपूर्वा दुबे को मांग पत्र सौंपते विधायक राघवेंद्र गौतम।

वरिष्ठजनों को स्वास्थ्य, शिक्षा और सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं मलिन बस्तियों के समग्र विकास के लिए पक्की सड़कों का निर्माण, सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं के सृजन का प्रस्ताव भी दिया गया है, ताकि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंच सके। नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत्त व कार्यरत कर्मचारियों के बकाया वेतन के भुगतान के लिए राज्य वित्त आयोग से मिलने वाली धनराशि बढ़ाकर प्रति माह 1 करोड़ 60 लाख रुपये किए जाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है। इससे कर्मचारियों को समयबद्ध वेतन भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा। ग्राम सभाओं के आंशिक क्षेत्रों में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु लगभग 3 करोड़ 80 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र की 16 प्रमुख सड़कों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव भी रखा गया है, जिससे यातायात व्यवस्था सुगम हो। विधायक ने बताया कि अधिकारियों ने प्रस्तावों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। भरथना को आदर्श नगर के रूप में विकसित करने के लिए उनकी यह पहल निरंतर जारी रहेगी, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# पुलिस ने होटल में मारा छापा, 2 युवतियों समेत 8 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत आगरा कानपुर नेशनल हाईवे स्थित एक होटल में महिलाओं से छींटाकशी के बाद मामला बढ़ा और सूचना पर पहुंची पुलिस ने होटल में छापा मारकर दो युवतियों समेत आठ लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने होटल के दस्तावेज जब्त किए, कई डायरी बरामद हुईं और एक घायल युवक को जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उक्त होटल के पास कुछ युवकों ने स्थानीय महिलाओं पर छींटाकशी की। इस पर नाराज लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस और चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस आने की खबर मिलते ही होटल में मौजूद दो युवक तीसरी मंजिल से पड़ोस की छत पर कूद गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को पकड़ लिया और उनकी पिटाई कर दी। इससे मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। कूदने के कारण एक युवक



मौके पर मौजूद पुलिस व लोग। अमृत विचार

- दो युवक होटल से कूदे, एक घायल, होटल के दस्तावेज जब्त
- युवतियों को वन स्टॉप सेंटर व युवकों को थाने ले जाया गया

घायल हो गया। सूचना मिलते ही सीओ सिटी अभय नारायण राय भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान होटल मैनेजर ने अंदर से ताला बंद कर लिया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ताला खुलवाया और होटल की तलाशी ली। मौके से दो कलकत्ता मूल की युवतियां और होटल मैनेजर समेत छह युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दो अन्य युवतियां भागने में सफल रहीं। पुलिस ने होटल के सभी दस्तावेज और रजिस्टर जब्त कर लिए हैं। तलाशी के दौरान पुलिस को कई डायरी मिलीं जिनमें लड़कियों के नाम और उन्हें दी जाने वाली रकम की एंट्रियां दर्ज हैं। होटल के रजिस्टर में ठहरे युवकों की एंट्री नहीं मिली। पकड़ी गई दोनों युवतियों ने बताया कि वे आगरा घूमने और एक युवती अपने बॉय फ्रेंड से शादी करने आई थी। हिरासत में ली गई एक युवती ने कहा कि डेढ़ साल पहले इंस्टाग्राम पर इटावा के लखना क्षेत्र के युवक से उसका प्रेम प्रसंग हुआ था और वह उसी से शादी करने आई थी लेकिन युवक के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दे सकी। पुलिस को शक है कि दोनों युवतियां बचने के लिए झूठ बोल रही हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि होटल में आए दिन अवैध गतिविधियां होती हैं जिससे आसपास रहने वाले परिवार परेशान रहते हैं। पुलिस ने रात दो बजे तक स्थानीय लोगों की मदद से कार्रवाई की। युवतियों को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है जबकि युवकों को थाने ले जाया गया। सीओ सिटी अभय नारायण राय ने बताया कि मजिस्ट्रेट की मौजूदगी और फॉरेंसिक जांच के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# 159 छात्र-छात्रओं को हर माह मिलेंगे एक हजार रुपये

संवाददाता ताखा इटावा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम लंबी प्रतीक्षा के बाद रविवार को घोषित कर दिया गया। जनपद को आवंटित 186 सीटों के सापेक्ष 159 छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए। पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय समथर के 9 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर जनपद में नया कीर्तिमान स्थापित किया। जिले के किसी एक विद्यालय से अब तक इतनी संख्या में विद्यार्थियों के चयन का यह पहला अवसर बताया जा रहा है।

विद्यालय से सफल होने वाले विद्यार्थियों में स्वीटी कुमारी, मुस्कान, अर्चना, अंकित, अनिका, कन्हैया, विपिन बाबू, मंजेश एवं लवीश कुमार शामिल हैं। इन सभी छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिमाह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल दुबे ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों की टीम वर्क, विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में नियमित विषयवार शिक्षण के साथ-साथ अवकाश और त्योहारों में भी ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की गईं। प्रत्येक 15 दिन पर मॉडल पेपर के माध्यम से ओएमआर शीट पर अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि अभिभावकों से लगातार संपर्क बनाए रखा गया तथा ऑनलाइन पढ़ाई के लिए मोबाइल फोन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया, जिसमें अभिभावकों ने पूरा सहयोग दिया।

# विकसित भारत 2047 के लिये शिक्षा अनुसंधान व नवाचार पर हुई चर्चा

संवाददाता जसंवतनगर इटावा

**अमृत विचार।** चौ0 सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी (ऑटोनोमस संस्थान) के तत्वावधान में "विकसित भारत की ओर भारत का अभियान 2047 उपलब्धियां एवं चुनौतियां" विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारम्भ शनिवार को हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. जितेन्द्र कुमार शर्मा, निदेशक बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी उपस्थित रहे। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में शिक्षा, अनुसंधान एवं तकनीकी नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ताओं में डॉ.



स्मारिका का विमोचन करते अतिथिगण। अमृत विचार

जगदीश नारायण पुरवार, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी तथा डॉ. उमेश होलानी, जीवाजी यूनिवर्सिटी शामिल रहे, जिन्होंने सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक चुनौतियों पर विस्तृत विचार रखे। विशिष्ट अतिथि प्रो. राजेश कुमार द्विवेदी, सीएसजेएम यूनिवर्सिटी ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और शोध उन्मुख दृष्टिकोण को समय की आवश्यकता बताया। संस्थान के चेयरमैन डॉ. बृजेश चंद्र यादव, प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव एवं आयोजक सचिव डॉ. संदीप पाण्डेय की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) विनय कुमार पाठक, कुलपति छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन संबोधन देते हुए ऐसे अकादमिक आयोजनों को राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। सेमिनार में इटावा व कानपुर जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षाविद एवं शोधार्थियों ने सहभागिता कर शोधपत्र प्रस्तुत किए। संचालन सेमिनार संयोजक असि. प्रोफेसर ऋषिपाल सिंह ने किया।

# सरोज वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह

कार्यालय संवाददताता इटावा

- भाजपा जिला अध्यक्ष की पत्नी ने बुजुर्गों को अंगवस्त्र देकर खिलाई मिठाई

**अमृत विचार।** होली के शुभ अवसर पर श्री विष्णु हरिपुरम कॉलोनी मेहरा फाटक स्थित सरोज वृद्धाश्रम, इटावा में रहने वाले 45 वृद्धजनों महिला/पुरुष को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाओं के साथ वस्त्र वितरण किया गया। होली मिलन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की धर्मपत्नी विनीता गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि प्रीति दुबे रहीं। इन्होंने वृद्धाश्रम में के सभी बुजुर्गों को अंगवस्त्र वितरित किए।

विनीता गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि, समाज में वृद्ध ईश्वर का ही रूप होते है अतः इनकी सेवा का मौका कभी नहीं खोना चाहिए। वृद्धाश्रम की बेहतरीन व्यवस्थाएं और बुजुर्गों की देखभाल देखकर मैं बेहद प्रभावित हूं आश्रम का प्रयास प्रशंसनीय है और इस पुनीत कार्य के लिए संस्था बधाई की पात्र है। आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को सभी लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बुजुर्गों ने भी सभी को अपना आशीर्वाद दिया। वस्त्र वितरण कार्यक्रम में संस्था के सचिव रविशंकर पाण्डेय, कोषाध्यक्ष आशा दीक्षित, प्रीति दुबे, अखिलेश तिवारी सहित योग प्रशिक्षक डॉ आशीष त्रिपाठी, मैनेजर आशीष यादव, एकाउंटेंट चेतन गुप्ता, शिक्षक नेता डॉ पीयूष दीक्षित, औसान सिंह, निशी यादव, नीलम चौहान, कमला देवी, एएनएम लक्ष्मी तिवारी, अशोक चतुर्वेदी, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**राजनीति** | पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा का उदी मोड़ पर हुआ अनावरण

# पीडीए का कोई वजूद नहीं : साक्षी महाराज

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी ने कहा है कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हर ओर भाजपा दिखाई दे रही है। पीडीए तो इटावा में ही नहीं है और पूरे प्रदेश में भी नहीं है। 2027 में एक बार फिर भाजपा अपनी सरकार बनाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद नुमाइश पंडाल में आयोजित जनसभा में सांसद साक्षी महाराज ने कहा की पीडीए कहीं नहीं चल रहा है। अब सपा सुप्रीमो मंदिर की बात कर रहे हैं लेकिन इनके पिता ने हीं कार सेवकों पर गोली चलवाई थी। उन्होंने यह भी कहा कि सपा शंकराचार्य स्वामी



मंच पर मौजूद साक्षी महाराज, राजवीर सिंह व अन्य नेता। अमृत विचार

अविमुक्तेश्वरानंद का मामला उठा रही है लेकिन सपा ने ही उन्हें बनारस में गिरा गिरा कर पिटवाया था। यूजीसी की चर्चा करते हुए साक्षी महाराज ने कहा कि यूजीसी पर चिंता ना करें। यह छोटा मामला है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में मंदिर बनवा दिया, धारा 370 को कश्मीर से समाप्त कर दिया तो फिर यूजीसी का भी समाधान मोदी करेंगे।

इससे पूर्व जनसभा को संबोधित करते हुए एटा के पूर्व सांसद और स्व. कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह ने कहा कि कल्याण सिंह ने कभी भी एक जाति की राजनीति नहीं कि उन्होंने सभी वर्गों को हिस्सेदारी दिलाई और अपने उसूलों से कई समझौता नहीं किया। कल्याण सिंह ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए अपनी कुर्सी को लात मार दी। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि समाज को एकजुट करने का काम कल्याण सिंह ने किया है।

जनसभा को कन्नौज के सांसद मुकेश राजपूत, तिर्वा के विधायक कैलाश राजपूत, सदर विधायक सरिता भदोरिया, पूर्व सांसद रामशंकर कठेरिया सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, विधायक सीपी सिंह सिंह लोधी व हरिओम वर्मा सहित कई विधायक, महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, पूर्व सांसद रघुराज सिंह, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत मौजूद रहे।

# प्रदर्शनी : बच्चों ने माडल के जरिये दिखाई अपनी वैज्ञानिक सोच

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में इटावा विज्ञान क्लब द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय शर्मा प्रधानाचार्य एसडी इंटर कॉलेज उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि गुफरान अहमद प्रधानाचार्य इस्लामिया कॉलेज, डा. उमेश यादव प्रधानाचार्य चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, पवन प्रताप प्रबंधक एच एन इंटर कॉलेज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डा. मुकेश यादव जिला समन्वयक इटावा विज्ञान क्लब की विशेष भूमिका रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन डॉ. कैलाश चन्द्र यादव एवं प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर के



बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को देखते अतिथि। अमृत विचार

- पान कुंवर स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ आयोजन

साथ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। तत्पश्चात वैज्ञानिक सी वी रमन को श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान गैलरी, पेंटिंग प्रतियोगिता, विज्ञान क्विज, विज्ञान मॉडल एवं वैज्ञानिक परियोजनाओं की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त सर सी. वी. रमन पर निबंध लेखन, वाद-विवाद एवं विचार-चर्चा का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार, 2 मार्च 2026



## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने खोया स्मार्ट फोन खोजकर सौंपा

**बेला।** थाना अछलदा क्षेत्र के गांव गणेश का अड्डा निवासी बॉबी पुत्र मन्नीलाल ने रविवार को पुलिस को सूचना दी कि वीवो कंपनी का फोन कहीं गिर गया है। बेला थाना पुलिस के कस्बा इंचार्ज ब्रज भूषण तिवारी फोर्स के साथ फोन खोजने में लग गए। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से पता किया तो एक महिला के पास फोन होने की बात सामने आयी पुलिस ने महिला से बात की तो पता चला की फोन सड़क पर पड़ा मिला था। पुलिस ने फोन बरामद कर युवक को सौंप दिया।

### पीस कमेटी की बैठक

**फफूंद।** थाना परिसर में होली पर्व को लेकर थाना प्रभारी के साथ नगर के जनप्रतिनिधि और पत्रकारों के समक्ष पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें होली पर्व की रूपरेखा पर चर्चा की गई और होली पर्व को लेकर बारी-बारी से जानकारी लेते हुए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली पर्व पर होलिका दहन स्थल पर पुलिस फोर्स की तैनाती रखने पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही उपस्थित लोगों और नगर के जनप्रतिनिधि से होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी अजय कुमार ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहांकि सभी लोग आपसी भाई चारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाए। किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएं और न अफवाह पर ध्यान दें अगर कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दे। होली त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो इसके लिए आप लोगों का सहयोग होना चाहिए। फफूंद क्षेत्र में होने वाले होली के त्योहार के दौरान लगातार पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी एवं होली के दौरान आसमाजिकतत्वों पर पूरी तरह से लगाम कसी जाएगी। इस मौके पर इजहार अहमद, मानवेंद पोरवाल, प्रधान वसीम कुरैशी, प्रधान अनवर बख्स, सभासद अनुराग धनगर आदि लोग मौजूद रहे।

### महज ढाई हजार उपभोक्ताओं ने कराया पंजीकरण

**कालपी।** विद्युत बिल राहत योजना शनिवार को समाप्त हो गई। जिसमें उपभोक्ताओं ने ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई है महज ढाई हजार ने ही पंजीकरण कराया है। मालूम हो कि विद्युत विभाग ने बकाया वसूली के लिए दिसम्बर माह में विद्युत बिल राहत योजना शुरू की थी जिसमें पहले चरण में पंजीकरण कराने पर बिल में शत प्रतिशत छूट के साथ मूलधन में भी 25 प्रतिशत छूट का प्रावधान किया था, जिसके पंजीकरण के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा गांव-गांव शिविर लगाकर बकायेदारों का पंजीकरण शुरू किया था लेकिन उपभोक्ताओं ने विभाग की इस योजना को ज्यादा तवज्जो नहीं दी थी। उपखंड अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सचान के मुताबिक इस श्रेणी में न्यामतपुर, महेवा उसरगांव तथा कालपी बिजलीघर क्षेत्र के लगभग साढ़े 9 हजार उपभोक्ता आ रहे थे लेकिन योजना के तीन माह गुजर जाने के बाद भी महज लगभग ढाई हजार बकायेदारों ने पंजीकरण कराया है जिसके साथ ही बड़ी संख्या में बकायेदारों ने पंजीकरण कराने के बाद भी निर्धारित समय में अपनी निर्धारित राशि जमा नहीं की है। अवर अभियंता सत्यप्रकाश के मुताबिक निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के पहले तक विभाग द्वारा इसे बढ़ाए जाने के संकेत नहीं थे।



मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ व पुलिस। अमृत विचार

## खेत में पलटा ट्रैक्टर, दो लोग घायल

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के ग्राम एलपी में रविवार को एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरा, जिससे उसमें सवार दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की पहचान रोहित पाल पुत्र छक्की लाल और राहुल दिवाकर पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर अचानक संतुलन खो बैठा और सड़क किनारे खेत में पलट गया। सड़क किनारे लाखन सिंह के खेत में ट्रैक्टर गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

# अब गुम हो गई ढोल की थाप पर गूंजती फाग

विकास गुप्ता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार:** चार दशक पहले तक होली की मस्ती का अंदाज ही निराला था। सीमित साधनों में जो उल्लास और अपनापन झलकता था, वह आज गुम सा हो गया है। 20वीं सदी के 70-80 के दशक तक कस्बों और गांवों में होली से एक सप्ताह पहले ही रंग खेलने की शुरुआत हो जाती थी।

घरों में परंपरागत पकवान बनते थे। हारमोनियम, ढोलक और मजीरों की थाप पर हुरियारों की टोली फाग गाती हुई गलियों से गुजरती थी। टोली के ऊपर बरसता रंग एक अलग ही मस्ती घोल देता था। यह दौर आज के सिंथेटिक गुलाल, महंगी पिचकारियों और डीजे की धुनों से बिल्कुल अलग था। बुजुर्ग बताते हैं कि उस समय होली खेलने में भी अनुशासन होता था। जब हुरियारों की टोली शहर से निकलती, तो बचा हुआ सारा रंग उन्हीं पर उड़ेल दिया जाता था।

### होलिका दहन की तैयारी भी थी अनोखी

अछल्दा के नेविलगंज सुशील शाक्य पहले होलिका दहन स्थल की व्यवस्था के लिए कोई कमेटी बनाकर चंदा नहीं लिया जाता था। मुहल्ले के बच्चे और किशोर ही यह जिम्मेदारी उठाते थे। वे घर-घर जाकर आवाज लगाते होली के पांच कंडे दे दो, कडे नहीं तो लकड़ी दे दो, लकड़ी नहीं तो चंदा दे दो। इसी तरह लकड़ियां और सामग्री इकट्ठा कर होलिका सजाई जाती थी।



सुशील।

### प्रेम और भाईचारे का पर्व

अछल्दा के हरीगंज बाजार निवासी भोले नाथ गुप्ता बताते हैं कि उनकी पीढ़ी की होली सिर्फ रंग, पकवान और ठंडाई तक सीमित नहीं थी, बल्कि प्रेम, भाईचारे और सौहार्द से भी भरी होती थी। होली के दिन मनमुटाव पलभर में खत्म हो जाते थे। वे युवाओं से अपील करते हैं कि मोबाइल फोन छोड़कर पहले की तरह मिल-जुलकर त्योहार मनाएं। ताकि पर्व का सही आनंद मिल सके।



भोलेनाथ।



रमेश चंद्र।

### हफ्ते भर पहले ही शुरू हो जाती थी होली की धूम

अछल्दा के नहर बाजार निवासी रमेश चन्द्र शर्मा बताते हैं कि सिर्फ होली के दिन ही नहीं, बल्कि एक सप्ताह पहले से ही छुटपुट रंग डालना शुरू हो जाता था। आलू पर रंग लगाकर चलते-फिरते लोगों के कपड़ों पर टप्पे लगाए जाते थे।



मनोज पोरवाल।

### कुएं और हौज में रंग की मस्ती

अछल्दा मनोज पोरवाल के अनुसार, एक कुआं था जहां होली के दिन सुबह से दोपहर तक रंग बरसता रहता था। पास ही बनी हौज को साफ कर उसमें रंग भर दिया जाता था और वहां से गुजरने वाले राहगीरों को रंग भरे पानी में डुबकी लगवाई जाती थी। घरों में टेसू के फूलों से प्राकृतिक रंग तैयार किए जाते थे।

# बिजली के तारों की चपेट में आने से हलवाई की मौत

## ग्रामीणों ने किया हंगामा, एसडीएम के समझाने के बाद उठाने दिया शव

संवाददाता, अछल्दा/कुदरकोट

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़वाना में शनिवार देर रात 11 हजार वोल्ट की झूलती विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

जानकारी के अनुसार रवि (32) पुत्र रामसनेही, निवासी जाहरपुरा, थाना भरथना, जिला इटावा पेशे से हलवाई था और अपनी भांजी सोनी की शादी में खाना बनाने के लिए गढ़वाना गांव आया हुआ था। बारात नोएडा से आई थी और शादी की रस्में पूरी हो चुकी थीं।

बताया गया कि रात करीब चार बजे रवि शौच क्रिया के लिए खेत की ओर चला गया। काफी देर तक वापस न लौटने पर उसका भाई किशन कुमार उसे ढूंढता रहा। रविवार सुबह करीब 7 बजे खेत किनारे झूल रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था और उसकी शादी एक वर्ष पूर्व ही हुई थी। पत्नी नेहा का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में विद्युत तार लंबे समय से नीचे लटके हुए हैं। कई बार शिकायत के बावजूद विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। करीब तीन माह पूर्व भी इसी लाइन की चपेट में आकर चार गायों की मौत हो चुकी है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की लापरवाही पर आक्रोश जताया और मांग की कि जिलाधिकारी व बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचें, तभी आगे की कार्रवाई की जाएगी। कुदरकोट में हादसे के बाद मृतक की मां रामवती का रो-रोकर बुरा हाल था।



रवि।

मौके पर पहुंचे सीओ पुनीत मिश्रा और एसडीएम गरिमा सोनकिया ने उन्हें गले लगाकर सांत्वना दी और प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने किसान दुर्घटना बीमा योजना के तहत मिलने वाली 5 लाख रुपये की सहायता दिलाने की बात कही। साथ ही बिजली विभाग से भी नियमानुसार जो भी आर्थिक मदद बनती है, वह मृतक के परिजनों को दिलाई जाएगी।



परिजनों को सांत्वना देने पहुंचीं एसडीएम गरिमा सोनकिया। अमृत विचार

एसडीएम के समझाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के लिए राजी हुए और सुबह करीब 11 बजे पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कुदरकोट के गढ़वाना के ग्रामीणों ने एसडीएम गरिमा सोनकिया से कहा कि यदि गांव में शौचालय की सुविधा होती तो यह हादसा शायद नहीं होता। ग्रामीणों का कहना था कि पूरे गांव में किसी के पास शौचालय नहीं है, जिस कारण लोगों को खेतों में जाना पड़ता है और इसी दौरान झूलते तारों की चपेट में आकर यह दुर्घटना हुई। इस पर एसडीएम ने आश्वासन दिया कि गांव में सर्वे कराकर जो भी पात्र परिवार होंगे, उन्हें शासन की योजना के तहत शौचालय उपलब्ध कराए जाएंगे।

### ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों ने घेरा

- कुदरकोट में करंट की चपेट में आने की घटना के बाद बिजली विभाग की नींद खुली और अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने विभागीय कर्मियों को घेर लिया और झूलते तारों की समस्या पर कड़ी नाराजगी जताई। मौके पर पहुंचे जेई ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि झूलते तारों की समस्या के समाधान के लिए जल्द ही तीन नए पोल लगाए जाएंगे, जिससे लाइन को दुरुस्त कर सुरक्षित किया जा सके।

### झूलते तार पहले भी बने हादसे का कारण

- कुदरकोट के गढ़वाना गांव में झूल रही 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन की चपेट में आने से चार गायों की करंट लगने से मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने घटना के बाद ऑनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन आरोप है कि अब तक न तो लाइन दुरुस्त की गई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच की जिससे फिर बड़ी घटना घट गई। कुदरकोट क्षेत्र के गढ़वाना गांव में झूलते बिजली तारों का खतरा कोई नया नहीं है। बीते वर्ष मार्च 2025 में इन्हीं लटकते तारों से निकली चिंगारी के कारण करीब 10 बीघा गेहूं की फसल में आग लग गई थी। आग तेजी से फैलने लगी, लेकिन ग्रामीणों ने एकजुट होकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा ली गई, अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था। घटना के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा स्थायी समाधान नहीं किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

## निचली गंग नहर में मृत मगरमच्छ उतराता मिला, तलाश शुरू

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत निचली गंग नहर में रविवार दोपहर तुरुकपुर गांव के सामने एक मगरमच्छ बहता हुआ दिखाई दिया। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। कुछ ग्रामीणों ने पास से देखा तो वह मरा हुआ उतराता नजर आया। ग्रामीणों के अनुसार मगरमच्छ का शव काफी फूल चुका था और तेज जल प्रवाह के कारण वह दिबियापुर की दिशा में बह गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही अछल्दा वन रेंज की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के कर्मचारी ब्रज भूषण और गौरव टीम के साथ नहर किनारे पहुंचे, लेकिन तब तक मगरमच्छ पानी के तेज बहाव में आगे निकल चुका था। इस संबंध में अछल्दा वन रेंज के अधिकारी गौरव मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर भेजी गई थी, लेकिन काफी खोजबीन के बावजूद मगरमच्छ का कोई पता नहीं चल सका। उन्होंने बताया कि नहर के किनारे निगरानी रखी जा रही है और आगे भी तलाश जारी है।




शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते नगर पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

## शिविर में 27 आयुष्मान कार्ड बनाए

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** नगर पंचायत फफूंद में शनिवार को आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य कार्ड शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। पुराने सरकारी अस्पताल परिसर में लगे इस शिविर का चैयरमेन अनवर कुरैशी ने फीता काटकर उद्घाटन किया वहीं सुबह से ही महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

नगर पंचायत अध्यक्ष मो. अनवर कुरैशी की पहल और अधिशासी अधिकारी विनय कुमार पाण्डेय के कुशल संचालन में शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दोनों अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया कि लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय नागरिकों ने चेयरमैन मो. अनवर कुरैशी की जनहितैषी सोच और विकासोन्मुख कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में नगर पंचायत लगातार आमजन के हित में कार्य कर रही है।

शिविर में 27 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिससे जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत आधार मिलेगा। नगर पंचायत फफूंद की यह पहल क्षेत्र में जनसेवा और संवेदनशील प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।

# होली का त्योहार सभी प्यार और सद्भाव से मनाएं : गौरीशंकर वर्मा

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा की उपस्थिति में स्थानीय गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिसमें मौजूद लोगों ने एक दूसरे को गुलाल का तिलक लगाया और होली की शुभकामनाएं दी।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा रविवार को नगर में स्थित मिलन गेस्ट हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने मौजूद लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार सभी प्यार और सद्भाव से मनाएं। कोई ऐसा कार्य न किया जाए जिससे त्योहार का मजा किरकिरा हो जाए। त्योहार होते ही इसलिए हैं कि एक दूसरे का साथ दें और सुख दुख मिलकर बांटें। उन्होंने इस दौरान मौजूद सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी और उन्हें गुलाल का तिलक लगाया। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं देकर शांतिपूर्ण ढंग से होली का पर्व मानने की अपील की। इस मौके पर डॉ. नितिन मित्तल, पवन तोमर, रामू गुप्ता आदि मौजूद रहे।



होली मिलन समारोह को संबोधित करते सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा।

### सौहार्द के साथ मनाएं होली का पर्व

- **कालपी।** प्रेस क्लब कालपी की एक बैठक प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी के आवास पर हुई। बैठक में होली मिलन कार्यक्रम पर विचार किया गया। प्रेस क्लब की बैठक को संबोधित करते हुए क्लब के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी ने प्रेस क्लब कालपी का होली मिलन समारोह 6 मार्च को पथिक आश्रम में रखने का प्रस्ताव रखा। जिसको सर्व सम्मत से प्रेस क्लब के सभी साथियों ने इस कार्यक्रम को कराए जाने पर सहमति जताई। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी संरक्षक बृजेंद्र सिंह चौहान, हरिश्चंद्र दीक्षित, सतीश द्विवेदी, शिवनारायण प्रजापति, ज्ञानेंद्र मिश्रा, पवनदीप निषाद, मनोज पांडे, अनिल बाजपेई, रोहिणी शर्मा, विवेक निगम, देवेंद्र चतुर्वेदी, महेंद्र निगम, शिवांग शुक्ला आदि सभी पत्रकारों ने नगर वासियों से अपील की कि होली का पावन पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाएं।

## क्षेत्रीय वनाधिकारी सेवानिवृत्त

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** क्षेत्रीय वनाधिकारी संजय कुमार शनिवार को सेवानिवृत्त हो गये। रविवार को उन्हें विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा स्वागत सत्कार कर विदा किया गया। बुधवार को अपनी आयु सीमा पूरी होने के बाद सेवानिवृत्त हुए काल पीएम रेंज के रेंजर संजय कुमार यादव लगभग तीन वर्षों से इस क्षेत्र की जिम्मेदारी उठा रहे थे।

रविवार को किलाघाट स्थित विभागीय गेस्ट हाउस में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस रेंज में उनका आखिरी कार्यकाल था और यहां की तैनाती का समय कब निकल गया उन्हें खुद भी पता नहीं चला। इस दौरान उन्होंने अपने उत्तराधिकारी एवं साथ काम करने वाले विभागीय कर्मचारियों को नसीहत देते हुए कहा कि सेवा में आकर वापस घर जाना यह तो प्रक्रिया है पर विभाग तो रहता है इसलिए जिस विभाग ने उन्हें सब कुछ दिया उसके प्रति कभी भी ऐसा काम न करना जो विभागीय नियमों के विपरीत हो और जाने के बाद लोग गलत तरीके से उनका उदाहरण दे उन्होंने कहा कि उनका सेवानिवृत्त का स्थान भी ऐतिहासिक है जो उन्हें हमेशा याद रहेगा। इस दौरान मौके पर मौजूद नये क्षेत्रीय वनाधिकारी राजेन्द्र कुमार ने भी उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें क्षेत्र जैसा मिला है उससे और अच्छा करने का प्रयास करूगा। कार्यक्रम में अजीत सिंह, मन्ना सिंह, मुन्ना लाल, महेन्द्र मिश्रा, सहित सभी विभागीय कर्मचारी भी मौजूद रहे।

**राजेन्द्र कुमार होंगे क्षेत्र के नए रेंजर :** विगत तीन वर्षों से कालपी रेंज में तैनात क्षेत्रीय वनाधिकारी संजय यादव की सेवानिवृत्त तिथि पहले से ही निर्धारित थी जिसके चलते विभाग ने उनके स्थानांतरण से पहले यहां रेंजर के रूप में देवेंद्र कुमार को तैनात कर दिया गया था। हालांकि विधिवत रूप से उन्होंने 28 फरवरी को अपना कार्यभार ग्रहण किया था जिन्होंने रविवार को विदाई के साथ काम देखना शुरू कर दिया है।

**कार्यक्रम** | परशुराम सेवा समिति ने किया विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

# फागुन में ब्रज आये त्रिदेव सो राधा-कन्हाई के संग रंगे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** औरैया के गोविंद नगर मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा व श्री राम कथा का आयोजन कुलदीप कुमार दुबे व रामशरण दुबे ने किया। शनिवार को रात्रि 8 बजे कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर परशुराम सेवा समिति उप्र. औरैया संगठन के तत्वावधान में एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राम कथा प्रवक्ता आचार्य गुरुप्रसाद ने की और मुख्य अतिथि परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट व विशिष्ट अतिथि के रूप में अंकुश जी महाराज तथा परशुराम सेवा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष अंजनी बाजपेई व केके चतुर्वेदी रहे। सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत कोंच से आईं कवयित्री ऋतु चतुर्वेदी ने वाणी वाणी वंदना से सब का मन मोह लिया। एटा से आए कवि राकेश शम्स ने कई सुंदर रचनाएं पढ़ कर वाहवाही बटोरी औरैया कवि डॉ. गोविंद द्विवेदी होली पर कई छंद पढ़े, भीतर भंग सो बाहर रंग सो गोरी के अंग-प्रत्यंग रंगे है। गोपिन ग्वाल की कौन कहै पशु, कीट-पतंग -विहंग रंगे हैं। होरी चढ़ी हुरदंग मच्यौ सब एक से एक दबंग रंगे हैं। फागुन में ब्रज आये त्रिदेव सो राधा-कन्हाई के संग रंगे हैं। संचालन कर रहे शौर्य के स्वर गोपाल पाण्डेय ने कहा श्रृंगार की रस सिद्ध कवयित्री ऋतु चतुर्वेदी ने श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। इटावा से पधारे लपेटे में नेता जी शो के चर्चित कवि अवनीश त्रिपाठी ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को लोट पोट कर दिया। कवि आशीष की मरघट रचना को खूब सराहना मिली और उरई से पधारे शिवा शुक्ल ने अपनी ओजस्वी रचनाएं सुनाईं। देर रात तक चले इस कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे और काव्यानंद बरसता रहा। कार्यक्रम में संदीप अवस्थी उर्फ रानू (ठेकेदार) ने सभी मंचासीन अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में परशुराम सेवा समिति के जिला अध्यक्ष एडवोकेट पंकज अवस्थी, संरक्षक अनिल दीक्षित, प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, जयशिव मिश्रा रहे।



अतिथि को सम्मानित करते कार्यक्रम आयोजक। अमृत विचार

## हवन-पूजन के साथ किया शुभारंभ

**बिधूना।** अछल्दा मार्ग पर साहूपुर मोड़ से पहले शरद सिंह राना ब्लॉक प्रमुख अछल्दा ने बजरंग इंटरप्राइजेज का हवन पूजन के साथ मंत्रोच्चारों के बीच शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा सरकारी नौकरियों के पीछे न भागें और अपना स्वतः का रोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से मजबूत होकर आत्मनिर्भर बनें। इस अवसर पर अन्नू भदौरिया राजकीय ठेकेदार, पंकज सिंह प्रधान, राव गजेंद्र सिंह सेंगर आशीष भदौरिया इंजीनियर, शैलेंद्र सिंह भदौरिया, शिक्षक अंशू मिश्रा, रज्जन सेंगर आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व बजरंग इंटरप्राइजेज के संचालकों द्वारा ब्लाक प्रमुख डाक्टर शरद सिंह राना का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# फूलों के रंगों से खेली जाने वाली होली की परंपरा हो गई विलुप्त

मोहित चौरसिया, उरई (जालौन)

**उरई।** संवाददाता। बदलते परिवेश में पुरानी संस्कृतियां विलुप्त होने की कगार पर आ गईं हैं। आधुनिक युग में रंगों के पर्व होली को लेकर भी लोगों का उत्साह कम हो रहा है। पहले लोग विभिन्न रंगों के फूलों से रंग बनाकर होली खेलते थे, अब पेड़ों पर लगे फूल बुजुर्गों की यादों तक ही सीमित हो गए हैं। बुजुर्गों का कहना है कि फूलों के रंग में अधिक मेहनत होती है, इसलिए अब इसे कोई नहीं बनाता है, जबकि इन रंगों का आयुर्वेदिक महत्व भी होता है।

फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होली का पर्व मनाया जाता है। चैत्र मास की शुरुआत तक फसलें पूरी तरह से पक जातीं हैं। पेड़ों में फल लगने के लिए फूल लगते हैं। ऐसे में मौसम भी अधिक सुहाना हो जाता है। होली के रंग में रंगकर एक दूसरे की बुराइयों को भी भूलने की परंपरा है। दो दशक पहले होली का पर्व तीन दिन तक चलता था। पहले दिन कीचड़ से होली खेलते थे। इसके बाद अगले दिन गुलाल व रंग से खेलते थे। रंग पंचमी तक यह त्योहार मनाया जाता था। लेकिन, अब वर्तमान त्योहार एक दिन तक ही सीमित होकर रह गया है। इसमें भी पूर्व की तरह होली नहीं खेली जाती है और न ही रंग लगाए जाते हैं। होली के पर्व रस्म अदायगी तक सीमित होकर रह गया है।

### इस तरह से बनाते थे प्राकृतिक रंग

- होली के पर्व पर फूलों से रंग बनाए जाते थे। इसके लिए पर्व से कई दिन पूर्व लोग पलाश व सेमर समेत अन्य फूलों को गिराकर सूखा लेते और शाम को इन्हें पानी में भिगोकर रख देते थे। इससे सुबह के समय केसरिया रंग बनकर तैयार हो जाता था। लोग इन्हीं प्राकृतिक रंगों से होली खेलते थे। लेकिन अब बदलते परिवेश में रसायनिक रंगों का प्रयोग होने लगा है, जो शरीर व सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। संतोष कुमार पुरवार का कहना हैं कि पलाश के वृक्ष का अधिक महत्व होता है। इसके सभी हिस्से जड़, पत्ता व फूल और लकड़ी सभी उपयोगी होता है। तना का प्रयोग हवन पूजन व पत्तों का दोना पत्तल में किया जाता है। फाल्गुन मास होली पर्व पर फूलों से केसरिया रंग बनाया जाता है, जो चर्म रोग को समाप्त करता है। सुरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि होली पर्व पर एक सप्ताह पूर्व पलाश के फूलों को गिरा लिया जाता था। इन्हें सुखाने के बाद शाम को पानी में भिगोया जाता था। इससे केसरिया रंग बनाते थे।

न्यूज ब्रीफ

### सफाई कर्मचारी संघ का निर्विरोध चुनाव

**सुमेरपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की सुमेरपुर और मौदहा ब्लाक इकाई का रविवार को चुनाव हुआ। चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। सुमेरपुर में अध्यक्ष पद पर राजेंद्र कुमार, महामंत्री पद पर महेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर रमेश को निर्वाचित घोषित किया गया है। मौदहा ब्लाक अध्यक्ष पद पर बाबू प्रसाद महामंत्री पद पर भूरेलाल, कोषाध्यक्ष पद पर रामदुलारे को चुना गया है। इस मौके पर सहायक निर्वाचन अधिकारी आशाराम कुशवाहा आदि मौजूद रहे। निर्विरोध चुनाव संपन्न होने के बाद साथी कर्मचारियों ने बधाई दी।

### दलित को पीटकर किया लहुलुहान

**सुमेरपुर।** आश्रम से घर लौट रहे दलित युवक को रास्ते में रोककर दबंग ने गाली गलौज करके जमकर पीटा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दलित उत्पीड़न एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बिलहडी गांव निवासी बच्चा कोरी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह 27 फरवरी की शाम 6 :00 बजे बाकी आश्रम से लौटकर घर जा रहा था रास्ते में गांव निवासी मनोज प्रजापति मिला और गाली गलौज करके कुल्हाड़ी के डंडे से पीटकर लहुलुहान कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी खिलाफ दलित उत्पीड़न एक्ट, गाली गलौज, मारपीट की धारा में अभियोग दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी फरार हो गया है।

### बालू खदान में काम करने वाले को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के जिटकिरी डांडा गांव में संचालित बालू खदान में कुछ युवकों ने बालू खदान में काम करने वाले एक युवक को जमकर पीटा। यहां तक कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महोबा जनपद के कबरई थाना क्षेत्र के पहरा गांव निवासी कुलदीप ने बताया कि बुधवार की रात करीब 11 बजे जरिया थाना क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गांव निवासी रिंकेश और गया प्रसाद शराब के नशे में धुत होकर उसके पास आए और बेवजह उसे गालियां देने लगे। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो दोनों ने उसे जमकर पीटा। जान से मारने की धमकी दे डाली।

### युवक से 35.15 लाख रुपये की हुई ठगी

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के खुशीपुरा मोहल्ला निवासी विवेक कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद ने बताया कि उसका इलाज नशा मुक्ति केंद्र ग्वालियर से चलता रहता है। वहां मोबाइल अपने पास रखना प्रतिबंधित है। जिससे उसका फोन घर पर ही रहता है। बताया कि उसका कस्बे की सेन्ट्रल बैंक खाता खुला है। उसने अभी तक न कोई यूपीआई बनाया है और न ही उसका उपयोग किया है। बताया कि उसने अपनी बहन की शादी के लिए 35 .47 लाख रुपये जमा किये थे। उसने अपना खेत बेंचकर रुपया जमा किया था। बताया बीते 10 मार्च 25 से लेकर 9 जुलाई 25 तक साइबर ठगों द्वारा उसके खाते से यूपीआई बनाकर रुपये निकाले गए है। जिसकी जानकारी उसे नहीं हुई। 20 फरवरी 26 को उसने अपनी बहन रिमझिम के नाम चेक बैंक में लगाई तो पता चला कि बैंक के खाते में पैसे नहीं है। बताया कि साइबर ठगों द्वारा 35 .15 लाख रुपये निकाल लिया गया है। उसने साइबर वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### सौतेले भाई-बहनों पर चोरी का मुकदमा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पारा रैपुरा गांव के एक व्यक्ति ने सौतेले भाइयों, बहन, बहू के खिलाफ अदालत के आदेश पर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पारा रैपुरा निवासी श्याम बिहारी का आरोप है कि उसकी मां लच्छी की मौत 4 जनवरी 2023 में हुई थी। उस समय वह हमीरपुर में था। सूचना पाकर गांव पहुंचे तब जाकर देखा की घर में रखे जेवरात, मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र, ग्रहस्थी का सामान गांव निवासी अजय प्रकाश, अलखराम, अजय कुमार, अंजना देवी, राधा ने चोरी कर ली है। इसकी सूचना थाने के साथ पुलिस अधीक्षक को दी लेकिन मुकदमा नहीं किया गया। थक-हार कर पीड़ित न्यायालय की शरण में पहुंचा। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अजय प्रकाश, अलखराम, अजय कुमार, अर्चना देवी पीड़ित के सौतेले भाई बहन हैं जबकि राधा सौतेले भाई की पत्नी है।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ खोवा विक्रेताओं का धरना-प्रदर्शन

## खोवा विक्रेताओं ने अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार और उत्पीड़न का आरोप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के जल विहार मंच पर लगने वाली खोवा मंडी में दर्जनों खोवा विक्रेताओं ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। विक्रेताओं ने अधिकारी पर भ्रष्टाचार करने, सैंपल के नाम पर खोवा भरकर ले जाने और उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

खोवा विक्रेताओं का कहना है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैंपल भरने के बहाने उन्हें परेशान कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारी पर पैसे मांगने और पूरा खोवा जब्त करने का आरोप लगाया। विक्रेताओं ने फूड इंस्पेक्टर के उत्पीड़न से बचाने की मांग की। खोवा विक्रेता नीरज नंदा, पुरुषोत्तम और मुन्ना यादव ने बताया कि होली पर्व नजदीक आते ही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम उन्हें परेशान करने में जुट गई है। अधिकारी सैंपल के नाम पर खोवा बेचने आने वाले किसानों का पूरा खोवा उठाकर ले जाते हैं।



कोटबाजार में खाद्य विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते खोवा विक्रेता । अमृत विचार

उन्होंने अधिकारी पर भ्रष्टाचार और पैसे मांगने के गंभीर आरोप लगाए। अरमान नामक एक युवक ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने उसके खोवा का सैंपल भरा और पूरा खोवा उठाकर ले गई। अरमान को भी अपने साथ ले जाया गया, जहां उसे दो घंटे तक बैठाए रखा और 20 हजार रुपये की मांग की गई। 20 हजार रुपये न होने पर उससे जबरन 2 हजार रुपये ले लिए गए। वहीं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कस्बे में इन दिनों मिलावटी खोवा बड़ी मात्रा में आ रहा है। लोगों ने मिलावटी खोवा विक्रेताओं पर प्रशासन की कार्रवाई को सही ठहराया है। इस संबंध में क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव सिंह ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि खोवा का व्यापार करने वाले किसी भी व्यक्ति के पास लाइसेंस नहीं है। बिना लाइसेंस के व्यापार अवैध श्रेणी में आता है। उनके अनुसार जब नमूने भरने के लिए टीम जाती है तो खोवा विक्रेता स्वयं ही अपना अपना खोवा छोड़कर भाग जाते हैं।

# सूख रहा गेहूं, नहीं मिल रहा पानी

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- गेहूं की फसल की सिंचाई करने के लिए किसान खासा परेशान
- नहर के टेल तक पानी न पहुंचने से फसलें सूखने की कगार पर पहुंचीं

**अमृत विचार।** नहर की तलहटी तक पानी का संचालन न किए जाने पर किसानों की फसल सिंचाई का कार्य नहीं हो पा रहा है। किसान पानी के बढ़ने की आस लिए हुए नहर के चक्कर लगा रहे हैं। गेहूं की सिंचाई किए जाने के लिए किसान परेशान है।

मौदहा बांध से छानी ब्रांच नहर निकली हुई है। नहर से दो दर्जन के करीब माइनर निकली है। किसानों को खेती पलेवा से लेकर फसल की सिंचाई किए जाने के लिए नहर के भरोसे पर रहना पड़ता है। लेकिन किसानों को नहर से समय पर पानी नहीं मिल पाता है। किसानों को गेहूं की फसल की सिंचाई करने के लिए पानी की जरूरत है। नहर में पानी का संचालन तलहटी तक नहीं किया जा रहा है, जिस पर किसानों की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। पानी के अभाव में किसानों की फसल बर्बाद हो रही है।

किसानों को पानी के अभाव में फसल के कम पैदावार के होने की चिंता सता रही है। किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। पानी बढ़ने की आस लिए हुए किसान नहर के दिन रात चक्कर लगा रहे हैं। भाकियू के मंडल सचिव महेश तिवारी, हुनर सिंह यादव, उमाकांत मिश्रा, पिंटू भदौरिया, सरवर खान, राजू पांडेय सहित एक दर्जन किसानों के सिंचाई विभाग के डाक बंगला में एसडीओ साकेत कुमार चतुर्वेदी, जेई विनय कुमार से पानी को पूरी क्षमता के साथ संचालन किए जाने की मांग की है। मौदहा बांध के एसडीओ रामफल ने बताया कि नहर में घास बढ़ गई है, जिसकी वजह से पानी प्रेशर के साथ आगे नहीं बढ़ पा रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों, जेसीबी से सफाई करवाई गई है परंतु घास पूरी तरह से खत्म नहीं हो पा रही है।



पंप कैनाल के चक्कर काटते किसान। अमृत विचार

# युवती घर से लापता नकदी-गहने गायब

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- भाई ने थाने में तहरीर देकर बहन के अपहरण का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़िता के भाई ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर अपनी नाबालिग बहन के अपहरण और घर से कीमती सामान चोरी होने का आरोप लगाया है।

भाई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। 26 फरवरी को वह काम पर गया था। पिता भी बाहर गए थे। घर पर पत्नी और मां मौजूद थीं। दोपहर करीब 3 बजे उसकी नाबालिग बहन घर से अचानक लापता हो गई। घर से 9000 नकद और सोने-चांदी के जेवर भी गायब हैं। पीड़ित ने बताया कि खोजबीन के बाद उसे जानकारी मिली कि महोबा जिले के पचपहरा निवासी अजीत कुमार पुत्र राजा उसकी बहन को डरा-धमका कर अपने साथ ले गया है। जब उसने अजीत के परिजनों से संपर्क किया, तो अजीत के चाचा छोटे और चचेरे भाई धर्मेंद्र ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। आरोपियों ने धमकाया कि बहन उनके पास है, लेकिन मिलने नहीं दे रहे हैं। भाई ने आशंका जताई है कि आरोपियों उसकी बहन के साथ अनहोनी कर सकते हैं। परिवार ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।

# सड़क पर उतरे एडीएम और एएसपी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** होली पर्व को लेकर अपर जिलाधिकारी (वित्त राजस्व)राकेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता रविवार को पुलिस बल के साथ सड़क पर उतरे और लोगों को शांति के साथ सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान एडीएम व एएसपी ने सभी को होली का पर्व मिलजुल कर मनाने की अपील की।

कोतवाली से पैदल गस्त की शुरुआत हुई। इसके बाद रानी गेट पड़ाव, कोट बाजार, बड़े मंदिर, प्रतीम चौराहे, उरई बस स्टैंड, अंबेडकर चौराहे, बजरिया, रामलीला मैदान से होते हुए कोतवाली पहुंचे। पैदल गस्त के दौरान पीछे पीछे अधिकारियों की गाड़ियां हूटर बजाकर चल रही थी।

इस दौरान एडीएम राकेश कुमार ने कहा कि पुलिस जनता के साथ है। कोई भी घटना दुर्घटना हो तत्काल कोतवाली में सूचित करें।



राठ कस्बे में पैदल गशत करते एडीएम व एएसपी। अमृत विचार

इस मौके पर एसडीएम अभिमन्यु कुमार, सीओ राजीव प्रताप सिंह, कोतवाल राकेश सिंह सहित भारी पुलिस बल रहा।

### 15 लीटर कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**हमीरपुर।** होली त्योहार के मद्देनजर रविवार की शाम जलालपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कबूतरा डेरा के पास दबिश देकर एक महिला को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। महेश्वरी माता मंदिर मार्ग पर महिला प्लास्टिक की पीपिया में शराब लिए बेचने जा रही थी। पिपिया में 15 लीटर तीव्र गंध वाली महुआ की कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में महिला ने अपना नाम रमा देवी पत्नी सुरेंद्र निवासी कबूतरा डेरा बताया। महिला ने बताया कि वह त्योहार के खर्च के लिए शराब बेच रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

# बाइक सवार युवक को रोककर मारपीट, जांच

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- तहरीर के आधार पर चार युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार।** मझगवां थाना क्षेत्र के जराखर अटगांव के बीच में दबंग युवकों ने एक युवक को रास्ते में रोककर मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

ग्राम सरगांव निवासी प्रदीप सिंह पुत्र उदयभान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 फरवरी की शाम करीब 5 बजे वह जराखर से अपने गांव सरगांव मोटरसाइकिल से लौट रहा था। आरोप है कि जराखर और अटगांव के बीच स्थित पुलिया के पास पहले से बैठे शिवा सिंह पुत्र इन्द्रपाल सिंह, अजीत पुत्र अजय पाल, हेमेन्द्र पुत्र डालचन्द्र निवासी अटगांव थाना मझगवां तथा अंकुश पुत्र अज्ञात निवासी अमरपुरा थाना चिकासी ने उसकी बाइक रोक ली। पीड़ित के अनुसार बिना किसी कारण के आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना में प्रदीप सिंह को कई चोटें आई हैं। पीड़ित ने स्वयं को डरा-सहमा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में नामजद चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

### मजदूर के सूने घर से जेवरात चोरी

**राठ।** कोतवाली के बहगांव निवासी मजदूर परिवार सहित दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। घर का ताला लगा हुआ था। बीती रात चोरों ने घर का ताला तोड़ लाखों के जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

रामचंद्र पुत्र मूलचंद्र ने बताया कि वह परिवार सहित दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। उसके माता पिता गाँव के दूसरे मकान में रहते हैं। बीती 19 फरवरी की सुबह जब वह दिल्ली से वापस अपने घर लौटा तो घर का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और बक्से के ताले टूटे पड़े थे। पीड़ित ने बताया चोरों ने घर से चांदी की हाफ पेटी, कमरबंद, गुच्छा, बेंदी, सोने की 04 चूड़ियां, 03 मंगलसूत्र, 02 बड़ी झुमकी, अंगूठी और चांदी के बर्तन कटोरी, चम्मच सहित करीब 5,000 रुपये की नकदी चोरी कर ली थी।



शिविर में मरीजों की जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

# स्वास्थ्य शिविर में डेढ़ सौ मरीजों की हुई जांच

**मौदहा।** कस्बे में लगे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लगभग डेढ़ सैकड़ा से अधिक मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा वितरण की गई।

कस्बे के उपरौस मैदान में रविवार सुबह आयुष्मान न्यूरोलाजी एण्ड किडनी हास्पिटल बांदा की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डा. एस. त्रिपाठी यूरोलाजिस्ट एण्ड सर्जन और डा.प्रिया दीक्षित जनरल फिजीशियन ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर निशुल्क दवा वितरण किया इस दौरान लगभग डेढ सौ लोगों की जांच कर दवाएं दी गई इस दौरान डा.एस. त्रिपाठी ने बताया कि उनकी हास्पिटल की ओर से अक्सर ऐसे आयोजन किए जाते हैं जिससे आमजन और गरीब लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

### दरोगा ने ड्यूटी के दौरान बनाई रील

**सुमेरपुर।** थाने में तैनात एक दरोगा ड्यूटी के दौरान बाग में एक महिला के साथ रील बनाते हुए नजर आया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया में महिला की आईडी से वायरल किया गया है। वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

थाने में एस आई संजय राय की तैनाती है। यह कस्बे में बांकी मार्ग आदि क्षेत्र को देखते हैं। रविवार को ड्यूटी के दौरान यह कस्बे के एक बाग में जाकर वीडियो बनाते हुए नजर आए। वीडियो को कस्बे की एक महिला की आईडी से वायरल किया गया है, जिस पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। अफसरों को अवगत करा दिया गया है। एसआई संजय राय ने बताया कि यह वीडियो धर्मेश्वर बाबा मुहाल के एक बाग का है। वीडियो वायरल करने वाले की जानकारी नहीं है।



सायर उपरी गांव में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# भंडारे के साथ भागवत कथा का समापन

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- सायर उपरी गांव में प्रसाद खाने के लिए कई गांवों के लोग जुटे

**अमृत विचार।** सायर उपरी गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को विधि-विधान से विश्राम हो गया। विश्राम अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन से पूर्व शुक्रवार सुबह हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इसके बाद दोपहर में विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे की शुरुआत क्षेत्र व आसपास स्थित मंदिरों के पुजारियों, संत-महात्माओं तथा गांव की कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर की गई। इसके उपरांत उन्हें दक्षिणा भी प्रदान की गई। वही भण्डारे में सायर,उपरी, पाटनपुर, रोहारी, करगांव, बिहूनी , कम्हरिया आदि गांवों के ग्रामीणों ने भण्डारे का प्रसाद चखा। इस मौके पर अनुरुद्ध सिंह राजबहादुर, छोटेलाल, नीरज कुमार, सुरेश सिंह सहित मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव

विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

# बच्चों ने खेलकूद के साथ दिखाया हुनर का कमाल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर स्थित गौरा सिटी मांटेसरी व मां गौरा महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव हुआ। छात्रा वैष्णवी के ग्रुप ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की स्वागत गीत सुरक्षा व वेदांशी की टीम ने अतिथियों का स्वागत किया।

खेल-कूद व कलात्मक कार्यक्रम में यशस्वी आर्य, युवराज, अंशिका, इनायत, समीर, कृष्णा, वाशु ने दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम प्राप्त किया। लॉन्ग जम्प में योगेंद्र, आर्यन, सेजल, अंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लेमन रेस अध्या व चेयर रेस में ऋषि व रिया ने बाजी मारी। चार्ट प्रतियोगिता में अलीना, मानसी द्विवेदी, इमरान, मरियम, कृष्णा द्विवेदी प्रथम रहे। सुंदर लेखन में मो उमैर प्रथम, पुष्प राज द्वितीय योगेंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मां गौरा महाविद्यालय की मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली 11 छात्राओं में स्नेहा प्रथम, सदफ खान द्वितीय व दिव्यांशी श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान पाया। निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा नौ ने लिया। इसमें अंशिका यादव, अंजलि, अल्फिया खातून स्थान प्राप्त किया।




वार्षिकोत्सव में अपनी-अपनी मां के साथ चहके बच्चे। अमृत विचार




वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

रंगोली प्रतियोगिता में सलोनी की टीम ने प्रथम, साईमा की टीम ने दूसरा व तीसरा स्थान अलीना की टीम ने स्थान पाया। डांस कंपटीशन में अविष्का, तान्या, निशा तथा अरू त्रिपाठी, तान्या व तेजस्वी ने चार चांद लगाए। प्रतियोगिताओं को कराने में सर्वेश, शुभम दक्ष, दयाराम, आशीष चक्रवर्ती, शिखा द्विवेदी, महलका जफर, दीप्ती शर्मा, रूमाना खातून, प्रेरणा पाल, खुशबू, मीनाक्षी देवी, शारदा देवी, फरहीन खान का विशेष योगदान रहा। प्रबंधिका रंजना पांडेय व सदर कोतवाल पवन कुमार पटेल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संस्था डायरेक्ट अर्पण पांडेय ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन अनवर खान ने किया। मां गौरा महाविद्यालय में वर्ष 2025 में आयोजित विश्वविद्यालय परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले सदफ खान 9.52, प्राशी 8.76, मुस्कान श्रीवास 8.29, नीलम 8.19, तान्या अग्रवाल 7.66 एवं सोमनी यादव ने 7.45 ग्रेड पाकर नाम रोशन करने पर प्राचार्य डॉ एसके पांडेय ने सम्मानित किया।

# स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता, तलाश

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जलालपुर थाना क्षेत्र के बंगरा गांव से स्कूल जाने की बात कह कर घर से निकली 17 वर्षीय एक छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों के चलते गायब हो गई। पुत्री के लापता होने के बाद उसके पिता ने जलालपुर थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराते हुए पुत्री को खोजने की गुहार लगाई है।

जलालपुर थाना क्षेत्र के बंगरा गांव के निवासी व्यक्ति ने जलालपुर थाने में मुकदमा दर्ज करते हुए बताया कि शुक्रवार की सुबह उसकी 17 वर्षीय पुत्री स्कूल जाने की बात कह कर घर से निकल गई थी लेकिन जब शाम करीब 4:00 बजे तक वह वापस नहीं लौटी तो उसने अपनी पुत्री की सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन शुरू कर दी लेकिन उसकी पुत्री का कहीं पर भी पता नहीं चल सका। बताया कि इसके बाद उसने जलालपुर थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराते हुए पुत्री को खोजने की गुहार लगाई है। मामले में जलालपुर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। छात्रा की तलाश कराई जा रही है।

### पांच साल के बच्चे के साथ महिला लापता

**कुरारा।** कस्बा के शिवकुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे पत्नी पुष्पा 5 वर्ष के बच्चे के साथ लापता हो गई है। घर के साथ मोहल्ले में आसपास व रिश्तेदारी में खोजबीन की। लेकिन कहीं जानकारी नहीं मिली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर महिला व बच्चे की तलाश शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### मंत्रोच्चारण के साथ हुई प्राण प्रतिष्ठा

**महोबा।** मंत्रोच्चारण और हवन पूजन के साथ ग्राम पंचायत पहरा के मंदिर में राम जानकी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इस मौके पर भक्तों की भारी भीड़ मौजूद रही। इससे पूर्व गांव में रथयात्रा निकाली गई, जिसका जगह जगह स्वागत किया। यह यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरी। गांव में भ्रमण दौरान राम भक्तों ने यात्रा का स्वागत किया। ग्रामीणों ने अपने द्वार पर फूल मालाओं और आरती के थालों से भगवान का अभिनंदन किया। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम काशी से आए पुजारियों ने मंत्रोच्चारण और हवन पूजन के साथ विधि विधान से कार्यक्रम पूर्ण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक जगदीश सिंह शोभा सिंह, रामपाल सिंह, चतुर सिंह, यज्ञराम द्विवेदी, गोकुल महाराज सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### तीन पुलिस कर्मियों की सेवानिवृत्ति पर विदाई

**महोबा।** उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले तीन पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई के लिए पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षताम में पुलिस लाइन सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुष्पगुच्छ, मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त होने वाले उपनिरीक्षक तेज सिंह, मुख्य आरक्षी देव सिंह और आरक्षी चालक प्रभाकांत शुक्ल को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और पुलिस सेवा में रहते हुये उनके किए गए सराहनीय कार्यों को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी। विदाई समारोह के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय तेज प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी अपराध एवं साइबर गौरव उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार के अलावा पुलिस विभाग के तमाम लोग मौजूद रहे।

# महोबा में 400 स्थानों पर जलेगी होली

## होलिका दहन की तैयारियां पूरी, दहन स्थलों पर झाड़-फन्नूस और लकड़ी के ढेर लगे

कार्यालय संवाददाता, महोबा


होलिका दहन स्थल पर एकत्र की गई लकड़ी। अमृत विचार

- होलिका दहन को लेकर युवाओं में दिख रहा खास उत्साह

**अमृत विचार।** 2 मार्च को होली पर्व पर जिले में 400 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। होली पर्व को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है और होलिका दहन की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। युवा लकड़ी, झाड़ फन्नूस एकत्र कर रहे हैं।

शहर में भी होलिका दहन को लेकर उत्साही युवाओं ने लकड़ी व अन्य सामग्री एकत्र करने का लगभग पूरा कर लिया गया है। जिले के गांव गांव में होलिका दहन किए जाने से ग्रामीण इन दिनों लकड़ी के मोटे मोटे डूढे, बांस, बल्ली, कांटेदार झांकर एकत्र करने में जुटे हुए हैं, जिसको लेकर युवाओं में खासी दिलचस्पी दिखाई दे रही है। होलिका दहन के मौके पर जिले में जगह जगह और होलिका दहन स्थलों पर पुलिस की ड्यूटी रहेगी।

शहर के हवेली दरवाजा, बड़ी हाट, समदनगर, भटीपुरा, शेखूनगर, शुक्लानापुरा, भीतरकोट, सत्तीपुरा, बंधानवार्ड, माथुरनपुरा, राठ रोड सहित लगभग पचास से अधिक स्थानों पर होलिका दहन की जाती है, जिसके लिए होली समितियों ने होलिका दहन के लिए लकड़ी, बांस बल्ली व झाड़ फन्नूस की व्यवस्था की जा चुकी है। वहीं कुछ जगहों पर युवाओं की टोली की टोली अलग अलग मार्गों पर जाकर होलिका दहन के लिए अभी भी लकड़ी लेकर आ रहे हैं, जिससे होलिका दहन बेहतर तरीके से हो सके। होली त्योहार को लेकर युवाओं के साथ साथ बच्चों में भी खासा उत्साह दिखाई दे रहा है, चारो तरफ होली पर्व की तैयारियों में लोग जुटे हुए हैं।

रंगों का त्योहार होली पर्व आपसी भाईचारे के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर मनाया जाता है। यह त्योहार बुराईयों को होलिका में दहन करने का है। त्योहार की तैयारियां शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी जोर शोर से चल रही है। होली त्योहार के मद्देनजर लोग घरों की साफ सफाई का कार्य लगभग पूरा कर चुके हैं। महिलाएं भी होली त्योहार पर तरह तरह के व्यंजन बनाने का प्लान तैयार कर चुकी हैं। शहर के अलावा कुलपहाड़, पनवाड़ी, भरवारा, श्रीनगर, बेलाताल, अजनर, सारंगपुरा, अलीपुरा, बरीपुरा, रिवई, सुगिरा, कालीपहाड़ी, गंज, उटियां, धरौन सहित तमाम गांवों में होलिका दहन की तैयारियां तेज हो रही है।

# किराना दुकान की चादर काटकर गुटखा-सिगरेट और नकदी चोरी

कार्यालय संवाददाता, महोबा


दुकान का मुआयना करता पुलिस कर्मी और खड़े लोग। अमृत विचार

- पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार।** श्रीनगर के बस स्टैंड स्थित किराना की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरो ने लोहे की चादर को काटकर दुकान में रखे गुटखे सिगरेट आदि सामान और करीब बीस हजार रुपये नगदी चोरी कर भाग गए। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो चोरी का खुलासा हुआ। ताज्जुब की बात यह है दुकान थाने से चंद दूरी पर थी, बावजूद इसके चोरो इस घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी का खुलासा कराए जाने की मांग की है।

कस्बे के मोहल्ला दाऊपुरा निवासी संतोष गुप्ता बस स्टैंड और थाने के करीब एक लोहे की दुकान पर किराने का सामान रखकर अपने परिवजनों का भरण पोषण करता है। दुकानदार ने बताया कि बीती रात जब वह दुकान बंद करके वापस घर आया तभी अज्ञात चोरो ने उसकी दुकान की चादर को काटकर उसमें प्रवेश किया और उसमें रखे गुटका, सिगरेट आदि किराना का लगभग 70 हजार रुपये का सामान के अलावा बीस हजार रुपये नगद चोरी कर मौके से फरार हो गए। सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो दुकान कटी देख उसके होश उड़ गए।

बताया कि उसने दुकान का ताला खोला तो अंदर से सामान और नगदी गायब मिली। पीडित ने थाने पहुंचकर घटना के संबन्ध में तहरीर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों व दुकानदारों से जानकारी हासिल की। थाने से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने से कस्बा वासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। थाना अध्यक्ष जयचंद सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द खुलासा होगा।

# 10 क्विंटल लहन नष्ट, 34 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, महोबा


पुलिस की हिरासत में बैठे अभियुक्त और बरामद अवैध शराब। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने आगामी त्योहारों को सकुशल और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य 15 फरवरी से 6 मार्च तक जिला पुलिस को विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए। अभियान तहत अभी तक पुलिस टीमों ने अपने अपने क्षेत्रों से अवैध शराब की बरामदगी, तीन दर्जन के करीब अभियोग पंजीकृत और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ साथ 10 कुंतल लहन को नष्ट करने की कारवाई की गई है।

एसपी के निर्देश पर अवैध, जहरीली शराब के निष्कर्षण, भंडारण, विक्रय, परिवहन व सेवन की रोकथाम के लिए 6 मार्च तक चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत जिला पुलिस ने अपने कार्य को अंजाम देते हुए पुलिस टीमों ने 34 अभियोग पंजीकृत करते हुए 34 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 725.6 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है साथ ही लगभग 10 कुंतल लहन नष्ट किया गया है। बरामदगी एवं नष्ट की गई सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 188201 रुपये आंकी गई है। एसपी ने कहा कि अवैध एवं जहरीली शराब के निर्माण व बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाएगा। जनपद में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि अवैध शराब संबन्धी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# बाजारों में सज गईं रंगों की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- बच्चों को खूब भा रही गन वाली पिचकारी और मुखौटे
- 25 रुपये से लेकर 400 रुपये कीमत की पिचकारियां


बाजार में पिचकारियों और रंगो से सजी दुकान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली पर्व को लेकर बाजार रंग अबीर और एक से एक कीमती पिचकारियों से सज गया है। इतना ही नही तमाम दुकानदारों ने रंग और पिचकारी बेचने के लिए अपनी दुकानों के आगे रंगों की दुकाने सजा ली है, बाजार मे रंग बिरंगी पिचकारियों के अलावा गन वाली पिचकारी बच्चों को खूब रास आ रही है। 25 रुपये से लेकर 400 रुपये तक की पिचाकारियां बाजार में बिक रही है।

होली पर्व को लेकर बाजार में दुकानदारों ने तरह तरह की नए लुक में पिचकारियां मंगा ली है। अबीर गुलाल और रंगों से दुकाने पटी पड़ी है, दुकानों में लटक रही पिचकारियां बच्चों को खूब भा रही है। रंगों के अलावा रंगीन स्प्रे और गुलाल भी लोग खूब खरीद रहे है। होली त्योहार पर रंगों से बाजार में दुकाने सजा दी गई है, युवाओं और बच्चों में इस पर्व के प्रति खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

होली त्योहार आने से पहले ही मित्र और परिवार के लोग होली मनाने के लिए खासे उत्सुक दिखाई दे रहे है। माता पिता बच्चों के साथ बाजार जाकर उन्हे उनकी पसंद की पिचकारियां दिला रहे है। इतना ही नही परिजन स्वयं बच्चों को रंग और गुलाल खरीद रहे है। बच्चे मुहल्ले और पड़ोस की दुकानों से अबीर खरीद कर रविवार को ही एक दूसरे को लगाते दिखाई दिए।

### मिलावटी खोवा की बिक्री बढ़ी, चेकिंग

- होली त्योहार को लेकर खाद्य विभाग भी सक्रिय हो गया। मिलावटी खोवा पर रोक लगाने के लिए खाद्य विभाग ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। तमाम दुकानदार चेकिंग के डर से इधर-उधर खिसक गए। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने जगह जगह खोवा और मिठाईयों की दुकानों पर चेकिंग की।

# रैली के जरिए जल संरक्षण का संदेश

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- गोष्ठी में संगठन के अध्यक्ष ने जीवन में जल का बताया महत्व
- सुगिरा ग्राम पंचायत में युवक मंगल दल ने चलाया अभियान



बैनर के साथ खड़े दल के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में युवक महिला मंगल दल के लोगों ने ग्राम पंचायत सुगिरा में जल संरक्षण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को जीवन में जल के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही गांव में स्लोगन लिखे बैनर लेकर के रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

तहसील कुलपहाड़ के सुगिरा गांव में मंगल दल ने जल संरक्षण रैली निकाली, जो गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी। रैली में दल के लोग हाथों में बैनर लिए चल रहे थे साथ ही जल है तो कल है, पानी की बूंद बूंद से जीवन बचाओ, जो न जागा जल के लिए वो न बचेगा कल के लिए जैसे नारों से ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली के बाद गांव में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें दल के लोगों ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला

दल के अध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि ग्रामीणों को जल के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूक होना चाहिए। कहा कि जल जहां है, वहीं जीवन भी है, जल संरक्षण जरूरत भी है और कर्तव्य भी। स्वयं जल संरक्षण करें और लोगों को भी जल संरक्षण करने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर रुद्र बाजपेयी, पुष्पेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, रोहित सिंह, विक्रम प्रजापति, शरद महाराज, वंश अग्रवाल, बॉबी श्रीवास, आरबी यादव आदि युवा उपस्थित रहे।

# 3332 परीक्षार्थियों ने अब तक छोड़ी परीक्षा

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शांतिपूर्ण और नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए 1005 कक्ष निरीक्षक तैनात किए गए
- पहले दिन हिन्दी प्रश्न पत्र की परीक्षा में सबसे ज्यादा 929 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में अब तक 3332 परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षा छोड़ दी हैं। अब होली के बाद बोर्ड परीक्षा संपन्न कराई जाएंगी। जिले में बोर्ड परीक्षाएं संचालित कराने के लिए बनाए गए 29 परीक्षा केंद्रों में नकलविहीन परीक्षा चलने से तैयारी न करने वाले परीक्षार्थियों ने पहले दिन से ही परीक्षाएं छोड़ना शुरू कर दिया था। पहले दिन हिन्दी प्रश्न पत्र में सबसे ज्यादा 929 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के दूसरे दिन 19 फरवरी को 169, 20 फरवरी को 350, 21 को 144 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 22 फरवरी को रविवार को अवकाश होने के कारण कोई परीक्षा नहीं हुई। 23 फरवरी को 667, 24 को 78, 25 को 220, 26 फरवरी को कोई पेपर नहीं हुआ, 27 फरवरी को 517 और 28 फरवरी को 258 परक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। कुल मिलाकर सीसीटीवी कैमरो की निगरानी में परीक्षा चलती देख परीक्षार्थी पहले दिन से ही सहमे दिखाई दिए। नकलविहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिले के 29 परीक्षा केंद्रों में परीक्षाओं में बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग के 1005 कक्ष निरीक्षक परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए। इसके अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र कुशवाहा और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राहुल मिश्रा के नेतृत्व में गठित किए गए सचल दल ने एक एक विद्यालय में जाकर नकल विहीन परीक्षाओं को संपन्न कराया। सख्ती देखते हुए परीक्षार्थी शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा देते नजर आए।

# लव जिहाद रोकने के लिए दिए सुझाव

कार्यालय संवाददाता, महोबा



प्रशिक्षण वर्ग में बोलते विश्व हिंदू परिषद के नेता। अमृत विचार

- विद्यालय में विश्व हिन्दू परिषद का प्रखंड प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**अमृत विचार।** सुखानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजनर में विश्व हिन्दू परिषद का प्रखंड प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ, जहां पर विहिप के चित्रकूट धाम मंडल विभाग मंत्री मयंक तिवारी ने देश की कुरीतियों, छुआ छूत को मिटाने, गौ रक्षा कैसे हो, समाज की रक्षा कैसे हो, मंदिर सुरक्षित कैसे रहे, हिन्दू समाज की रक्षा कैसे हो इस पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और गौरक्षा दल के रुप में भी काम करता है।

बजरंग दल के जिला संयोजन विपिन भदौरिया ने लव जिहाद को रोकने और इससे दूर रहने के भी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद हिन्दू की रक्षा और हिन्दू समाज को एकत्रित करने के काम में लगा हुआ है। कहा कि बिना संगठित हुए हम कुछ नहीं कर सकते। हिन्दू समाज को एकजुट करके आगे बढ़ने की जरूरत है। संगठन मंत्री विकास ने कहा कि संगठनों के सक्रिय होने के कारण आज हमारा हिन्दू समाज निडर होकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद हिन्दू समाज को एकजुट करने सांस्कृतिक गौरव को पुनः स्थापित करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके मुख्य विचारों में राम मंदिर जैसे प्रतीकों के माध्यम से राष्ट्रवाद जगानाधर्मांतरण रोकना अस्पृश्यता मिटाना और शिक्षा, स्वास्थ्य के माध्यम से सेवा कार्य करना शामिल है। इस मौके पर विहिप जिलाध्यक्ष मनोज शिवहरे सहित तमाम वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

### युवक ने जबरन गाड़ी व जमीन कब्जा करने का लगाया आरोप जांच शुरू

**राठ (हमीरपुर)।** चिकासी निवासी मर्दन सिंह ने बताया कि उसके पिता रामकिशुन के नाम गाटा संख्या 1111/2 रकबा 0 .105 हेक्टेयर स्थित मौजा चिकासी संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है। उस पर क्षतिग्रस्त बाउंड्री व फाटक लगा है। उसने अपनी जमीन गांव के राजेश राठौर को किराये पर दे रखा है, जिस पर वह कोल्डड्रिंक, पानी और कृषि यंत्र का गोदाम बनाए है। 23 फरवरी की दोपहर ढाई बजे एक व्यक्ति ने राजेश के पिता से कार अंदर रखने के लिए चाबी मांगी। वह व्यक्ति गाड़ी अंदर रखकर चाबी अपने साथ ले गया। उसने व राजेश ने गाड़ी हटाने के लिए कहा तो वह गाड़ी नहीं हटा रहा है। बताया कि गाड़ी चोरी की है और कब्जा करने की नीयत में है। पीड़ित ने चिकासी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस जांच कर रही है।

**फाल्गुनी बयार** — कबीर आश्रम में आयोजित हुआ कबीर सत्संग कार्यक्रम

# भजनों के साथ फाग में झूमे सत्संगी

कार्यालय संवाददाता, महोबा


ढोलक की थाम और हारमोनियन के साथ फाग सुनाते गायक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के कठकुलवापुरा स्थित कबीर आश्रम में संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में रविवार को सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग में कबीर भजन, दोहो के अलावा होली पर्व को देखते हुए संगीतमय फागों की शानदार प्रस्तित दी गई। सत्संग में सर्वप्रथम कबीर वंदना से की गई, इसके बाद समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने सभी से होली पर्व पर नशा न करने के प्रति प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि नशा नाश की जड़ है, जिसे कबीर ने अपने दोहे में कहा कि अवगुन कहूं शराब काआपा अहमक़ साथ मानुष से पशुआ करे दाम गांठ से खात। अर्थात् नशा करने वाला मनुष्य पशु के समान हो जाता है। डॉ. अनुरागी ने ईसुरी की तर्ज पर चौकड़िया फाग टेसे के रंग फाग खेलियो, तनम न सब रंग लइयो। टेसू में त्रिदेव, बिराजे दर्जन उनके करियो सुनाई। पंडित हरीशंकर नायक ने बिना फल की आशा किए बिना भजन करने की सलाह देते हुए कबीरी दोहा सुनाया कि फल कारन सेवा करें, करे न मन से काम कहैं कबीर सेवक नहीं, चहै चौगुना दाम। राजाराम चौरसिया ने बरसाना में श्याम खेले होली फाग सुनाई। रामदीन अनुरागी ने फाग सुनाई कि मोहन मटकिया फोरी ब्रज में। सत्संग में पंडित अवधेश अवस्थी ने शीलवंत सबसे बड़ासब रतनन की खान, तीन लोक की सम्पदारही शील में आन कि व्याख्या करते हुए कहा कि चरित्रवान या सदाचारी व्यक्ति सबसे महान है, क्योंकि वह सभी रत्नों (सद्गुणों) का खान है। तीनों लोकों की सम्पदा और सुख ऐसे ही शीलवान व्यक्ति में वास करती है।

परमलाल विश्वकर्मा ने शानदार जितना दिया सरकार ने मुझको, उतनी मेरी औकात नहीं भजन प्रस्तुत किया। आशाराम तिवारी ने सत्य के आरचण पर जोर देते हुए कहा कि केवल सच जानना काफी नहीं है, बल्कि हृदय में सत्य के प्रति निष्ठावान होना और उसे दैनिक जीवन के व्यवहार में उतारना ही सच्चा कल्याण है। सत्सं में विनोद, कवि हरिश्चंद्र वर्मा, अधिवक्ता सुनीता ने भजन व रचनाओं से अपने विचार रखे। इस मौके पर लखनलाल, पप्पू सेन, रामऔतार आदि भक्त मौजूद रहे।

# दरवाजे की कुंडी तोड़ कर हजारों की चोरी

**बेलाताल।** अजनर के महुआबांध गांव में घर की कुंडी काटकर चोर चांदी के आभूषण और 10 हजार नकदी ले गए। पड़ोसियों और परिवार के लोगों ने दरवाजे की कुंडी टूटी और दरवाजा खुला देखा तो अंदर गए, जहां पर बक्से का सामान बिखरा पड़ा था।

गृहस्वामी ने बताया कि घर पर दस हजार रुपये और कुछ चांदी के जेवर रखा था। महुआबांध निवासी कौशल साहू पुत्र मजबूत सिंह अपनी पत्नी ममता के साथ दिल्ली में रहकर काम करता है। शनिवार की रात को बदमाशों ने मकान के दरवाजा की कुंडी काटकर नकदी और जेवरात चोरी कर ली। सूचना मिलने पर गृहस्वामी रविवार को घर वापस आया और उसने थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस तहरीर मिलने के बाद जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बसरिया वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)**

पत्रांक: मेमो/ मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025–26 दिनांक: 28/02 /2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदायें **दिनांक 12.03.2026** तक **कार्यालय ग्राम पंचायत बसरिया वि0ख0 सरीला** में आमन्त्रित की जाती है। जो **दिनांक 28.02.2026** से **दिनांक 12.03.2026** तक बेची जाएगी तथा **दिनांक 12.03.2026** को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी. तथा **दिनांक 12.03.2026** को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर **कार्यालय ग्राम पंचायत बसरिया वि0ख0 सरीला** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य + टी.टी | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | मातादीन के मकान से रामभगौती के आवास तक सी0सी0 रोड निर्माण | 743374 | 14867 | 450+81 | 3 माह | ग्राम बसरिया पो0 न्यूलीबांसा वि0ख0 सरीला (हमीरपुर) |
| 2 | मनरेगा | श्रीपत के मकान से गया प्रसाद के मकान तक इन्टर लाकिग कार्य | 467003 | 9340 | 250+45 | 3 माह | ग्राम बसरिया पो0 न्यूलीबांसा वि0ख0 सरीला (हमीरपुर) |
| 3 | राज्यवित्त | गौशाला में खड़ंजा निर्माण कार्य | 145383 | 2908 | 250+45 | 3 माह | ग्राम बसरिया पो0 न्यूलीबांसा वि0ख0 सरीला (हमीरपुर) |

**अन्य शर्ते-** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी। 3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।. 8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है। 10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत**
ग्राम पंचायत - बसरिया, वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

## न्यूज ब्रीफ

### अलग-अलग मामलों में पांच वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी सीतापुर यदुवीर सिंह यादव ने वारंटी बुद्धा पुत्र देवी निवासी टिकुरा को गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के एसआई करन सिंह ने रामकिशोर, राजकुमार पुत्रगण भोंडो पाल उर्फ रामसुमेर निवासीगण गड़रियनपुरवा को, पहाड़ी थाने के एसआई सुरेश प्रताप सिंह ने सुशील पुत्र भिखूराम निवासी दरसेड़ा और रामजी पुत्र हनुमान निवासी सिकरिया को गिरफ्तार किया।

### एएसपी ने किया निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने रविवार को सरधुआ थाने के निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया। एएसपी ने कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान एसआई अजहर जमाल, अनंत तिवारी आदि मौजूद रहे।

### प्रभारी मंत्री देंगे चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी ने 57 कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में 10 तकनीकी अनुदेशकों का अनुमोदन दिया है। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाणपत्र प्रभारी मंत्री द्वारा दिया जाएगा।

# चोरी की पांच वारदातों का खुलासा, दो आरोपी दबोचे

## दो अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस, चोरी का माल और असलहे बरामद

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गये आरोपी और जानकारी देते सीओ अरविंद वर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की पांच वारदातों का खुलासा किया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया गया है। हालांकि दो आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

सीओ अरविंद वर्मा ने बताया कि रविवार को एसआई अरविंद कुमार सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ होली के मद्देनजर खोही तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उनको मुखबिर से सूचना मिली कि भरतकूप की ओर से रामशैया की ओर दो संदिग्ध व्यक्ति आ रहे हैं।

इस पर एसआई ने अन्य पुलिस अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी और मौके पर बुलाया। सभी पुलिसकर्मी मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचे और बताई गई बाइक को रोका। बाइकसवारों ने अपने नाम दीपक गुरू पुत्र रामफल निवासी कछारपुरवा और राजकुमार पुत्र केशरी प्रसाद निवासी काजीपुरा (महोबा) बताए। इसके अलावा नकदी व दो पैकटों में गहने, हथौड़ी, लोहे की राड बरामद की गई। सीओ ने बताया कि दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने राजू पुत्र कंधीलाल निवासी फतेहपुर बजारिया (महोबा) और अवधेश श्रीवास पुत्र अज्ञात निवासी मऊरानीपुर (झांसी) के साथ मिलकर गोलतालाब पटेल नगर, भरतपुरी, बनकट, कछारपुरवा तथा खोही शिवरामपुर रोड से चोरी की है। यह सामान वे लोग बेचने जा रहे थे। आरोपियों की बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया। आरोपी दीपक गुरू का आपराधिक इतिहास भी है।

### ये पुलिसकर्मी रहे टीम में शामिल

- आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम की अगुवाई कोतवाली कर्वी के एसआई अरविंद कुमार सिंह ने की। टीम में एसआई राजेश कुमार, विवेक कुमार सिंह, आरक्षी शिवपूजन यादव, अभिषेक प्रताप, जयनारायण पटेरिया और स्वाट टीम में मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुशवाहा, नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, गोलू भार्गव, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत और रोशन सिंह शामिल रहे।

### गिरोह का सरगना है दीपक गुरू

- बताया जाता है कि चोरों के इस गिरोह का सरगना दीपक गुरू निवासी कछारपुरवा है। इसका लोढ़वारा कालोनी में भी कमरा है, जहां से वह चोरी की वारदातों की साजिश रचता था। दीपक का महोबा, ललितपुर, उरई, मऊरानीपुर सहित पूरे बुंदेलखंड में नेटवर्क है। जहां जिस घर का ताला बंद रात को मिलता था वहीं ये चोरी को अंजाम देते थे।

## किशोरियों की शिक्षा पर दिया जाए विशेष ध्यान

**चित्रकूट।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने बीते दिन सखी वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने किशोरियों-बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

इस दौरान सेंटर में कोई भी बालिका नहीं पाई गई। प्रभारी अधीक्षिका रंजीता द्विवेदी ने बताया कि एक बालिका बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार उसके परिजनों को सुपुर्द करने के लिए भेजी गई है। सचिव ने बालिकाओं/किशोरियों को मिल रही सुविधाओं, उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा की जानकारी ली और उनके सर्वांगीण विकास के लिये प्रभारी अधीक्षिका को निर्देश दिए। सचिव ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्राथमिकता है कि कमजोर वर्गों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को न्याय एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीवन जीने का अधिकार मिले। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वन स्टाप सेंटर में परामर्श सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं तथा हितग्राहियों को निःशुल्क विधिक सलाह प्रदान की जा रही है। स्टाफ सदस्यों द्वारा सरकारी योजनाओं पीएम जनमानस योजना, विधिक सेवा प्राधिकरण की जागरूकता शिविरों तथा न्यायिक प्रक्रियाओं के संबंध में प्रभावी सहायता दी जा रही है।




प्रार्थना सभा में कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। अमृत विचार

# ज्ञान और चेतना का समन्वय है प्रार्थना सभा : प्रो. चौबे

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मासिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कुलपति प्रो. आलोक चौबे ने की। कुलपति ने कहा कि प्रार्थना सभा संस्कार, ज्ञान और सांस्कृतिक चेतना का समन्वय है।

कार्यक्रम का शुभारंभ 'ॐ' उच्चारण, मां सरस्वती की वंदना एवं कुल गीत से हुआ। इसकी प्रस्तुति विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय ने दी। मुकेश कुमार ने हितोपदेश के श्लोक एवं भावार्थ का प्रस्तुतीकरण किया। शिवानी सिंह ने महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद के जीवन पर प्रकाश डाला। एकल गायन के अंतर्गत कृति शुक्ला ने भजन की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। अनुष्का गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता बताई। उप कुलसचिव प्रो. साधना चौरसिया ने विवि की गतिविधियों की जानकारी दी। समूह गायन में होली लोकगीत की प्रस्तुति से वातावरण उल्लासमय हो उठा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने रघुपति राघव राजाराम का सामूहिक गायन किया। संचालन रिद्धिमा तिवारी ने किया। विक्रम, अर्जुन सिंह, श्रेया, कृति, पूजा, शिवानी, रिद्धमा एवं मुकेश कुमार आदि विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कुलपति ने गुरु प्रो. आलोक चौबे ने प्रार्थना सभा में सम्मिलित विविध गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि विषयवार प्रस्तुतियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, वैचारिक परिपक्वता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। संयोजन डॉ. विवेक फड़नीस ने किया।

# भाजपा नेता ने एसआईआर प्रक्रिया पर उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब उनके नाम भी नोटिस आ जाए तो इस पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं।



चंद्रप्रकाश खरे।

चंद्रप्रकाश ने अपनी फेसबुक वाल पर एसआईआर को लेकर महत्वपूर्ण पोस्ट की है। उन्होंने एक समाचार पत्र में बीएलओ की आत्महत्या संबंधी खबर पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बहुत दुखद है। इस तरह की और भी घटनाएं हो चुकी हैं। भले ही बीएलओ किसी अन्य वजह से मरे हों लेकिन एसआईआर के बोझ को ही कारण बताया गया। ऐसा मौका नहीं आता अगर एसआईआर करने का तरीका सही होता।

एसआईआर पहले भी हुआ है लेकिन किसी को पता तक नहीं चलता था और मतदाता सूची ठीक हो जाती थी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची तो तब गड़बड़ होती है, जब उसमें नाम संशोधन करके बढ़ाए जाते हैं और मतदाता सूचियों का विभाजन करके बूथ की संख्या घटाई या बढ़ाई जाती है। इस काम में पुरानी मतदाता सूची की कोई जरूरत ही नहीं रह जाती थी।

### इस बार बढ़ा दी गई जटिलता

- चंद्रप्रकाश ने कहा कि इस बार एसआईआर प्रक्रिया में जटिलता को बढ़ा दिया गया है, जो जनहित में नहीं है। इसे सीधे तरीके से भी किया जा सकता था, जैसे पहले होता रहा है। बीएलओ घर घर जाते थे, लोगों के नाम पूछकर मकान नंबर के क्रमांक से मतदाता का सर्वे करके नई मतदाता सूची बन जाती थी, जो एकदम ठीक होती थी।

### उनके नाम भी नोटिस की जानकारी

- भाजपा नेता ने बताया कि उनके नाम भी नोटिस की जानकारी हुई है। बताया कि उनके पुत्र को बीएलओ ने फोन किया था कि आधार कार्ड और अन्य कागजात लेकर नाम जुड़वा लें। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से यह तो लगता ही है कि कहीं न कहीं पूरी प्रक्रिया में कार्रवाई ठीक से नहीं की जा रही।

- पहले भी तो होता था पुनरीक्षण पर ऐसा नहीं : चंद्रप्रकाश

### ईमानदारी-बेबाकी को मिली सराहना

- भाजपा नेता चंद्रप्रकाश खरे की इस बेबाकी की उनकी पोस्ट में लोगों ने जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि जब तमाम भाजपा नेता बिना जाने समझे एसआईआर प्रक्रिया को आंख मूंदकर सही बता रहे हैं, एक नेता की बेबाकी सराहनीय है। लोगों का कहना है कि किसी भी प्रक्रिया के गुणदोषों का सही आकलन ही एक जनप्रतिनिधि का दायित्व है। किसी का कहना है कि अधिकारी बीएलओ को अलादीन का चिराग समझता है तो एक की टिप्पणी है कि एसआईआर में बाहरी व्यक्ति को लगा दिया जाता है, जिसे एरिया तक का पता नहीं।

## नाला निर्माण से मुख्य सड़क पर जलभराव

**बिधूना, औरैया।** कस्बे में पिछले कई दिनों से अछल्दा रोड पर नाले का निर्माण कार्य जारी है। निर्माण के चलते घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी रुक गई है, और यह नाली के ऊपर से बहकर गलियों तथा खाली प्लाटों में जमा हो रहा है।

इस जलभराव के कारण कस्बे की अति व्यस्त सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। राहगीर और स्कूली बच्चे विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। खाली प्लाटों में जमा गंदा पानी मच्छरों और मक्खियों के पनपने का कारण बन रहा है, जिससे गंभीर संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों, जिनमें शैलेंद्र सिंह, उतेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, नरेंद्र सिंह और कल्लू चौहान शामिल हैं, ने जल्द से जल्द गंदे पानी की निकासी के लिए उचित समाधान की मांग की है।

# बाइकों की आमने सामने टक्कर में मासूम समेत तीन की गई जान

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट



शिवमूरत।



प्रियांशु।



धनीलाल उर्फ डिब्बू।

**अमृत विचार।** थानांतर्गत मराठी पुल के पास रविवार की सुबह बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक साल का मासूम शामिल है।

जानकारी के मुताबिक, ऐलहा गांव निवासी शिवमूरत यादव (40) पुत्र सर्वोत्तम रविवार सुबह ऊंचाडीह गांव से मानिकपुर की ओर जा रहा था। गुरौला रोड पर मराठी पुल के पास अपराह्न लगभग सवा 12 बजे इसकी बाइक सामने से मध्य प्रदेश के रीवा जिला के जतरी थाना डभौरा निवासी धनीलाल उर्फ डिब्बू (22) पुत्र बोल्ता की बाइक से टकरा गई।

- विवाह से लौट रहा था परिवार मौत ने छीन लीं सांसें

इसकी बाइक पर चचेरा भाई संतु (24) और उसके दो बेटे प्रियांशु (1) और बासु (5) और पत्नी रूबी बैठी थी। बताया जाता है कि ये लोग विवाह समारोह से वापस अपने घर आ रहे थे।

दोनों बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में डिब्बू की मौके पर मौत हो गई। अन्य लोगों को पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। प्रियांशु और शिवमूरत को जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही दोनों ने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मगरिब की नमाज के बाद जायरीनों को चिश्ती लंगर वितरित किया गया

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** आस्ताना आलिया समदिया मिस्बाहिया में ग्यारह रमज़ान को हज़रत ख्वाजा बंदा नवाज़ सैयद शाह मिस्बाहुल हसन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की सालाना फातिहा अक़ीदत और सादगी के साथ अदा की गई। असर की नमाज़ के बाद आयोजित फातिहा में नगर व क्षेत्र सहित बाहर से आए सैकड़ों अकीदतमंदों ने शिरकत कर अमन चैन और मुल्क की तरक्की की दुआएँ मांगीं। आस्ताना आलिया पर रोजा इफ्तार का भी एहतिमाम किया गया। उर्स की शुरुआत खानकाह के सज्जादा नशीन सैयद अख़्तर मियां चिश्ती की सरपरस्ती में कुरआनख्वानी से हुई। इसके बाद फातिहा पढ़ी गई और देश की सलामती व भाईचारे के लिए विशेष दुआएं की गईं। सुबह से ही दरगाह परिसर में साफ-सफाई और इंतजामात किए गए थे। फातिहा के बाद रोज़ा इफ्तार का एहतिमाम किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोज़ेदारों ने शिरकत की। मगरिब की नमाज़ के बाद जायरीनों को चिश्ती लंगर भी वितरित किया गया। बाद नमाज इशा महफिल ए सिमा और कुल की फातिहा के साथ सालाना उर्स का समापन हो गया।

## युवा स्वतः का रोजगार करें

**बिधूना, औरैया।** अछल्दा मार्ग पर साहूपुर मोड़ से पहले शरद सिंह राना ब्लॉक प्रमुख अछल्दा ने बजरंग इंटरप्राइजेज का हवन पूजन के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा सरकारी नौकरियों के पीछे न भागें और अपना स्वतः का रोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से मजबूत होकर आत्मनिर्भर बनें। इस अवसर पर अन्नू भदौरिया राजकीय ठेकेदार, पंकज सिंह प्रधान, राव गजेंद्र सिंह सेंगर आशीष भदौरिया आदि रहे।

# गालियों का विरोध करने पर युवक को जमकर पीटा

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के भटासा गांव में एक युवक को जातिसूचक गालियां देने और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया गया। पीड़ित अंकित, सुरेंद्र जाटव के पुत्र हैं। उन्होंने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी है।

अंकित ने अपनी तहरीर में बताया कि यह घटना 27 फरवरी को हुई थी। वह अपने खेत से जानवरों के लिए घास काटकर घर लौट रहे थे। रास्ते में गांव का ही एक व्यक्ति मिला, जिसने उन्हें जातिसूचक गालियां देना शुरू कर दिया। पीड़ित के अनुसार, गांव के एक व्यक्ति के सबमर्सिबल का पाइप किसी अज्ञात व्यक्ति ने खोल दिया था, जिससे उसकी गन्ने की फसल में पानी भर गया था। इस मामले में कथित तौर पर दबंग व्यक्ति का नाम सामने आ रहा था। दबंग ने अंकित को रास्ते में घेरकर आरोप लगाया कि उसने ही समर्सिबल वालों को उसका नाम बताया है।अंकित ने जब इस आरोप से इनकार किया, तो दबंग ने उन्हें लात-घूंसों से जमकर पीटा। इस मारपीट में अंकित की गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। पीड़ित ने घटना की लिखित शिकायत रविवार को पुलिस को सौंपी है। अंकित का आरोप है कि घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस ने अभी तक कार्रवाई नहीं की।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम KHAN ALIAS SALEEM HAFIZ MOHAMMAD NAZAR था अब मै अपना बदलकर MOHD NAZAR KHAN रख लिया हूँ। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD NAZAR KHAN S/0-ALI NAZAR KHAN ADD-CHOWK JAMA MASJID IMAM PURANPUR PILIBHIT

**सूचना**

पहले मेरा नाम VASEE ROON NISA था अब BASHIRUN NISHA रख लिया है। भविष्य मे मुझे BASHIRUN NISHA के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-RAFEEQUL ISLAM ADD-KASBA DEVGAON POST-AND-PS-DEVGAON DIST-AZAMGARH-276201 (U.P.)

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **ज्ञानमती पत्नी शीतला प्रसाद निवासी ग्राम बभनपुर ब्लाक छतोह परगना रोखा तहसील सलोन जिला रायबरेली** का नाम आधार कार्ड में ज्ञानमती पत्नी शीतला प्रसाद है परन्तु त्रुटिवश रिलायन्स निफोन लिमिटेड बीमा के दस्तावेज में ज्ञानवती पत्नी शीतला दीन हो गया है,ज्ञानमती पत्नी शीतला प्रसाद व ज्ञानवती पत्नी शीतला दीन दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD HASIN KHAN से बदल कर MOHD HASIN KHAN कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD HASIN KHAN पुत्र AMIULLAH KHAN नाम से जाना व पहचाना जाए। **मो0 हसीन खान पुत्र अमीउल्लाह खान निवासी राम नगर गनसियारी पोस्ट मऊ आइमा जिला प्रयागराज**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Iliyas Beg से बदलकर Mirza Iliyas Beg रख लिया है। भविष्य में मुझे Mirza Iliyas Beg S/O Mirza Afsar Beg के नाम से जाना व पहचाना जाए। 477/30 KA, Reti Mohalla, Khadra, Nirala Nagar, Lucknow

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Akancha Pandey से बदलकर Akanksha Pandey रख लिया है। भविष्य में मुझे Akanksha Pandey D/O Arun Kumar Pandey के नाम से जाना व पहचाना जाए। H.NO-80/5, MAKBAR GANESHGANJ, AYODHYA

**सूचना**

मै **कुसुमलता पत्नी कैलाश चन्द्र गुप्ता, निवासी–मोहल्ला ब्रह्मणी टोला कस्बा, परगना व तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी,** अपने पुत्र नितिन गुप्ता के व्यवहार, क्रिया कलाप शुरूआत से अच्छे नही रहे है इसलिए मैने उसे अपने जीवन काल में ही घर एवं समस्त लेन देन से अलग कर दिया था तब से मेरा उपरोक्त पुत्र से कोई सम्बंध नहीं रहा है। वह आये दिन मुझे व समस्त घर परिवार को छिन्न–भिन्न कर देने की धमकी देता है। जिससे मै व मेरी पुत्रिया बहुत ही परेशान है। उसके इन किया कलापों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब हमारा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

अंतिम विदाई | डॉ. जैन पंचतत्व में हुए विलीन, उनके दोनों पुत्रों ने दी मुखाग्नि, वहां मौजूद हर आंख हुई नम

# डॉ. जैन को गार्ड ऑफ आनर के साथ दी गई अंतिम विदाई



पद्मश्री डॉ. बीके जैन को गार्ड ऑफ आनर दिया गया। अमृत विचार



डॉ. जैन के पार्थिव शरीर को कांधा देते उनके पुत्र जिनेश और इलेश। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिस तीर्थ की पवित्र धरा को डॉ. बीके जैन ने अपनी कर्मभूमि बनाया, उसी में रविवार को वह पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके दोनों पुत्रों ने उनको मुखाग्नि दी। इसके पूर्व उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। अंतिम विदाई के दौरान हर व्यक्ति की आंख नम हो गई।

- 27 फरवरी को डॉ. जैन का बीमारी के चलते हुआ था निधन

इसके पूर्व डॉ. जैन की अंतिम यात्रा चिकित्सालय परिसर से रघुवीर मंदिर होते हुए एसपीएस ग्राउंड पहुंची, जहां उनको गार्ड ऑफ आनर से सलामी दी गई। इस मौके पर विभिन्न अधिकारी, जनप्रतिनिधि, साधु-संतों के साथ आम आदमी मौजूद रहे। उनके दोनों पुत्रों जिनेश एवं इलेश ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने उनको नम आंखों से अंतिम विदाई दी। 27 फरवरी को डॉ. जैन का बीमारी के चलते निधन हो गया था।

### तारा नेत्रदान यज्ञ ने लाई चिकित्सा क्रांति

- परमपूज्य रणछोड़ दास जी महाराज के आशीर्वाद से शुरू तारा नेत्रदान यज्ञ ने चित्रकूट क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में नेत्र चिकित्सा की एक नई क्रांति ला दी। टेंट और टीन शेड के नीचे प्रारंभ हुए शिविर आज सुव्यवस्थित स्थापित किए गए लाखों नेत्र रोगियों के उपचार के माध्यम से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के तमाम जिलों को मोतियाबिंद मुक्त घोषित कराने में डॉ. जैन ने महत्व महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सा और अंधत्व निवारण के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान देने के लिए उनको पद्मश्री के साथ देश विदेश में कई अन्य अवार्डों से सम्मानित किया गया।

## रामगंगा में मिले युवक के शव की हुई शिनाख्त

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र में रामगंगा नदी के महेशपुर घाट पर मिले युवक के शव की पहचान चार दिन बाद परिजनों ने शिनाख्त की। शनिवार को राजेपुर थानाध्यक्ष सुदेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ शव को नदी से बाहर निकलवाया था। रविवार सुबह करीब 11 बजे हरदोई जिले के मझिला थाना क्षेत्र के आंझी निवासी अशोक सिंह राजेपुर थाने पहुंचे। उन्होंने अपने 20 वर्षीय पुत्र अभय प्रताप सिंह के रूप में शव की पहचान की। अशोक सिंह ने बताया कि अभय 24 फरवरी को सुबह 8 बजे सीतापुर स्थित अपनी ननिहाल के लिए घर से निकला था, लेकिन वहां नहीं पहुंचा। इसके बाद 25 फरवरी को अशोक सिंह ने मझिला थाने में अपने बेटे अभय प्रताप की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।



ओशो का मानना था कि जब आप हंस रहे होते हैं, तब आप ईश्वर की इबादत कर रहे होते हैं।
–ओशो, दार्शनिक

# इस आग की आंच

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के सैन्य ठिकानों और परमाणु केंद्रों पर किए गए संयुक्त हवाई हमलों ने न केवल मध्य पूर्व को युद्ध की आग में झोंक दिया है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और कूटनीति के सामने एक अभूतपूर्व संकट भी खड़ा कर दिया है। ईरान के जवाबी मिसाइल हमलों ने इस संघर्ष को "सीधे टकराव" के उस स्तर पर पहुंचा दिया है, जहां से वापसी का रास्ता फिलहाल थोड़ा मुश्किल नजर आता है। यह हमला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के दौरान 'मानवता' और 'शांति' के आह्वान और उसकी प्रशंसा तथा स्वीकारोक्ति के ठीक बाद हुआ। जाहिर है यह किसी आकस्मिक प्रतिक्रिया का परिणाम नहीं, बल्कि महीनों से तैयार एक सोची-समझी समीक्षित सैन्य रणनीति है। अमेरिका का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह ध्वस्त करना और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को अपने और अपने सहयोगियों के पक्ष में मोड़ना है, लेकिन 'सत्ता परिवर्तन' का ट्रंप प्रशासन का सपना खामनेई की मौत के बावजूद आसान नहीं है?

इतिहास गवाह है कि थोपे गए बदलाव अक्सर लंबे और विनाशकारी गृहयुद्धों में तब्दील हो जाते हैं। इस युद्ध का सबसे भयावह पहलू आर्थिक है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है, अब एक युद्ध क्षेत्र बन चुका है, इसके बाधित होने का अर्थ है तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाना। हमारे लिए यह दोहरी मार का बायस बनेगा। अपनी जरूरत का 85-90 फीसद तेल आयात करने वाले भारत के लिए तेल महंगा होने का सीधा अर्थ है, परिवहन लागत में वृद्धि और खुदरा महंगाई। आयात बिल में वृद्धि और डॉलर की मांग मजबूत होने से रुपया कमजोर होगा, जिससे हमारा व्यापार घाटा बढ़ेगा। निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सोने जैसी सुरक्षित संपत्तियों में लगा रहे हैं, जिससे घरेलू बाजारों में अस्थिरता बढ़ेगी और इन धातुओं के दाम भी। इस वैश्विक संकट के बीच भारत की भूमिका 'सतर्क संतुलन' की रही है। भारत ने न तो किसी पक्ष का अंधा समर्थन किया है और न ही तटस्थता के नाम पर चुप्पी साधी है। भारत का रुख संवाद और शांति पर आधारित है, जो उसके दीर्घकालिक सामरिक हितों की रक्षा के लिए अनिवार्य है। एक तरफ इजरायल के साथ हमारे रक्षा संबंध हैं, तो दूसरी तरफ खाड़ी देशों में रहने वाले लाखों भारतीय प्रवासियों और ऊर्जा सुरक्षा की चिंता। ऐसे में भारत को संतुलित विदेश नीति पर कायम रखना होगा।

समय की मांग है कि भारत अपनी ऊर्जा आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाए और एक मजबूत कूटनीतिक कवच तैयार करे। मध्य पूर्व का यह तनाव आने वाले महीनों में और गहरा सकता है। ऐसे में केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक लचीलापन और कूटनीतिक समझदारी ही भविष्य की दिशा तय करेगी। यह संघर्ष तीन देशों तक सीमित नहीं है, इसके चपेट में कई देश हैं। ऐसे में यह 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' की दिशा में एक जोखिम भरा कदम है, जो अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना और ऊर्जा राजनीति को फिर से परिभाषित करेगा। इस जंग की भीषण होती आग दिन-ब-दिन बढ़ी तो इसकी आंच तमाम देशों तक पहुंचेगी।

## प्रसंगवश

# विदेश भेजने की होड़ और बदलती मानसिकता

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय समाज में एक नई प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है, बेटे-बेटियों को विदेश भेजने की होड़। कभी पढ़ाई के नाम पर, कभी नौकरी के नाम पर, तो कभी बेहतर जीवन के सपने के साथ। कई परिवारों में यह एक उपलब्धि की तरह प्रस्तुत किया जाता है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। यह सब मानो सफलता की पहचान बन गया है। धीरे-धीरे यह धारणा बनती जा रही है कि यदि भविष्य बनाना है, तो विदेश जाना ही पड़ेगा, लेकिन यह सवाल गंभीरता से पूछने की जरूरत है कि क्या वास्तव में भारत में अवसरों की कमी है। क्या इस देश में प्रतिभा के लिए जगह नहीं बची? या फिर हम स्वयं अपने देश की संभावनाओं को कम आंकने लगे हैं?



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। तकनीक, उद्योग, सेवा क्षेत्र, स्टार्टअप, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लगातार नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। छोटे शहरों और कस्बों से निकलकर युवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। ऐसे में यह मान लेना कि भविष्य केवल विदेश में ही है, एक अधूरी और जल्दबाजी वाली सोच लगती है। विदेश जाने की एक बड़ी वजह शिक्षा भी है। कई छात्र यह सोचकर विदेश जाते हैं कि वहां की पढ़ाई बेहतर है या वहां अवसर अधिक हैं। कुछ मामलों में यह सही भी हो सकता है, लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि कई छात्र केवल इसलिए विदेश चले जाते हैं, क्योंकि उन्हें भारत में मनचाहे कॉलेज या कोर्स में प्रवेश नहीं मिल पाता। प्रतियोगिता कठिन है, सीटें सीमित हैं और हर किसी को प्रतिष्ठित संस्थानों में जगह नहीं मिल पाती। ऐसे में विदेश जाना एक विकल्प बन जाता है, लेकिन इस विकल्प को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बना देना चिंताजनक है।

आज स्थिति यह हो गई है कि कई जगहों पर माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने को लेकर एक तरह का दबाव महसूस करते हैं। रिश्तेदारों, परिचितों और समाज के बीच यह दिखाने की कोशिश होती है कि उनका बच्चा विदेश में पढ़ रहा है या काम कर रहा है। कई बार परिवार अपनी आर्थिक स्थिति से ज्यादा खर्च उठाकर भी बच्चों को विदेश भेज देते हैं। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ाया है। इंटरनेट पर विदेश में रहने वाले युवाओं की चमकदार तस्वीरें दिखाई देती हैं, लेकिन इन तस्वीरों के पीछे का संघर्ष अक्सर दिखाई नहीं देता। समस्या विदेश जाने में नहीं है। समस्या उस मानसिकता में है, जिसमें विदेश को सफलता का पर्याय बना दिया गया है। दुनिया को देखने, नई शिक्षा और अनुभव प्राप्त करने के लिए विोदेश जाना एक अच्छा अवसर हो सकता है। कई भारतीय छात्र विदेश में उच्च शिक्षा लेकर नई तकनीक और ज्ञान प्राप्त करते हैं और बाद में देश के विकास में योगदान भी देते हैं, लेकिन जब यह निर्णय समझदारी के बजाय भीड़ का हिस्सा बनकर लिया जाता है, तब कई बार परिणाम निराशाजनक भी हो सकते हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज तीनों की भूमिका यहां महत्वपूर्ण है। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि सफलता किसी देश की मोहताज नहीं होती। आज जरूरत है संतुलित सोच की। हमें अपने युवाओं को यह बताना होगा कि दुनिया खुली है, अवसर हर जगह हैं, लेकिन अपने देश की ताकत और संभावनाओं को कम नहीं आंकना चाहिए। भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि संभावनाओं की एक विशाल भूमि है। यहां चुनौतियां भी हैं और अवसर भी। विदेश जाना विकल्प हो सकता है, लेकिन लक्ष्य नहीं होना चाहिए। लक्ष्य होना चाहिए योग्यता, आत्मनिर्भरता व सार्थक जीवन। यह सोच समाज में मजबूत होगी, शायद विदेश भेजने की अंधी दौड़ अपने आप धीमी पड़ जाएगी। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# तेहरान की आग और इतिहास की परछाइयां





डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

पश्चिम एशिया की तप्त रेत पर आज जो रक्त-रंजित इबारत लिखी जा रही है, वह केवल दो या तीन राष्ट्रों के बीच का सैन्य संघर्ष नहीं है, वह उस अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का संकट है, जिसने नियम बनाए भी और उन्हें अपने हितों के अनुसार तोड़ा भी। तेहरान के आसमान में उठी आग को यदि केवल एक सैन्य कार्रवाई माना जाए, तो यह इतिहास की लंबी पृष्ठभूमि को नजरअंदाज करना होगा। यह टकराव किसी एक निर्णय, किसी एक घटना या किसी एक नेता की सनक का परिणाम नहीं है। यह दशकों से जमा अविश्वास, हस्तक्षेप, वैचारिक टकराव और शक्ति-राजनीति की निरंतरता का विस्फोट है। अयातुल्ला अली खामनेई की मृत्यु के बाद अब यह सत्ता-संक्रमण और रणनीतिक अनिश्चितता का भी प्रश्न बन गया है।

इस कहानी का निर्णायक आरंभ 1953 में होता है। डॉ. मोहम्मद मोसद्देक, एक निर्वाचित प्रधानमंत्री ने ईरान के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया। उनका तर्क सीधा था कि ईरान का तेल ईरान की जनता का होना चाहिए। उस समय एंग्लो-ईरानियन ऑयल कंपनी ईरानी संसाधनों से भारी लाभ कमा रही थी। राष्ट्रीयकरण को लंदन और वाशिंगटन ने आर्थिक मतभेद नहीं, सामरिक चुनौती के रूप में देखा। अमेरिकी गुप्तचर संस्था सीआईए और ब्रिटिश खुफिया तंत्र ने मिलकर तख्तापलट की योजना बनाई। 19 अगस्त 1953 को मोसद्देक की सरकार गिरा दी गई। बाद में सार्वजनिक हुए अभिलेखों ने अमेरिकी भूमिका को स्वीकार किया। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, यह उस सोच का प्रदर्शन था, जिसमें संसाधन और भू-राजनीति लोकतांत्रिक इच्छा से ऊपर रखे जाते हैं। यहीं से ईरान-अमेरिका संबंधों में अविश्वास की वह रेखा खिंची, जो कभी पूरी तरह मिट नहीं सकी। तख्तापलट के बाद शाह मोहम्मद रजा पहलवी को अमेरिकी समर्थन मिला। विकास और आधुनिकीकरण की योजनाओं के साथ राजनीतिक दमन भी गहराया। असहमति को कुचला गया। यही अंतर्विरोध 1979 की इस्लामी क्रांति में विस्फोटित हुआ। अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमेनी के नेतृत्व में शाह का पतन हुआ और इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई। उसी वर्ष तेहरान स्थित अमेरिकी दूतावास पर कब्जा और 444 दिनों तक 52 अमेरिकी नागरिकों को बंधक बनाए रखना अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन था। किंतु इस घटना को 1953 की ऐतिहासिक स्मृति से काटकर नहीं समझा जा सकता। इसी कालखंड में ईरान और इजराइल के संबंधों ने निर्णायक मोड़ लिया। शाह के दौर में दोनों देशों के बीच व्यावहारिक संपर्क और अप्रत्यक्ष सहयोग मौजूद था। पर 1979 के बाद नई इस्लामी व्यवस्था ने इजराइल को वैध राज्य मानने से इनकार किया और फिलिस्तीनी प्रश्न को अपनी वैचारिक पहचान का केंद्र बना लिया। इजराइल केवल एक पड़ोसी देश नहीं रहा, वह एक वैचारिक प्रतिपक्ष बन गया। इस बदलाव ने द्विपक्षीय संबंधों को कूटनीतिक मतभेद से उठाकर अस्तित्व और पहचान के टकराव तक पहुंचा दिया।

1980 के दशक का ईरान-इराक युद्ध इस मानसिकता को और कठोर करता है। इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने ईरान पर हमला किया। ऐतिहासिक साक्ष्य बताते हैं कि अमेरिका ने उस समय इराक को राजनयिक व खुफिया सहयोग दिया। युद्ध में रासायनिक हथियारों का प्रयोग हुआ। इस अनुभव ने ईरान की सुरक्षा सोच में यह धारणा मजबूत की कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नैतिकता से नहीं, शक्ति-संतुलन से संचालित होती है। इसके बाद ईरान ने परोक्ष शक्ति-प्रयोग की नीति अपनाई। लेबनान में हिजबुल्लाह और गाजा में हमास जैसे संगठनों को समर्थन मिला। इजराइल के लिए यह सीधा सुरक्षा-खतरा था। इजराइल ने सीरिया और अन्य स्थानों पर ईरान-समर्थित ठिकानों को निशाना बनाया। यह संघर्ष वर्षों तक छाया में चलता रहा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह टकराव खुलकर सामने आया। अप्रैल 2024 में, दमिश्क स्थित ईरानी परिसर पर हमले के बाद, ईरान ने सीधे इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन दागे। 2025 में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के सैन्य और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया, जो संघर्ष दशकों तक परोक्ष था, वह प्रत्यक्ष सैन्य मुठभेड़ में बदल गया। तनाव का सबसे संवेदनशील बिंदु ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की मई 2025 की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के पास लगभग 233 किलोग्राम उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम था, जो आगे बढ़ाए जाने पर कम समय में कई परमाणु हथियारों के निर्माण के लिए पर्याप्त माना जाता है। यह केवल आशंका नहीं, निगरानी संस्था का दर्ज तथ्य था। निरीक्षण में सीमाएं और पारदर्शिता की कमी ने संदेह को गहरा किया। ईरान का तर्क है कि यदि क्षेत्र में अन्य देशों के पास परमाणु क्षमता है, तो उसे सुरक्षा का अधिकार क्यों नहीं। परंतु अंतर्राष्ट्रीय राजनीति केवल अधिकार की भाषा से नहीं, विश्वास व पारदर्शिता से भी संचालित होती है।

अमेरिका नियमों की बात करता है, पर 1953 का हस्तक्षेप और 2018 का निर्णय उसकी विश्वसनीयता को सीमित करते हैं। ईरान प्रतिरोध की बात करता है, पर प्रॉक्सी युद्ध व आंतरिक दमन उसकी नैतिक स्थिति को जटिल बनाते हैं। इजराइल सुरक्षा की दुहाई देता है, पर उसकी कार्रवाइयां भी अंतर्राष्ट्रीय कानून से परे नहीं हैं। आज तेहरान की जली इमारतें, सीमा पार दागी गईं मिसाइलें व बंकरों में शरण लेते परिवार यह बताते हैं कि महाशक्तियों की रणनीति का बोझ आम नागरिक उठाते हैं। तेल की कीमतें बढ़ती हैं, समुद्री मार्ग अस्थिर होते हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। शक्ति से नियंत्रण संभव है, स्थिरता नहीं, भय से चुप्पी मिल सकती है, भरोसा नहीं और जहां भरोसा टूटता है, वहां युद्ध केवल समय का प्रश्न रह जाता है। यही इस पूरे प्रसंग का सबसे कठोर, पर सबसे सटीक निष्कर्ष है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अमेरिका नियमों की बात करता है, पर 1953 का हस्तक्षेप और 2018 का निर्णय उसकी विश्वसनीयता को सीमित करते हैं। ईरान प्रतिरोध की बात करता है, पर प्रॉक्सी युद्ध व आंतरिक दमन उसकी नैतिक स्थिति को जटिल बनाते है।

## आमने सामने



हम इस देश के दुश्मनों को खासकर अमेरिका और जायोनी शासन को यह बात समझा देंगे कि उन्होंने बड़ी गलती की है। यह हम अपने लोगों की ताकत, एकता और सहयोग के दम पर करेंगे। हम अपने उस बुद्धिमान और मजबूत नेता (खामेनेई) के खून की आखिरी बूंद तक चलते रहेंगे, जब तक दुश्मन हार न मान ले।
–ब्रिगेडियर जनरल अहमद वहिदी
सेना आर्मी चीफ, ईरान

ईरान ने अभी कहा है कि वे बहुत ऐसा जोरदार हमला करेंगे, जितना पहले कभी नहीं किया हो, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने ऐसा किया, तो हम उन्हें ऐसी ताकत से जवाब देंगे, जो दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा होगा।
– डोनाल्ड ट्रंप
राष्ट्रपति, अमेरिका



# नई पीढ़ी तक को सराबोर कर रहीं होली परंपराएं



अजय दयाल
हल्द्वानी

होली और हुड़दंग, दो शब्द अमूमन एक दूसरे के पर्याय ही माने जाते हैं। होली का आशय रंग और भंग से है, तो हुड़दंग का अर्थ रंग में भंग डाल देने से है। रंग में भंग डालने वाले हुड़दंगियों ने ही होली के कई उपनाम दे रखे हैं- कीचड़ वाली होली, कपड़ा फाड़ होली, गाली-गलौच वाली और तो और अश्लील होली भी, जिसमें कानफोड़ू संगीत पर फूहड़ डांस होते हैं। हालांकि समाज के संवेदनशील लोगों के बीच बदलते वक्त के साथ हर्बल होली या यूं कहें सूखी होली यानी गीले रंगों के बजाय अबीर-गुलाल वाली होली का प्रचलन बढ़ा है। गुब्बारे मारकर पीठ लाल कर देने की परंपरा भी कम पड़ी है। बावजूद इसके युवाओं का एक तबका बगैर हुड़दंग के होली नहीं मानता। रंग और भांग-शराब का कॉकटेल उन्हें इस कदर मदहोश कर देता है कि छेड़खानी जैसे अपराध ही नहीं करते, बल्कि खुद भी दुर्घटना का शिकार होकर जान तक गंवा बैठते हैं। बहरहाल, होली त्योहार का यह एक पहलू मात्र है।

दूसरा पहलू बहुत दिलचस्प और आकर्षक है, जिसमें पूजा-पाठ, शालीन नृत्य-गीत, पांव छूने और पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूजे को गले लगाने की परंपरा है। इस संदर्भ में उत्तराखंड की परंपरागत होली का उदाहरण लें, तो पाएंगे कि यहां होली महज रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि बुजुर्गों की विरासत को आगे बढ़ाने वाली सांस्कृतिक पहचान है। पहाड़ों के लोग वास्तव में विरासत में मिली परंपराओं को नई पीढ़ी तक ले जा रहे हैं। खासकर होली के अवसर पर वो चौपाइयां, राग रागिनी और गीत हैं, जो उत्तराखंड के इतिहास और संस्कृति को बयां करते हैं। रंगोत्सव का पहाड़ों पर कुछ अलग रंग रूप में दिखाई देता है। न तो कोई हुड़दंगबाजी और न ही बदरंग करने को पानी की बौछार। यहां पर होलियारों की टोलियां गीत, चौपाइयां और राग रागिनियां गाकर देव स्तुति करतीं हैं तो पूर्वजों की वीरता का गुणगान भी।

उत्तराखंड मे रंगोत्सव लगभग दो माह तक चलता है। वसंत पंचमी से कुमाऊं में होली की शुरुआत हो जाती है, जो बैठकी होली के नाम से प्रचलित है। दरअसल, माना जाता है कि वसंत ऋतु में सूर्य के उत्तरायण होने पर फल-फूलों की नई सृष्टि के साथ ऋतु अमृतप्राण हो उठती है। इसलिए होली को मन्वंतरांभ और नवान्नवेष्टि यज्ञ भी करार देते हैं। इसके बाद मंदिरों में होली पर रंग चढ़ाने के साथ ही पूर्णमासी यानी होली के दिन तक खड़ी होली मनती है। इस दौरान रामायण और कृष्णा व राधा से जुड़ी चौपाइयां गूंजती हैं। इन गीतों में प्रेम का संदेश होता है, तो मर्यादाओं की बात भी। पहाड़ी राज्य के राजा-महाराजाओं की वीर गाथाएं गाई जाती हैं, तो अपने पूर्वजों का गुणगान करते हुए प्रेम गीत भी होते हैं। स्वस्थ मौज-मस्ती के रूप में भाभी देवर के रिश्तों पर भी गीत गाकर पौराणिक परंपराओं को प्रकट किया जाता है। शालीन होली पर चर्चा करते हुए यहां युवाओं का भी संदर्भ जोड़ा जाना आवश्यक है।

ऐतिहासिक दस्तावेजों में तो उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली 16 वीं सदी से मनाने के प्रमाण हैं। माना जाता है वहीं परंपरा आज भी कुमाऊं से गढ़वाल और राज्य के कोने-कोने तक है। होलियारों की टोली घर-घर पहुंचकर गीतों के जरिए इस परंपरा को युवाओं तक भी पहुंचने की कोशिश करती है। होलियारों का ही प्रयास है कि डिजिटल युग में नए परिवेश में पले-बड़े युवा भी अपनी संस्कृति और परंपराओं को देखें, महसूस करें और समझें। असल में युवाओं के बीच शालीन होली का संदेश इसलिए जाना आवश्यक है, क्योंकि उनमें त्योहार को लेकर उत्साह, उमंग भरपूर होता है। ऐसे में नशा या मिलावटी खानपान उनकी सेहत पर घातक प्रभाव डाल सकता है। खासकर नशा कर वाहन चलाने वालों के लिए सख्त संदेश है कि रंगोत्सव के त्योहार को दुर्घटना का शिकार होकर अपनी और परिजनों की जिंदगी बर्बाद करने का प्रयास न करें।

इस दिन ऐसे बहुतेरे अस्पताल पहुंच जाते हैं, कई जान भी गंवा देते हैं। कुछ अराजक तत्व इस मौके पर दुश्मनी निकालने की भी फिराक में होते हैं, इसलिए होश खोना ठीक नहीं वरना, जानलेवा परिणाम भी सामने आए हैं। इसीलिए पहाड़ों पर मनाई जा रही परंपरागत होली को शहरी क्षेत्र में भी संदेश के रूप में लिया जाना चाहिए। कुछ संस्थाएं ऐसा कर भी रहीं हैं। इन्हीं संस्थाओं से जुड़ी होलियारों की टोलियों प्रयासरत हैं कि अपनी परंपराओं को बचाने के लिए उन्हें जो विरासत में मिला है, उसे वह आगे की पीढ़ी को भी दें। ताकि यह परंपराएं आगे बढ़ती रहें और इतिहास को जानने के साथ हम अपनी जड़ों से भी जुड़े रह सकें।

हकीकत यह है कि आज जब होली का स्वरूप कई जगह बिगड़ रहा है, राजा-महाराजाओं के समय से लगातार चली आ रही होली, पुरानी परंपराएं और संस्कृति को बचाए हुए है। पहाड़ पर होली का परंपरागत रूप न केवल सुख शांति का प्रतीक है, बल्कि एकता और भाईचारे को भी बढ़ाने का जीवंत उदाहरण है।

ऐतिहासिक दस्तावेजों में तो उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली 16 वीं सदी से मनाने के प्रमाण हैं। माना जाता है वहीं परंपरा आज भी कुमाऊं से गढ़वाल और राज्य के कोने-कोने तक है।

## सोशल फोरम

# नमक की कीमत

नमक बड़ी साधारण और सस्ती सी चीज है, लेकिन जीवन के लिए उतनी ही जरूरी भी। इतनी जरूरी की एक बार इसकी कमी की अफवाह ने इसे इतना बिकवाया की ये बाजार से ही गायब हो गया। इस साधारण सी चीज को बनाने का अधिकार भी जब अंग्रेजों ने हम से छीन लिया तो गांधी जी को इसके लिए नमक सत्याग्रह करना पड़ा और खुलेआम नमक बनाकर अंग्रेजों के कानून को धत्ता बताना पड़ा। मुझे याद है बचपन में जब भी नमक लेने दुकान में जाता था, तो दुकानदार एक ठोंगा (लिफाफा) देकर दुकान से बाहर रखे बोरे से खुद ही नमक भरने के लिए कहता था और फिर ठोंगे को अंदाज से ही देखकर वो तीन से दस पैसे तक कीमत ले लिया करता था। उस वक्त नमक थोड़ा मोटा होता था। इस साधारण से नमक को कोई भी दुकानदार दुकान के भीतर नहीं रखता था। रात को भी ये बाहर खुले में ही पड़ा रहता था। मगर मजाल है कि कोई इसे चोरी कर ले।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

नमक आज बहुत साधारण प्रतीत होता है, लेकिन कभी ये बहुत दुर्लभ था। इसलिए लोकधारणा थी कि यहां बर्बाद किया गया नमक मृत्यु बाद पलकों से उठाना होगा। आज इतने सस्ते और साधारण से नमक की एक बात बहुत असाधारण है। वो आपको फिल्म शोले का डॉयलाग तो याद होगा? "सरदार मैंने आपका नमक खाया है।" नमक की यही सबसे बड़ी खासियत है कि एक बार चटा देने के बाद आप उम्मीद करते हैं कि दूसरा इसका हक जरूर अदा करेगा। इस साधारण से नमक की यही असाधारण बात मुझे चुभती रहती है। भाई क्यों हर कोई नमक का हक अदा करने की उम्मीद करता है। माता पिता, भाई बंधु, समाज, संस्थान, देश सभी नमक के हक की बात करते हैं।

नमक खाया है, तो हक जरूर अदा करना चाहिए। कायदे से ये हमारी जिम्मेदारियां हैं, लेकिन कई बार नमक का हक आपके सिद्धांतों के आड़े आ जाता है। अब यहां सवाल उठता है कि क्या नमक की कीमत सिद्धांतो की कीमत से ज्यादा है? मेरे ख्याल में बिल्कुल नहीं... नमक तो विभीषण ने भी खाया था, लेकिन उसने रामजी का साथ देना पसंद किया? नमक तो विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन पॉल असांजे ने भी खाया था, जिसने सारी दुनिया के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझी? नमक तो मोहम्मद अली ने भी खाया था, जिसने वियतनाम के विरुद्ध युद्ध मे भाग लेने से मनाकर दिया था। बहरहाल इतना कहूंगा कि नमक जीवन के लिए जरूरी है, बहुत कीमती है, लेकिन हमारे सिद्धांतो से ज्यादा कीमती नहीं। –फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# फिर पिंजरे का तोता साबित हुई सीबीआई

केंद्रीय जांच एजेंसियों केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यप्रणाली पर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं, जिससे उनकी साख प्रभावित होती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसियां अब भी राजनीतिक प्रभाव से मुक्त स्वतंत्र कार्यप्रणाली विकसित नहीं कर सकी हैं। हाल में दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति प्रकरण में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों के विरुद्ध दायर सीबीआई के आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए उन्हें आरोपमुक्त कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रस्तुत दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया किसी भी आरोपी के विरुद्ध मामला बनता ही नहीं है। न्यायाधीश ने यहां तक टिप्पणी की कि जांच पूर्वनिर्धारित दिशा में बढ़ाई गई, ताकि कमजोर कहानी को विश्वसनीयता का भ्रम दिया जा सके।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ लेखक

अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी के विरुद्ध विभागीय जांच की संस्तुति भी की। हालांकि सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील दायर की है, परंतु निचली अदालत की कठोर टिप्पणियां उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। उल्लेखनीय है कि ईडी के मामलों में सजा की दर अत्यंत कम बताई जाती है, जिससे अभियोजन की गुणवत्ता पर भी संदेह उत्पन्न होता है। इस प्रकरण से पूर्व जमानत सुनवाई के दौरान भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने भी सीबीआई को 'पिंजरे में बंद तोता' की छवि से बाहर आने की सलाह दी थी। यह उपमा पहली बार 2013 में कोयला घोटाले की सुनवाई के समय तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश आर. एस. लोढ़ा की पीठ द्वारा दी गई थी। अदालत ने कहा था कि सीबीआई वही दोहराती है, जो उसके मालिक कहते हैं। इस टिप्पणी ने जांच एजेंसी की स्वतंत्रता पर राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया था।

राजनीतिक दलों द्वारा सीबीआई के दुरुपयोग के आरोप कोई नई बात नहीं है। सत्ता में रहते हुए दल इन एजेंसियों का उपयोग करते हैं और विपक्ष में आने पर दुरुपयोग का आरोप लगाते हैं। एफडीआई पर संसदीय बहस के दौरान भी यह मुद्दा उठा था। पूर्व सीबीआई निदेशक उमाशंकर मिश्रा ने स्वीकार किया था कि बड़े राजनीतिक मामलों में जांच प्रतिवेदन को प्रभावित करने का दबाव बनाया जाता है। इसी प्रकार 2 जी स्पेक्ट्रम मामले में पूर्व कैग अधिकारी आर. पी. सिंह के बयान ने भी संस्थागत दबाव की चर्चा को बल दिया।

प्रश्न यह भी है कि यदि अधिकारियों पर दबाव पड़ता है, तो वे तत्काल प्रतिरोध क्यों नहीं करते और सेवानिवृत्ति के बाद ही खुलासे क्यों सामने आते हैं? लोकसेवक शपथ लेकर दायित्व निभाते हैं, अतः दबाव में आकर कार्य करना सेवा आचरण संहिता के विपरीत है। यदि संवैधानिक और वैधानिक संस्थाएं स्वयं अपने दायित्वों के प्रति कठोर नहीं होंगी, तो उनकी विश्वसनीयता पर आंच आना स्वाभाविक है। ऐसे लोगों के मनोनयन से यह तथ्य प्रमाणित होता है कि वे सत्ता पक्ष के अनुयायी बने रहे। जाहिर है, देश के लोक सेवकों को भी प्रसिद्धि और लालच की भावना से ऊपर उठकर कर्तव्य का पालन करने की जरूरत है। यदि ऐसा होता है, तो सालों जांच से जुड़े मामले लंबित नहीं रहेंगे। सीबीआई के पास ज्यादातर ऐसे मामले होते हैं, जो राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार से जुड़े होते हैं। ऐसे में लटकाने के दबाव की प्रवृत्ति के चलते इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में किफायती 7-सीटर गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। बढ़ते परिवार, बेहतर स्पेस की जरूरत और बजट में मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल की चाह ने इस सेगमेंट को खासा मजबूत बना दिया है। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए निसान ने फरवरी में अपनी नई 7-सीटर कार मीटर एमपीवी 'ग्रेवाइट' को लॉन्च किया है। इसकी शुरुआती इंट्रोडक्ट्री एक्स-शोरूम कीमत 5.65 लाख रुपये रखी गई है, जो इसे एंट्री-लेवल 7-सीटर खरीदारों के लिए आकर्षक विकल्प बनाती है। कंपनी ने दमदार इंजन और प्लेटफॉर्म के साथ नई स्टाइलिंग, बेहतर फीचर्स और उन्नत सुरक्षा पैकेज देकर इसे फैमिली-फ्रेंडली कार के रूप में पेश किया है। ऐसे में कम बजट में 7-सीटर की तलाश कर रहे ग्राहकों के लिए ग्रेवाइट एक व्यावहारिक विकल्प साबित हो सकती है।

*- फीचर डेस्क*

## वेरिएंट और कीमत

ग्रेवाइट को चार प्रमुख वेरिएंट- VXiA, Acenta, N-Connecta और Tekna में उतारा गया है। ट्रांसमिशन के तौर पर 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत और ड्राइविंग सुविधा के अनुसार चयन कर सकते हैं। कीमत की बात करें, तो यह 5.65 लाख रुपये से शुरू होकर लगभग 8.93 लाख रुपये (टेकना लॉन्च एडिशन एएमटी) तक जाती है। कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है और डिलीवरी मार्च 2026 से प्रारंभ होने की संभावना जताई जा रही है। निसान की रणनीति स्पष्ट है कि कम कीमत में भरोसेमंद 7-सीटर विकल्प देकर बड़े ग्राहक वर्ग को आकर्षित करना।




## एक्सटीरियर : ज्यादा बोल्ड और मस्कुलर

इसकी बेसिक बॉडी शेप ट्राइबर से प्रेरित दिखाई देती है, लेकिन ग्रेवाइट को अलग पहचान देने के लिए कई नए स्टाइलिंग एलिमेंट्स जोड़े गए हैं। फ्रंट फेसिया पर बड़ी हनीकॉम्ब पैटर्न ग्रिल, बोनट पर 'Gravite' बैजिंग और स्लिम एलईडी डीआरएल्स इसे आधुनिक और दमदार लुक देते हैं। साइड प्रोफाइल में ऊंची रूफलाइन और सीधा स्टांस इसे ज्यादा स्पेशियस और प्रैक्टिकल दर्शाते हैं। 15-इंच स्टील व्हील्स और रूफ रेल्स इसकी यूटिलिटी अपील को मजबूत बनाते हैं। रियर सेक्शन में रैपअराउंड एलईडी टेललैंप्स, क्रोम स्ट्रिप और सी-शेप्ड सिल्वर एक्सेंट इसे प्रीमियम टच प्रदान करते हैं। कलर ऑप्शन की बात करें, तो यह ओनिक्स ब्लैक, स्टॉर्म व्हाइट, मेटैलिक ग्रे, ब्लेड सिल्वर और फॉरेस्ट ग्रीन जैसे पांच आकर्षक रंगों में उपलब्ध है।

# Nissan Gravite
# कम बजट में बड़ा स्पेस






## फीचर और सेफ्टी

निसान ने ग्रेवाइट को फीचर्स के मामले में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने की कोशिश की है। इसमें क्रूज कंट्रोल, वायरलेस फोन चार्जर और रियर एसी वेंट्स जैसी सुविधाएं मिलती हैं। सुरक्षा के लिहाज से छह एयरबैग स्टैंडर्ड दिए गए हैं, जो इस कीमत में एक महत्वपूर्ण विशेषता है। इसके अलावा एबीएस के साथ ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ESC), रियर पार्किंग कैमरा, पार्किंग सेंसर और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) भी शामिल हैं। सेगमेंट में स्टैंडर्ड छह एयरबैग का मिलना इसे सुरक्षा के मामले में मजबूत दावेदार बनाता है।

## इंटीरियर : सादगी और उपयोगिता का मेल

- ग्रेवाइट का केबिन डिजाइन सादा, लेकिन कार्यात्मक है। डुअल-टोन ब्लैक और बेज थीम के कारण अंदर का माहौल खुला और हवादार महसूस होता है। डैशबोर्ड लेआउट परिचित जरूर है, लेकिन प्रेजेंटेशन में हल्के बदलाव इसे नया रूप देते हैं।
- बीच में 8-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जो वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो को सपोर्ट करता है। इसके नीचे मैनुअल क्लाइमेट कंट्रोल के लिए तीन रोटरी नॉब्स दिए गए हैं, जो उपयोग में सरल हैं।
- 7-इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, 3-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, पुश-बटन स्टार्ट और कीलेस एंट्री जैसे फीचर इसे आधुनिक स्पर्श देते हैं। सीटों पर लेदरेट फिनिश दी गई है और 8 एसी वेंट्स सुनिश्चित करते हैं कि सभी यात्रियों तक पर्याप्त ठंडी हवा पहुंचे। कुल मिलाकर, इसका इंटीरियर लक्जरी से ज्यादा व्यावहारिकता पर केंद्रित है।



## इंजन परफॉर्मेंस

ग्रेवाइट में 1-लीटर, 3-सिलेंडर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 72 पीएस की पावर और 96 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी विकल्पों के साथ उपलब्ध है। माइलेज की बात करें, तो मैनुअल वर्जन 19.3 किमी/लीटर और एएमटी वर्जन 19.6 किमी/लीटर तक का सर्टिफाइड माइलेज देने का दावा करता है। यह इंजन मुख्य रूप से शहरी उपयोग और पारिवारिक ड्राइविंग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हालांकि हाईवे पर फुल लोड के साथ इसकी परफॉर्मेंस औसत रह सकती है।

मॉय फर्स्ट राइड

## उत्साह, हिम्मत और आत्मनिर्भरता की यात्रा



मैंने जब गाड़ी चलाना सीखने के बारे में सोचा, तब मैं बहुत ज्यादा उत्साहित थी। सच कहूं तो मुझे पहले कभी अंदाजा नहीं था कि मैं भी गाड़ी चला पाऊंगी, लेकिन मन के भीतर एक दृढ़ इच्छा थी कि मुझे सीखना है। मुझे लगता था कि अगर घर में कोई भी व्यक्ति वाहन चला सकता है, तो मुझे भी यह कौशल आना चाहिए। यही सोच मेरे हौंसले की सबसे बड़ी ताकत बनी।

इस पूरे सफर में मेरे पति और मेरी छोटी-सी बेटी ने मेरा बहुत साथ दिया। आज भी मुझे वह दिन याद है, जब पहली बार ड्राइविंग स्कूल के इंस्ट्रक्टर हमें सिखाने आते थे। उनका मॉर्निंग शेड्यूल होता था, इसलिए हमें सुबह लगभग साढ़े पांच या छह बजे तक पहुंच जाना पड़ता था। मेरे पति हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते थे और मेरी छोटी बेटी भी जाग जाती थी और कहती "मम्मी आपको सीखने जाना है।" उसका वह मासूम उत्साह मेरे लिए प्रेरणा बन जाता था।

पहली बार जब मैंने सड़क पर गाड़ी चलाई, तो दिल में थोड़ा डर था। वजह भी साफ थी कि सड़क पर गाड़ी चलाना सिर्फ खुद को संभालना नहीं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी होता है। शुरुआत में हर मोड़ और हर ब्रेक पर घबराहट महसूस होती थी, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया और अभ्यास बढ़ता गया, मेरे अंदर आत्मविश्वास भी बढ़ने लगा। धीरे-धीरे डर की जगह विश्वास ने ले ली और ड्राइविंग मुझे मुश्किल नहीं, बल्कि आनंददायक लगने लगी।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो महसूस करती हूं कि मेरे परिवार के सहयोग और मेरे खुद के हौसले की वजह से ही मैं आज इतनी आत्मविश्वास से गाड़ी चला पाती हूं। यह अनुभव मेरे लिए सिर्फ एक नई स्किल सीखने का नहीं था, बल्कि खुद पर भरोसा करना और अपने डर को हराना सीखने का भी था। सच में, मेरा ड्राइविंग का अनुभव बहुत अच्छा रहा, क्योंकि इसमें मेहनत, साहस और अपनों का साथ तीनों शामिल थे। गाड़ी सीखने के शुरुआती दिनों में कई बार ऐसा हुआ कि चलते-चलते गाड़ी बंद हो जाती, क्लच ठीक से संभलता नहीं था और गियर बदलते समय समझ ही नहीं आता था कि क्या करूं। बीच सड़क पर ट्रैफिक चल रहा होता और मेरी गाड़ी रुकी खड़ी रहती, तो एक पल के लिए लगता था कि शायद मुझसे नहीं हो पाएगा, लेकिन अगले ही क्षण मैंने खुद को हौसला दिया, नहीं मुझे यह जरूर सीखना है। यही आत्मविश्वास धीरे-धीरे मेरे डर को ताकत में बदलता गया और आखिरकार मैं सफल हो गई।

***-प्रगति श्रीवास्तव, वाइस प्रिंसिपल, सरयू इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या।***

काम की बात

## होली के रंगों से अपनी कार को ऐसे रखें सुरक्षित

होली खुशियों, उमंग और रंगों का त्योहार है। इस दिन लोग खुलकर जश्न मनाते हैं, लेकिन यही रंग और पानी हमारी कार के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। हवा में उड़ता गुलाल, पानी से भरे गुब्बारे और केमिकल युक्त रंग कार के पेंट पर जिद्दी दाग छोड़ जाते हैं। कई बार ये निशान इतने गहरे हो जाते हैं कि उन्हें हटाने के लिए प्रोफेशनल डिटेलिंग की जरूरत पड़ती है। अगर आप चाहते हैं कि होली के बाद भी आपकी कार पहले जैसी चमकती रहे, तो कुछ आसान सावधानियां अपनाना जरूरी है।

### सही जगह पार्किंग

कोशिश करें कि होली के दिन कार को कवर पार्किंग में ही खड़ा करें। यदि ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो अच्छी क्वालिटी का कार कवर जरूर इस्तेमाल करें। यह कवर रंगों के साथ-साथ धूल, धूप और अन्य बाहरी तत्वों से भी सुरक्षा प्रदान करता है। अगर कवर भी उपलब्ध न हो, तो कार को ऐसी जगह पार्क करें, जहां होली खेलने वाली भीड़ के पहुंचने की संभावना कम हो।

### कार पर वैक्स की परत

वैक्स पेंट के ऊपर एक सुरक्षात्मक लेयर बना देता है, जिससे रंग सीधे पेंट पर नहीं चिपकते। इससे बाद में सफाई करना भी आसान हो जाता है। इसके अतिरिक्त, वैक्स कार को तेज धूप, धूल और पक्षियों की बीट से भी बचाने में मदद करता है। होली से पहले एक बार वैक्स करवा लेना समझदारी भरा कदम हो सकता है।

### खिड़कियां बंद रखना बेहद जरूरी

अक्सर लोग जल्दी में कार पार्क करते समय खिड़कियां पूरी तरह ऊपर करना भूल जाते हैं। इससे रंग या पानी कार के अंदर जा सकता है। खिड़कियां बंद रखने से न केवल केबिन सुरक्षित रहता है, बल्कि धूल और कीड़े-मकोड़े भी अंदर नहीं आते। यह आदत सिर्फ होली के लिए ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।

### कार का इंटीरियर

कार के इंटीरियर की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, जितनी बाहरी हिस्से की। यदि आप होली खेलकर लौट रहे हैं, तो कोशिश करें कि गीले या रंग लगे कपड़ों में सीधे कार में न बैठें। बेहतर होगा कि एक जोड़ी अतिरिक्त कपड़े साथ रखें। अगर कपड़े बदलना संभव न हो, तो सीट पर तौलिया बिछा लें ताकि रंग सीधे सीट से संपर्क में न आए। डैशबोर्ड और अन्य हिस्सों को बचाने के लिए प्लास्टिक शीट या कवर का उपयोग किया जा सकता है।

### अच्छे शैंपू से धोएं कार

यदि सभी सावधानियों के बावजूद कार पर रंग लग ही जाए, तो देर न करें। जितनी जल्दी सफाई की जाएगी, दाग उतनी आसानी से हटेंगे। कार को साफ पानी और अच्छे कार शैंपू से धोएं। कठोर केमिकल का उपयोग करने से बचें, क्योंकि इससे पेंट को नुकसान हो सकता है। इंटीरियर की सफाई के लिए भरोसेमंद क्लीनर का इस्तेमाल करें।



## सड़कों का महाजाल: नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे के बीच का अंतर

*भारत का सड़क नेटवर्क आज दुनिया के सबसे विशाल और सुदृढ़ नेटवर्कों में से एक गिना जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक फैली ये सड़कें देश की अर्थव्यवस्था की धमनियां हैं। जब भी हम लंबी दूरी की यात्रा की योजना बनाते हैं, तो दो शब्द अक्सर सुनने को मिलते हैं : नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे। हालांकि आम बोलचाल में लोग इन्हें एक ही समझ लेते हैं, लेकिन तकनीकी, सुरक्षा और सुविधा के मामले में इनके बीच जमीन-आसमान का अंतर है। आइए आपको इनके बीच का अंतर बताते हैं।*



### नेशनल हाईवे

नेशनल हाईवे यानी राष्ट्रीय राजमार्ग, भारत के वे प्राथमिक मार्ग हैं, जो राज्यों की राजधानियों, बड़े औद्योगिक केंद्रों, महत्वपूर्ण बंदरगाहों और रणनीतिक सीमावर्ती क्षेत्रों को आपस में जोड़ते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य अंतर्राज्यीय परिवहन को सुगम बनाना है।

### प्रबंधन और विस्तार

इनका निर्माण और रख-रखाव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के अंतर्गत भारतीय नेशनल हाईवे प्राधिकरण (NHAI) द्वारा किया जाता है। वर्तमान में भारत में 200 से अधिक मुख्य नेशनल हाईवे हैं, जिनका नेटवर्क लगभग 1.3 लाख किलोमीटर तक फैला हुआ है।

### बनावट और गति

ये सड़कें सामान्यतः दो से चार लेन की होती हैं। नेशनल हाईवे की एक मुख्य विशेषता यह है कि ये शहरों और कस्बों के बीच से होकर गुजरते हैं, जिससे स्थानीय यातायात भी इसमें शामिल हो जाता है। यहां कारों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किमी/घंटा और दोपहिया वाहनों के लिए 80 किमी/घंटा निर्धारित की गई है।

- **एक रोचक तथ्य** – भारत का सबसे लंबा राजमार्ग NH-44 है, जो उत्तर में श्रीनगर से शुरू होकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक 3,745 किलोमीटर की अविश्वसनीय दूरी तय करता है।
- **एक्सप्रेसवे** – एक्सप्रेसवे को आप 'हाईवे का एडवांस वर्जन' कह सकते हैं। ये विशेष रूप से उच्च गति और निर्बाध यात्रा के लिए डिजाइन किए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य दो बड़े बिंदुओं के बीच यात्रा के समय को न्यूनतम करना है।
- **कंट्रोल्ड ऐक्सेस**– एक्सप्रेसवे की सबसे बड़ी खासियत इसका 'कंट्रोल एक्सेस' होना है। इसका मतलब है कि आप अपनी मर्जी से कहीं से भी सड़क पर नहीं चढ़ सकते और न ही उतर सकते हैं। इसके लिए विशिष्ट 'एंट्री' और 'एग्जिट' पॉइंट्स बनाए जाते हैं।
- **लेन और सुविधाएं**– एक्सप्रेसवे आमतौर पर 6 से 8 लेन के होते हैं। यहां बीच में कोई चौराहे या रेड लाइट नहीं होती। सुरक्षा के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और सर्विस लेन की व्यापक व्यवस्था होती है। उत्तर प्रदेश का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे (302 किमी) इसकी आधुनिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।
- **रफ्तार का रोमांच**– एक्सप्रेसवे पर कारों के लिए गति सीमा 120 किमी/घंटा तक होती है। यहां छोटे रास्ते या गलियां सीधा नहीं जुड़तीं, जिससे दुर्घटना की संभावना काफी कम हो जाती है।

### मुख्य अंतर

- **ऐक्सेस कंट्रोल**– हाईवे पर कई छोटे रास्ते जुड़ते हैं, जबकि एक्सप्रेसवे पर केवल निर्धारित एंट्री-एग्जिट पॉइंट होते हैं।
- **सुरक्षा और चौड़ाई**– एक्सप्रेसवे ज्यादा चौड़े, सुरक्षित और तेज रफ्तार यात्रा के लिए बनाए जाते हैं।
- **वाहन नियम**– हाईवे पर दोपहिया चलते हैं, लेकिन एक्सप्रेसवे पर आमतौर पर इनकी अनुमति नहीं होती।
- **ड्राइविंग नियम**– हाईवे पर गति सीमा का पालन करें और छोटे कस्बों से गुजरते समय सावधानी बरतें।
- एक्सप्रेसवे पर लेन अनुशासन और निर्धारित प्रवेश-निकास का पालन अनिवार्य है।
- दोनों ही सड़कों पर ओवरस्पीडिंग और गलत दिशा में गाड़ी चलाना गंभीर अपराध माना जाता है।

## आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है भारत का इस्पात उद्योग

**नयी दिल्ली।** एक और जहां वैश्विक स्तर पर और चीन के इस्पात बाजार में गिरावट देखी जा रही है, वहीं भारत का इस्पात उद्योग लगभग आठ प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर बनाए हुए है। सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एडवांस्ड रोलिंग टेक्नोलॉजी' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईएमएमएस 2026) के उद्घाटन सत्र में सेल के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (वाणिज्यिक - अतिरिक्त प्रभार) ए के पांडा ने कहा कि इस्पात उत्पादन की क्षमता तेजी से बढ़ रही है।


# अमृत विचार

कानपुर, सोमवार, 2 मार्च 2026

www.amritvichar.com

# कारोबार


## बिजनेस ब्रीफ

### एफपीआई ने फरवरी में की 37,847 करोड़ रुपये की लिवाली

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय पूंजी बाजार में 37,847 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की। शुद्ध लिवाली लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। अक्टूबर 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने इक्विटी में शुद्ध रूप से लिवाली की है। डेट में भी उनका निवेश 18,791 करोड़ रुपये बढ़ा है। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 3,896 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।

### दीपक गुप्ता ने गेल का चेयरमैन पद संभाला

**नयी दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र के अनुभवी कार्यकारी दीपक गुप्ता ने देश की सबसे बड़ी गैस पारेषण और विपणन कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पद संभाल लिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियर गुप्ता को प्राकृतिक गैस पारेषण, विपणन और बुनियादी ढांचा विकास का व्यापक अनुभव है। उन्होंने संदीप कुमार गुप्ता का स्थान लिया है, जो 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। उनका कार्यकाल 28 फरवरी, 2029 तक होगा।

### आईआईएफसीएल के आईपीओ को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (आईआईएफसीएल) को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सरकार से जरूरी मंजूरी मिल गई है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आईपीओ प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आईआईएफसीएल के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक (एमडी) रोहित ऋषि ने बताया कि निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने इस मंजूरी के बारे में कंपनी को बताया है। आईआईएफसीएल में केंद्र सरकार की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## सतर्क रहें, सुरक्षित रहें



जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को समाज के हर वर्ग से युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश करने वालों और आतंकी तंत्र को बनाए रखने के प्रयास करने वाले तत्वों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। श्री सिन्हा फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) द्वारा आयोजित 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लघु एवं सूक्ष्म उद्यम (एमएसएमई) अब जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था का आधार हैं। **फोटो :** एजेंसी

# फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से प्राप्त राजस्व में उच्च वृद्धि और घरेलू बिक्री में सुधार का इस वृद्धि में मुख्य योगदान रहा।

इस दौरान सकल घरेलू राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। कुल रिफंड 10.2 प्रतिशत बढ़कर 22,595 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये था। सितंबर, 2025 से लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की गई थी। साथ ही पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को मिलाकर पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब बनाए गए थे। इसके अलावा कुछ चुनिंदा अति-विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए अधिकतम 40 प्रतिशत का स्लैब रखा गया था। कर कटौती लागू होने के पहले महीने में जीएसटी संग्रह में शुरुआती गिरावट देखी गई और नवंबर में राजस्व घटकर 1.70 लाख करोड़ रुपये रह गया था।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार एम एस मणि ने कहा कि आंकड़े दर्शाते हैं कि उपभोग में हुई वृद्धि ने कर दरों में की गई कटौती की भरपाई कर दी है।

# ईरान संकट: पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक

### शुरू हो चुका व्यापार पर संघर्ष का असर, रुक गयी बंदर अब्बास के रास्त ईरान-अफगानिस्तान जाने वाली खेप

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी**




ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमलों के बाद हरियाणा के चावल निर्यातकों को ईरान और अफगानिस्तान जाने वाली खेप में व्यवधान और भुगतान में देरी का डर सता रहा है। पश्चिम एशिया में बिगड़ते सुरक्षा हालातों और होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से आवाजाही बाधित होने की आशंका के बीच शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालने की सलाह दी गयी है।

राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने रविवार को कहा कि व्यापार पर संघर्ष का कुछ असर पहले ही शुरू हो चुका है। ईरान के सबसे बड़े बंदरगाह- बंदर अब्बास के रास्ते ईरान या अफगानिस्तान जाने वाली खेप रुक गई है। जैन ने बताया कि स्थिति सुधरने तक ये खेप फंसी रहेगी, जिससे बाजार प्रभावित होगा। भुगतान में भी देरी हो सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रभाव का सटीक आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि संघर्ष कितने समय तक चलता है। बासमती निर्यात के बारे में जैन ने बताया कि भारत के कुल वार्षिक निर्यात में हरियाणा का योगदान लगभग 35 प्रतिशत है।

इसबीच इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) ने अपने सदस्यों को ईरान और खाड़ी के कुछ हिस्सों के लिए नए सीआईएफ (लागत, बीमा और माल ढुलाई) सौदों से बचने की सलाह दी है। फेडरेशन ने रविवार को जारी एक परामर्श में निर्यातकों से कहा है कि जहां तक संभव हो वे एफओबी (फ्री ऑन बोर्ड) शर्तों पर काम करें। इस व्यवस्था के तहत अंतरराष्ट्रीय खरीदार माल ढुलाई, बीमा और संबंधित जोखिमों को वहन करता है, जिससे भारतीय निर्यातक निश्चित मूल्य वाले अनुबंधों पर अचानक बढ़ने वाली लागत के जोखिम से बच जाते हैं।

निर्यातकों के निकाय ने चेतावनी दी कि ईरान और यूएई के घटनाक्रम 'बंकर' (मालवाहक जहाजों में प्रयुक्त ईंधन) की कीमतों को बढ़ा सकते हैं... कम समय के नोटिस पर कंटेनर और बल्क फ्रेट में भारी वृद्धि हो सकती है। साथ ही, बीमा प्रीमियम में भी तेज उछाल की आशंका जताई गई है। भारत के चावल निर्यात के लिए यह संकट काफी बड़ा है, क्योंकि अफ्रीका और पश्चिम एशिया को होने वाला निर्यात कुल राष्ट्रीय चावल निर्यात का लगभग आधा हिस्सा है। करनाल के चावल मिल मालिक नीरज कुमार ने कहा कि कल संघर्ष शुरू होने के बाद से अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। ईरान बासमती का हमारा सबसे बड़ा खरीदार है, जबकि इसका निर्यात यूएई, ओमान, यमन और इराक जैसे अन्य देशों में भी किया जाता है।

### सरकार-निर्यातकों-शिपिंग कंपनियों की बैठक आज

नयी दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध के हालातों के बीच भारतीय व्यापार पर इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में निर्यातकों, शिपिंग कंपनियों और विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि तेजी से बदलते हालात के बीच भारतीय व्यापार पर इसके असर को समझने के लिए आयोजित इस बैठक में कुछ लोग सीधे और कुछ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शामिल होंगे। निर्यातकों ने गहरी चिंता व्यक्त की है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से होर्मुज जलडमरूमध्य और बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग प्रभावित होंगे। ये मार्ग भारत को खाड़ी क्षेत्र, उत्तरी अमेरिका और यूरोप से जोड़ने के लिए जीवन रेखा माने जाते हैं।

# इजराइलः हाइफा बंदरगाह पूरी तरह सुरक्षितः अदाणी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

ईरान के साथ बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच अदाणी समूह ने रविवार को कहा कि इजराइल स्थित उसका 'हाइफा बंदरगाह' पूरी तरह सुरक्षित है और परिचालन की स्थिति में है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन (एपीएसईजेड) ने एक बयान में कहा कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह की सभी संपत्तियां तथा बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के खिलाफ एक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें हाइफा को भी निशाना बनाया गया है।

बयान में कहा गया, "हाइफा पोर्ट कंपनी पुष्टि करती है कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। बंदरगाह की सभी संपत्तियां और बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित एवं परिचालन की स्थिति में है।" हालांकि, बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ईरान के किसी ड्रोन या मिसाइल ने बंदरगाह को नुकसान पहुंचाया है या नहीं।

### तेल आपूर्ति पर कोई बड़ा खतरा नहीं, बढ़ सकती हैं कीमतें

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ईरान में गहराते संकट के कारण भारत को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापक आर्थिक प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों की राय में हालांकि, देश की तेल आपूर्ति श्रृंखला को अभी तक किसी संरचनात्मक असुरक्षा का सामना नहीं करना पड़ा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 73 डॉलर प्रति बैरल के सात महीने के उच्चस्तर तक पहुंचा दिया है। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ गया है, जिससे मुद्रास्फीति और चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव बढ़ सकता है। हालांकि, निकट भविष्य में तेल आपूर्ति बाधित होने की संभावना कम है। केपलर के शीर्ष शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा कि मौजूदा स्थिति में शुरुआती प्रभाव मात्रा के बजाय कीमत आधारित होने की संभावना है।

## एयरटेल का स्पैम मैसेज रोकने के लिए गूगल से करार

**नयी दिल्ली।** निजी दूरसंचार कंपनी एयरटेल ने गूगल के आरसीएस प्लेटफार्म और स्पैम फिल्टर सुविधाओं के लिए उसके साथ एक करार किया है। कंपनी ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एयरटेल के नेटवर्क इंटेलिजेंस और गूगल के रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज (आरसीएस) प्लेटफॉर्म तथा स्पैम फिल्टरिंग के संयोजन से उपयोगकर्ता अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो और वीडियो का अनुभव कर सकते हैं।

वे मैसेज रिएक्शन जैसे इंटरैक्टिव विकल्पों का भी लाभ उठा सकते हैं। साथ ही उन्नत सुरक्षा व्यवस्था के जरिये मोबाइल स्पैम और डिजिटल धोखाधड़ी काफी हद तक कम हो जायेगी। कंपनी ने बताया कि डिजिटल इकोसिस्टम के भीतर एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कमी अब भी मौजूद है। जिनका शातिर और संगठित धोखेबाजों द्वारा बढ़ते स्तर पर दुरुपयोग किया जा रहा है।

# टॉप नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.18 हजार करोड़ रुपये घटा

**मुंबई, एजेंसी**

- **एयरटेल का एमकैप सर्वाधिक 55,852 करोड़ रुपये घटा**

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही भारी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल नौ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 2,18,902 करोड़ रुपये घट गया जबकि हिंदुस्तान यूनीलिवर (एचयूएल) को एमकैप में फायदा हुआ है। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का एमकैप सबसे ज्यादा 55,852 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 37,580 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 34,846 करोड़ रुपये घट गया। बजाज फाइनेंस को एमकैप में 20,316 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को 18,181 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सार्वजनिक क्षेत्र के एलआईसी का एमकैप 14,990 करोड़ रुपये कम हुआ। निर्माण एवं अभियांत्रिकी कंपनी एलएंडटी का बाजार पूंजीकरण 13,715 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का 13,061 करोड़ रुपये घट गया। आईसीआईसीआई बैंक को एमकैप में 10,360 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। एफएमसीजी कंपनी एचयूएल का एमकैप 5,463 करोड़ रुपये बढ़ा। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,86,833 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम है।

एचडीएफसी बैंक 13,65,659 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और स्टेट बैंक 11,09520 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है।

## धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक से इनकार

**नयी दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने कर्ज में डूबी वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा कर्ज अदायगी में की गई चूक के मामले में धूत भाइयों - राजकुमार नंदलाल धूत और प्रदीप नंदलाल धूत की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिसमें उनके खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही शुरू करने को चुनौती दी गई थी।

धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही तब शुरू की गई थी, जब एसबीआई ने वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा ऋण चूक पर 5,353.78 करोड़ रुपये की मांग का नोटिस जारी किया था। वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज मुख्य कर्जदार थी, जिसके लिए ये दोनों भाई व्यक्तिगत गारंटर थे। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने पिछले साल जून में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के पारित उन आदेशों को बरकरार रखते हुए इन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

# पहली अप्रैल से लागू होगी सीमा शुल्क बाद में भुगतान की योजना 'ईएमआई'

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) योजना एक अप्रैल से लागू होगी। इसके तहत आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि बाद में सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा उन पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) के लिए उपलब्ध होगी जो सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अनुपालन, कारोबार, वित्तीय स्थिति अपने पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को पूरा करते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी, अनुपालन संस्कृति मजबूत होगी। एईओ (अधिकृत आर्थिक परिचालक) कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। मौजूदा एईओ-टी1 (अधिकृत आर्थिक परिचालक-




टी1) इकाई, जिनमें सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं, जो पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं, वे भी इस योजना के पात्र होंगे।

इसमें आगे कहा गया कि यह सुविधा एक अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी, और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी।'''' इस पहल के तहत, ईएमआई से आयातित सामान लिया जा सकेगा, लेकिन उस समय सीमा शुल्क नहीं देना होगा। इसके बजाय, लागू शुल्क का भुगतान ''आयात शुल्क का बाद में भुगतान नियम-2016'' के तहत बाद में किया जा सकेगा। इससे विनिर्माता बेहतर तरीके से अपने नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी का प्रबंधन कर सकेंगे।

ईएमआई योजना को भरोसे पर आधारित सुविधा के तौर पर डिजाइन किया गया है, जो नियमों का पालन करने वाले विनिर्माताओं को आसान प्रक्रिया का लाभ उठाने का अवसर देती है। इसके अलावा इससे अनुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना की अवधि के दौरान, पात्र विनिर्माता आयातकों से से उम्मीद की जाती है कि वे धीरे-धीरे एईओ-टी2 या एईओ-टी3 का दर्जा हासिल कर लेंगे, जिससे एईओ कार्यक्रम के तहत उन्हें बेहतर सुविधा, तेज मंजूरी और प्राथमिकता वाला दर्जा मिल सके।

## राज्यों के बॉन्ड निर्गम में 'रीइश्यू' की 18.5 प्रतिशत हिस्सेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** कुल राज्य विकास ऋण (एसडीएल) उधारी में 'रीइश्यू' (पुनर्निर्गम) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गई है। यह पिछले सात साल का उच्चतम स्तर है। इससे पता चलता है कि राज्यों में अपनी बढ़ी हुई वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा प्रतिभूतियों को फिर से खोलने का रुझान बढ़ रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के आधार पर एजेंसी द्वारा संकलित जानकारी के अनुसार, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 10,32,788.8 करोड़ रुपये के एसडीएल निर्गम में लगभग 1,90,970 करोड़ रुपये पुनर्निर्गम के जरिये जुटाए। यह अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में दर्ज 17.29 प्रतिशत से अधिक है और पिछले कम से कम सात वित्त वर्षों में सबसे ऊंचा स्तर है।

**विस्तार**

### यूनिफॉर्म से लेकर एआई तक अगुवा बनने का इरादा

# अब शिक्षा क्षेत्र में दांव लगाने को तैयार मफतलाल समूह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**

कभी मशहूर कपड़ा ब्रांड रहा अरविंद मफतलाल समूह अब शिक्षा क्षेत्र में बड़ा दांव लगाने जा रहा है। समूह का इरादा यूनिफॉर्म (स्कूलों, अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली वर्दी) से लेकर कृत्रिम मेधा (एआई) तक की पेशकश करने का है। समूहके वाइस-चेयरमैन प्रियव्रत मफतलाल ने यह जानकारी दी।

समूह की प्रमुख कंपनी मफतलाल इंडस्ट्रीज कपड़ा, विशेषरूप से यूनिफॉर्म क्षेत्र पर खास ध्यान देगी। इसके साथ ही कंपनी प्रौद्योगिकी, भविष्य के कौशल, उद्यमिता और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता क्षेत्र पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। परिवार की तीसरी पीढ़ी से जुड़े प्रियव्रत मफतलाल ने एजेंसी के साथ साक्षात्कार में समूह की दीर्घावधि की महत्वाकांक्षा के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हम सिर्फ कपड़ा क्षेत्र के अलावा और भी बहुत कुछ कर रहे हैं...।

मफतलाल इंडस्ट्रीज जिसकी 120 साल से ज्यादा की विरासत है। स्कूल, कॉरपोरेट और अस्पतालों के लिए यूनिफॉर्म या वर्दी बनाने वाली एक बड़ी कंपनी है। समूह की दूसरी कंपनियों में रबड़ केमिकल बनाने वाली एनओसीआईएल, भविष्य के कौशल पर केंद्रित लर्निंग स्टार्टअप '' गेट सेट लर्न'' और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी व्रत टेक साल्यूशंस शामिल हैं।



प्रियव्रत मफतलाल

उन्होंने कहा कि कपड़ा स्पष्ट तौर पर हमारा मुख्य क्षेत्र है। यूनिफॉर्म ऐसी चीज़ है जिसे हम बदलना चाहते हैं...आज किसी के पास कपड़ा खरीदने, दर्जी के पास जाने का समय नहीं है। आप चाहते हैं कि सिलेसिलाए कपड़े आपके घर आएं, खासकर यूनिफॉर्म के लिए।''''

मफतलाल ने कहा, हालांकि कुछ कंपनियां घर पर रेडिमेड यूनिफॉर्म की आपूर्ति कर रही हैं, लेकिन अगर हम इसे बड़े पैमाने पर कर सकें, तो यह एक बड़ा बदलाव होगा। शिक्षा के क्षेत्र में, उन्होंने कहा कि समूह स्तर पर, हम शायद दुनिया के अकेले या उन कुछ खिलाड़ियों में से एक के तौर पर स्थापित होना चाहेंगे जो आपको यूनिफॉर्म से लेकर एआई तक सब कुछ दे रहे हैं।

बताया-हम सरकारी स्कूलों में कक्षाओं को डिजिटल कर रहे हैं। उन्हीं सरकारी स्कूलों के साथ, अब हम आईसीटी लैब, पीएएल लैब और रोबोटिक लैब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। 'गेट सेट लर्न' का ज़िक्र करते हुए, मफतलाल ने कहा कि यह सिर्फ भविष्य के कौशल... उद्यमिता और भविष्य के उद्यमिता रोबोटिक्स, एआई, करियर और जीवन में काम आने वाले कौशल पर काम कर रही है। हम इसे दुनिया के कुछ सबसे बड़े नामों जैसे हार्वर्ड, कैम्ब्रिज, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी रुड़की, वीईएक्स... के साथ बना रहे हैं। वे भविष्य के कौशल के तहत आने वाले इस सफर पर मिलकर चलने के लिए हमारे साथ भागीदारी कर रहे हैं। यह बताते हुए कि समूह स्वच्छता क्षेत्र में स्क्रब, अस्पताल कर्मियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी, डायपर और सैनिटरी नैपकिन में भी मुख्य रूप से शामिल है।

# सावधान! 'सिम बाइंडिंग' नियम लागू बिना सिम कार्ड नहीं चलेगा व्हाट्सएप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में डिजिटल सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए भारत सरकार ने आज, 1 मार्च 2026 से मैसेजिंग ऐप्स के लिए नए 'सिम बाइंडिंग' (SIM Binding) नियमों को अनिवार्य कर दिया है। अब व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे प्लेटफॉर्म्स का उपयोग केवल तभी किया जा सकेगा जब संबंधित मोबाइल नंबर का फिजिकल सिम कार्ड डिवाइस में सक्रिय रूप से मौजूद हो। क्या है नया नियम? दूरसंचार विभाग (DoT) के टेलीकॉम साइबर सिक्योरिटी (TCS) रूल्स, 2024 के तहत




अब मैसेजिंग ऐप्स का सीधा जुड़ाव सक्रिय सिम कार्ड से होगा। पहले केवल एक बार OTP के जरिए वेरिफिकेशन होता था, जिसके बाद सिम हटा देने पर भी ऐप चलता रहता था। लेकिन अब सिम कार्ड निकालते ही या इनएक्टिव होते ही व्हाट्सएप काम करना बंद कर देगा। व्हाट्सएप वेब पर भी सख्ती डेस्कटॉप या लैपटॉप पर व्हाट्सएप वेब इस्तेमाल करने वालों को अब हर 6 घंटे में ऑटो-लॉगआउट का सामना करना पड़ेगा। दोबारा लॉगिन के लिए यूजर को अपने उसी प्राइमरी फोन की जरूरत होगी जिसमें सिम कार्ड लगा है।

यह कदम साइबर अपराधियों द्वारा वेब वर्जन के जरिए किए जाने वाले अवैध एक्सेस को रोकने के लिए उठाया गया है। इन ऐप्स पर पड़ेगा असर यह नियम उन सभी ऐप्स पर लागू है जो मोबाइल नंबर आधारित लॉगिन का उपयोग करते हैं, जिनमें WhatsApp, Telegram, Signal, Snapchat, JioChat और Arattai शामिल हैं।

# अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस पर पाकिस्तानी हमले को किया नाकाम

**काबुल, एजेंसी**

पाकिस्तानी सेना ने रविवार सुबह बगराम एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की लेकिन देश की रक्षा प्रणाली ने इसे नाकाम कर दिया । पझवोक अफगान न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी गयी है। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय ने कहा कि सुबह करीब 5:00 बजे पाकिस्तानी सेना के कई जेट विमानों ने बगराम एयरबेस पर हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया, बगराम की बहादुर रक्षात्मक और वायु सेना के तुरंत जवाब से दुश्मन की हरकतों को बेअसर कर दिया गया और एक जरूरी तथा निर्णायक जवाब दिया

- पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार सुबह की थी हमले की कोशिश



गया। अब तक इलाके में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह से सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है। पुलिस मुख्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि देश के हवाई क्षेत्र और देश की आजादी की रक्षा करना एक बुनियादी और अहम जिम्मेदारी है। अफगानिस्तान के इलाके, लोगों या मूल्यों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब सही और निर्णायक तरीकों से दिया जाएगा। गौरतलब है कि 21 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका में एक मदरसे और नंगरहार में रिहायशी इलाकों पर हवाई हमले किए, जिसमें दस से अधिक लोगों की मौत हो गयी थी। इसके बाद 27 फरवरी को अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सेना की चौकियों और सैन्य केंद्रों पर जवाबी हमले किए, जिसमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ।

## क्या टूट जाएगी तेल की धारा

होर्मुज जलडमरूमध्य वर्तमान वैश्विक भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था का वह चोक पॉइंट है, जिसकी धड़कनें रुकने का अर्थ है पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था का थम जाना। इसे दुनिया की तेल की जीवन रेखा कहा जाता है। जब भी मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, चाहे वह ईरान-इजराइल संघर्ष हो या ईरान-अमेरिका टकराव, ईरान अक्सर इस रास्ते को बंद करने की धमकी देता है। इस बार अमेरिकी-इजराइली हमले के बाद भी उसने यह धमकी दी है। ईरान के पास इस जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ है, इसका पूरा उत्तरी तट ईरान के नियंत्रण में है। यदि ईरान इस रास्ते को बंद करता है, तो केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि एक वैश्विक आर्थिक सुनामी होगी। तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का टूटना और ऊर्जा सुरक्षा पर मंडराता खतरा दुनिया को एक गहरी मंदी की ओर धकेल सकता है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य



### कच्चे तेल का अहम रास्ता

- होर्मुज जलडमरूमध्य केवल पानी का एक संकरा रास्ता नहीं है, बल्कि यह आधुनिक सभ्यता के पहियों को घुमाने वाला मुख्य धमन मार्ग है। भौगोलिक दृष्टि से यह उत्तर में ईरान और दक्षिण में ओमान व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच स्थित है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। इसकी सबसे कम चौड़ाई मात्र 33 किलोमीटर के आसपास है, लेकिन इसका महत्व इसकी चौड़ाई से कहीं अधिक विशाल है। दुनिया भर में खपत होने वाले कुल कच्चे तेल का लगभग 20% से 30% हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। सांख्यिकीय दृष्टि से देखें तो प्रतिदिन लगभग 1.9 से 2.1 करोड़ बैरल तेल यहाँ से टैंकरों के माध्यम से निकलता है।

### भारत के लिए गहरा संकट

- भारत अपनी जरूरत का 85% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा फारस की खाड़ी से आता है।
- आर्थिक झटका : तेल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी भारत के राजकोषीय घाटे को बढ़ा देती है। यदि कीमतें दोगुनी हुईं, तो भारतीय रुपया ऐतिहासिक गिरावट देख सकता है।
- पेट्रोल-डीजल के दाम : देश में ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगेंगी, जिससे माल ढुलाई महंगी होगी और आम आदमी की थाली पर सीधा असर पड़ेगा।
- ऊर्जा सुरक्षा : भारत के रणनीतिक तेल भंडार केवल कुछ ही दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं। लंबे समय तक रास्ता बंद रहने पर उद्योग ठप हो सकते हैं।
- प्रवासी भारतीय : खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। युद्ध की स्थिति में उनकी सुरक्षा और वहां से आने वाले रेमिटेंस (धन प्रेषण) पर खतरा मंडराएगा।

### दुनिया के सामने क्या हैं विकल्प

- **पाइपलाइन का विस्तार : सऊदी अरब ने ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन बनाई है जो तेल को लाल सागर तक ले जा सकती है। इसी तरह यूएई ने हबशान-फुजैराह पाइपलाइन बनाई है।**
- **रणनीतिक भंडार : भारत, अमेरिका और चीन जैसे देश अपने जमीन के नीचे स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व कर रहे हैं ताकि संकट के समय 15-90 दिनों तक काम चल सके।**
- **नवीकरणीय ऊर्जा : इस निर्भरता को कम करने का दीर्घकालिक समाधान सौर, पवन और हाइड्रोजन ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना है।**
- **कूटनीति : अमेरिकी टास्क फोर्स इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।**

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अजय डबास डेल्टा फोर्स के जीओसी बने

**जम्मू।** मेजर जनरल अजय सिंह डबास ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-रोधी बल (डेल्टा) की कमान संभाल ली है। उन्होंने मेजर जनरल ए.पी. एस. बल का स्थान लिया है। डेल्टा फोर्स का गठन पांच सितंबर 1994 को हुआ था और इसका मुख्यालय रामबन जिले के बटोटे क्षेत्र में स्थित है। यह बल चेनाब घाटी के रामबन, किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकवाद को काफी हद तक समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। पदभार संभालने के बाद, मेजर जनरल डबास ने युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तकें जारी

**नई दिल्ली।** ब्लूम्सबरी इंडिया ने अपनी पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तकें जारी कीं, जिनमें हैरी पॉटर के अलग-अलग पात्रों से जुड़ी कहानियों के अहम पल और मजेदार जानकारियां शामिल हैं। ये दोनों पुस्तकें लूना लवगुड और एल्बस डंबलडोर के किरदारों को समर्पित हैं। पिछले साल हैरी पॉटर, रॉन वीस्ली और हर्मियोनी ग्रेंजर पर आधारित पुस्तकें पॉकेट पॉटर्स के नाम से जारी हुई थीं। भारत में हैरी पॉटर के आधिकारिक प्रकाशक ब्लूम्सबरी ने बताया कि डॉबी और हैग्रिड पर आधारित अतिरिक्त पुस्तकें अगस्त में जारी किए जाने की योजना है।

### सीजेआई ने तिरुमला मंदिर में की पूजा

**तिरुमला।** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने रविवार सुबह विश्व प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सीजेआई का पद संभालने के बाद शनिवार शाम मंदिर नगरी का अपना पहला दौरा किया है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के पुजारियों और अधिकारियों ने मुख्य मंदिर परिसर के महाद्वारम पर आगमन के समय उनका पारंपरिक स्वागत किया।

### कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान स्थित (केएनपी) कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा तथा इसे वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यादव ने राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय उद्यान के अंदर पालपुर किले के पास कूनो नदी में 53 घड़ियाल और 25 कछुओं को छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि घड़ियाल और कछुओं की आबादी का संरक्षण और संवर्धन किया जा रहा है।

# कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया

## प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश में एक जनसभा में विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना

- पुडुचेरी में 2700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की

**पुडुचेरी, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि इस केंद्र शासित प्रदेश में उसका शासन राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार से ग्रस्त था, तथा यह केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम की तरह था। द्रमुक पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जनता पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में हो रहे घोटालों की एक लंबी सूची देख सकती है, जहां द्रविड़ पार्टी का शासन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुडुचेरी में कांग्रेस के पूर्व शासनकाल के दौरान राशन की दुकानों में चावल नहीं था, वेतन में देरी होती थी, और सड़कों पर गुंडे तथा ड्रग माफिया का राज था। मोदी ने यहां नई परियोजनाओं की शुरुआत और नई पहलों के लिए आधारशिला रखने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक पुडुचेरी के विकास पथ में गतिरोधक बन गए हैं। यहां 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को केवल राज्यों के लिए बनाई गई पूंजी निवेश से जुड़ी विशेष सहायता योजना में शामिल किया है।

स्वतंत्रता आंदोलन में पुडुचेरी क्षेत्र की भूमिका की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक हमें एक विकसित पुडुचेरी, एक विकसित भारत का निर्माण करना होगा, पुडुचेरी की डबल इंजन सरकार इस मिशन में आपके साथ है और हम सर्वश्रेष्ठ पुडुचेरी के लिए काम करते रहेंगे।



पुडुचेरी में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

### युवाओं के सपने साकार करने को कर रहे काम

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना में शामिल किया है, जो केवल राज्यों के लिए है। उन्होंने कहा कि इस कदम से सड़कों सहित बेहतर बुनियादी ढांचे के रूप में केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पांडिचेरी विश्वविद्यालय में भी बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया गया है। उन्होंने कहा, सशक्त युवा ही विकास की नींव हैं। हम उनके सपनों को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं। एनआईटी कराईकल में नया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और आधुनिक छात्रावास सुविधाएं कई छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा को मजबूत करेंगी।

### पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने की मांग

एआईएनआरसी-भाजपा गठबंधन सरकार के प्रमुख मुख्यमंत्री एन रंगासामी ने प्रधानमंत्री से पुडुचेरी की राज्य का दर्जा देने की मांग को स्वीकार करने की अपील की। कार्यक्रम में अपने भाषण में उन्होंने कहा कि पुडुचेरी वर्षों से लगातार राज्य का दर्जा देने की गुहार लगा रहा है और प्रस्तावों के माध्यम से केंद्र से मांग कर रहा है। रंगासामी ने कहा कि विधानसभा में 13 मौकों पर प्रस्ताव पारित किए गए जिन्हें पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने के लिए केंद्र को भेजा गया। उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा देने की मांग पुडुचेरी के लोगों की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री हमारी मांग मान लेंगे।

## जम्मू में सुशासन सम्मेलन कराएगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग जम्मू-कश्मीर सरकार के सहयोग से तीन मार्च को जम्मू में एक-दिवसीय राष्ट्रीय सुशासन सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश भर के जिलों द्वारा अपनाई गई उन नवोन्मेषी शासन पद्धतियों को प्रदर्शित और प्रसारित करना है, जिनसे सेवा वितरण, नागरिक कल्याण और स्थानीय विकास में सुधार हुआ है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन करेंगे। कार्मिक मंत्रालय के मुताबिक, सम्मेलन का विषय 'जिलों का समग्र विकासः विकसित भारत के लिए शासन में परिवर्तन' है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित 2023 और 2024 की योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले सत्र से होगा, जिसमें एलुरु (आंध्र प्रदेश), गोमती (त्रिपुरा), कोरापुट (ओडिशा) और करगिल सहित विभिन्न जिलों एवं संस्थानों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी। सम्मेलन में उन शासन मॉडल को प्रदर्शित किया जाएगा, जिन्हें लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों की विभिन्न श्रेणियों के तहत मान्यता प्राप्त हुई है।

# प. बंगाल की मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटाया गया

**कूच बिहार, एजेंसी**

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया दावा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध प्रवासियों का समय समाप्त हो गया है। नवीन का यह बयान पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची के प्रकाशन के एक दिन बाद है, जिसमें 63.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

कूच बिहार में पार्टी की परिक्रमा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि जिन्हें मतदाता सूची से हटाया गया है वे घुसपैठिए थे, जो सरकारी नौकरियों और वास्तविक नागरिकों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे। उन्होंने कहा, मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। ये न केवल वैध नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे थे। नवीन ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में मदद करके घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान किया। नवीन ने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा, ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया।



### तो मूल निवासी अल्पसंख्यक बन जाएंगे: नड्डा

कृष्णानगर। केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर घुसपैठियों की मदद का आरोप लगाते हुए दावा किया कि इसके कारण पश्चिम बंगाल के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। नड्डा ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य को घुसपैठियों का केंद्र बनाने की कोशिश कर रही है।

# विकसित भारत युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

- परमेश्वरन स्मृति व्याख्यानमाला में बोले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की।

सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है और केंद्र सरकार ने युवा सशक्तिकरण को शासन के केंद्र में रखा है। सिंह ने प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विवि व संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, साथ ही अटल नवाचार मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का उल्लेख किया, जो स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में प्रगति की है, जो नवाचार और अनुसंधान के केंद्र के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

## महासमुंद जिले में 15 नक्सलियों ने डाले हथियार

**महासमुंद।** माओवादियों के संगठन में विशेष क्षेत्रीय समिति स्तर के सदस्य विकास सहित 15 नक्सलियों ने रविवार को महासमुंद जिले में सुरक्षाकर्मियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में नौ महिलाएं भी शामिल हैं। ये नक्सली प्रतिबंधित संगठन के बालांगीर-बरगढ़-महासमुंद डिवीजन से संबंधित थे और छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सक्रिय थे। छत्तीसगढ़ के गृह विभाग की भी जिम्मेदार संभाल रहे शर्मा ने इस घटनाक्रम को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# प्रशिक्षण देने त्रिंकोमाली पहुंचा आईएनएस तरंगिनी

**नई दिल्ली/कोलंबो, एजेंसी**

- श्रीलंका की नौसेना के चयनित जवान पोत पर होंगे सवार

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत आईएनएस तरंगिनी एक प्रशिक्षण यात्रा के हिस्से के रूप में श्रीलंका के त्रिंकोमाली बंदरगाह पहुंच गया है। नौसेना प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि यात्रा के दौरान तरंगिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने पूर्वी नौसेना क्षेत्र के उप कमांडर कोमोडोर हरिता जयदेवत से मुलाकात की और पाल प्रशिक्षण में सहयोग पर चर्चा की।

जहाज ने श्रीलंकाई सैनिकों, उनके परिवारों और प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए जहाज पर एक परिचय दौरे की मेजबानी की। जहाज के इस बंदरगाह प्रवास के दौरान सामुदायिक जुड़ाव गतिविधियों और प्रशिक्षण आदान-प्रदान की योजना बनाई गई है। श्रीलंका नौसेना और समुद्री अकादमी के चयनित प्रशिक्षु अधिकारी कोलंबो तक की यात्रा के लिए आईएनएस तरंगिनी पर सवार होंगे। इस यात्रा के दौरान, प्रशिक्षुओं को पाल प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जाएगा। आईएनएस तरंगिनी की संकल्पना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध डिजाइनर कॉलिन मुडी ने की थी और इसका निर्माण स्वदेशी रूप से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में किया गया था। पोत में एक मजबूत स्टील हल है और एल्युमीनियम डेकहाउस है और सागौन लकड़ी की बारीक नक्काशी से इसके आंतरिक भाग को सजाया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज व्यवसाय में वृद्धि हेतु कुछ धन का निवेश कर सकते हैं। पुराने संपर्क से लाभ होगा। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**वृष** – आज नया काम शुरु न करें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है।

**मिथुन** – आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में नए अनुबंध हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**कर्क** – आज आपकी योजनाएं समय पर पूर्ण होंगी। कारोबार में नए प्रयोग लाभकारी हो सकते हैं। मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा।

**सिंह** – आज अव्यावहारिक निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए। प्रेम-संबंधों में निकटता बढ़ेगी। धार्मिक लोग किसी साधना को लेकर विचारशील रहेंगे।

**कन्या** – आज सहकर्मी आपकी सहायता करेंगे। संपत्ति के विवादों में समझौता हो सकता है। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान कर सकते हैं।

**तुला** – आज नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों के कारण लोकप्रियता बढ़ेगी। धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें।

**वृश्चिक** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। अनुभवी लोगों से आपके संबंध मधुर होंगे।

**धनु** – आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। शरीर मे थकावट व ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे। काम का दबाव बढ़ने से आप थोड़े नाखुश रहेंगे।

**मकर** – आज कोई बड़ा निर्णय न लें। व्यापार में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। नई जॉब ढूंढ रहे लोगों को परेशानी होगी।

**कुंभ** – आज अपनी क्षमता से अधिक खर्च का बजट न बनाएं। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस से बहस होने की आशंका है।

**मीन** – आज प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान व आर्थिक लाभ दोनों प्राप्त होंगे। आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

# सिद्धार्थ चटर्जी वियना स्थित थिंक टैंक की संभालेंगे कमान

**बीजिंग, एजेंसी**

- बनाए गए ग्लोबल नेबर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

संयुक्त राष्ट्र के भारतीय मूल के अनुभवी राजनयिक सिद्धार्थ चटर्जी को वियना स्थित थिंक टैंक ग्लोबल नेबर्स का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। चीन में रविवार को संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर (आरसी) के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद चटर्जी (62) की यह नियुक्ति हुई है।

चीन में 2021 में संयुक्त राष्ट्र के 26 कार्यालयों के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति काफी चर्चा में रही थी क्योंकि यह पूर्वी लद्दाख गतिरोध को लेकर भारत-चीन तनाव के बीच हुई थी। भारत में पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र रहे चटर्जी ने संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने से पहले भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दी थीं और उन्हें 1995 में वीरता के लिए सम्मानित किया गया था। ग्लोबल नेबर्स द्वारा जारी बयान में कहा गया कि चटर्जी को दो मार्च से प्रभावी रूप से इसका सीईओ नियुक्त किया गया है। ग्लोबल नेबर्सकी स्थापना 2022 में उद्यमी जोवांका पोर्श, ऑस्ट्रिया के पूर्व चांसलर क्रिश्चियन केर्न और जर्मनी के पूर्व उप-चांसलर फिलिप रोस्लर ने की थी। इसका उद्देश्य व्यापार, राजनीति और समाज के हितधारकों के बीच तथ्य-आधारित संवाद के लिए एक मंच तैयार कर यूरोप, एशिया और अन्य क्षेत्रों के बीच सेतु का निर्माण करना है।

**भारतीय संगीत परंपरा** | उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने केरल के त्रिशूर में रखी चेतना गणाश्रम की नींव

# लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है संगीत

- भारत में संगीत की समृद्ध परंपरा हजारों साल पुरानी

**त्रिशूर (केरल), एजेंसी**

उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि भारत में संगीत एक ऐसा शक्तिशाली सूत्र है, जो लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने यहां नादतारा में कुरियाकोस इलियास सर्विस सोसाइटी की पहल गणाश्रम (संगीत-आध्यात्मिक केंद्र) के शिलान्यास समारोह में यह बात कही। राधाकृष्णन ने कहा, भारत की अपनी समृद्ध संगीत परंपरा है, जो हजारों साल पुरानी है।

भारत का संगीत एक आध्यात्मिक सफर, ध्यान, प्रार्थना और जीवन का उत्सव है। संगीत लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने कहा कि भारत की बात करते समय हम एक प्राचीन सभ्यता की बात करते हैं, जिसकी आत्मा संगीत में अपनी शुद्धतम अभिव्यक्ति पाती है। उन्होंने कहा, वेदों के स्तोत्रों से लेकर संतों की भावपूर्ण अभिव्यक्तियों तक, संगीत हमारी सभ्यता में पवित्र गंगा की तरह बहता रहा है। उन्होंने कहा कि सामवेद के मंत्र दुनिया में व्यवस्थित संगीत के शुरुआती आधारों में से हैं। उन्होंने कहा, चोल राजाओं द्वारा निर्मित मंदिरों में प्राचीन दक्षिण भारत की संगीत संस्कृति के जीवंत प्रमाण मिलते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भारत की संगीत विरासत अत्यंत प्राचीन है। उन्होंने कहा कि भारत में संगीत परंपराओं की बड़ी विविधता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर की हिंदुस्तानी और दक्षिण की कर्नाटक शास्त्रीय परंपराएं ध्वनि की गहन प्रणालियां हैं, जिन्हें सदियों से महान गुरुओं ने समृद्ध किया है। उन्होंने कहा, त्यागराज की अमर रचनाएं आज भी मन में नयी उमंग भर देती हैं। तानसेन की प्रतिभा इतिहास में गूंजती है।



### हमारे भीतर की भावना से जुड़ता है सप्तस्वर

राधाकृष्णन ने कहा कि पश्चिमी संगीत हो या भारतीय, दुनिया भर में स्वर तो सात ही हैं। उन्होंने कहा, प्रत्येक सप्तस्वर हमारे भीतर की भावनाओं से जुड़ता है। एक सुकून देने वाला राग चिंता कम कर सकता है, भक्तिमय रचना मनोबल बढ़ा सकती है और जीवंत धुन ऊर्जा भर सकती है।" उन्होंने कहा, संगीत और ध्यान के जरिए सभी धर्मों के लोगों को एक आध्यात्मिक छत्र के नीचे लाने के लिए मैं गणाश्रम की सराहना करता हूं। राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 17.55 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्लेषा 19.51 तक तत्पश्चात मघा।

## सुडोकू - 76 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |

## सुडोकू -77

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 1 | | |
| | 5 | | 9 | 4 | | | 6 | 8 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | |
| 3 | 2 | | 7 | | | 6 | | 4 |
| | | 4 | | 2 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | | | 6 | 8 | | 3 |
| | 1 | | 8 | | 4 | | | |
| | 9 | 6 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 5 | | | 4 | | |



> मुझे लगता है कि हम एक भी विभाग में रणनीति पर अमल नहीं कर पाए। गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजों ने कुछ असाधारण शॉट खेले। हमने वापसी की कोशिश की लेकिन असफल रहे। बल्लेबाजी में भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए।
> –प्रतिका रावल

स्टेडियम
कानपुर, सोमवार, 2 मार्च 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com

# वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर भारत पहुंचा सेमीफाइनल में

## टी-20 विश्व कप : संजू सैमसन ने खेली --रनों की पारी, फाइनल के लिए इंग्लैंड से होगा मुकाबला

**कोलकाता, एजेंसी**

भारत के खिलाफ 'क्वार्टर फाइनल' की तरह खेले जा रहे टी-20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 195 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन की 97 रनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

इससे पहले रोस्टन चेस ने दो जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 25 गेंद में 40 रन बनाए। उन्होंने शाइ होप के साथ पहले विकेट के लिये 68 रन की साझेदारी की। होप ने 33 गेंद में 32 रन बनाये। दोनों ने अच्छी शुरूआत करते भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

भारत ने हालांकि 12वें ओवर में वापसी की जब जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट चटकाए। इसके बाद हालांकि रोवमैन पॉवेल और जैसन होल्डर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पांचवें विकेट के लिये सिर्फ 35 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की। पॉवेल ने 19 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 34 रन बनाये जबकि होल्डर ने 22 गेंद में 37 रन बनाये जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे। बीच के ओवरों में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारत ने उन्हें डैथ ओवरों के लिये बचाकर रखा जिसका कोई फायदा नहीं हुआ। पॉवेल ने अर्शदीप सिंह को 16वें ओवर में अच्छी खासी नसीहत देते हुए 24 रन निकाले।

अर्शदीप ने चार ओवर में 43 रन दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। बुमराह ने चार ओवर में 36 रन देकर दो विकेट चटकाये। खचाखच भरे ईडन गार्डंस पर भारतीय टीम शुरूआत में दबाव में दिखी जब वेस्टइंडीज ने 53 गेंद में 68 रन जोड़ लिये।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर कप्तान होप और बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए चेस ने पहले ओवर में सिर्फ तीन रन बनाये। इसके बाद होप ने हार्दिक पंड्या को मिडविकेट पर छक्का लगाया। अक्षर ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारत का क्षेत्ररक्षण ढीला था। चेस को जीवनदान भी मिला जब वरूण चक्रवर्ती ने गलत छोर पर थ्रो फेंककर रनआउट का मौका गंवा दिया।

इसके बाद अभिषेक शर्मा ने कवर पर उनका आसान कैच छोड़ा जब वह 14 रन पर थे। वरुण को नौवें ओवर में गेंद सौंपी गई जिन्होंने होप को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। शिमरोन हेटमायेर ने आते ही पंड्या को छक्का लगाया और उस ओवर में 13 रन बने। इसके बाद उन्होंने वरुण को चौका और छक्का जड़ा। बुमराह ने 12वें ओवर में हेटमायेर और चेस को आउट किया। हेटमायेर ने 12 गेंद में 24 और चेस ने 25 गेंद में 40 रन बनाए।



जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन। एजेंसी



एक-दूसरे को बधाई देते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

### वेस्टइंडीज

**195/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शाइ होप बो वरूण | 32 |
| रोस्टन चेस का सूर्यकुमार बो बुमराह | 40 |
| हेटमायेर का सैमसन बो बुमराह | 27 |
| रदरफोर्ड का सैमसन बो पंड्या | 14 |
| रोवमैन पॉवेल नाबाद | 34 |
| जैसन होल्डर नाबाद | 37 |

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-43-0, पंड्या 4-0-40-1, अक्षर 4-0-35-0 बुमराह 4-0-36-2, वरुण 4-0-40-1

**02** विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे जसप्रीत बुमराह

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.259 |
| 2. भारत | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.106 |
| 3. वेस्टइंडीज़ | 3 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.993 |
| 4. जिम्बाब्वे | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -3.415 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1.390 |
| 3. पाकिस्तान | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | -0.123 |
| 4. श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.950 |

## हाईलाइट

### न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराकर जीती सीरीज

**सेडन पार्क।** न्यूजीलैंड ने रविवार को सेडन पार्क में जिम्बाब्वे के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए, हैमिल्टन में अपने विरोधियों को 10 विकेट से हराकर महिला सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। नेन्सी पटेल (8 रन देकर 3 विकेट) और जेस केर (6 रन देकर 2 विकेट) ने जिम्बाब्वे को सिर्फ़ 64 रन पर रोक दिया, यह टारगेट न्यूज़ीलैंड ने 5.4 ओवर में हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का ज़िम्बाब्वे का फ़ैसला बहुत बुरा साबित हुआ। उनकी पारी पावरप्ले में ही बिखर गई, और एक डिसिप्लिन्ड अटैक ने उन्हें बुरी तरह हरा दिया। जेस केर ने तीसरे ओवर में केलिस नधलोवू को आउट करके पहला विकेट लिया। अगली ही गेंद पर मोडेस्टर मुपाचिकवा रन आउट हो गयी, जो एक ऐसी बड़ी गलती थी जिससे पता चलता है कि टीम पहले से ही परेशान थी।

### आकिब ने दिलाई जम्मू-कश्मीर को नई पहचान

**श्रीनगर।** आक़िब नबी ने जम्मू-कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान, ये जम्मू-कश्मीर के पूर्व कप्तान परवेज रसूल के शब्द थे जो आक़िब नबी का शुक्रिया अदा कर रहे थे। नबी ने 60 विकेट चटकाए जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। छह साल पहले जनवरी 2020 में रसूल ने ही नबी को उनकी रणजी ट्रॉफ़ी की पहली कैप थमाई थी। रसूल ने आख़िरी बार 2022 में जम्मू-कश्मीर के लिए खेला था, लेकिन उनका दिल आज भी खिलाड़ियों के लिए धड़कता है। उन्हें शनिवार को कुछ काम के लिए अपने होमटाउन से श्रीनगर जाना था।

### गुकेश को नवारा ने बराबरी पर रोका

**प्राग (चेक गणराज्य)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दस खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं।

### जयसूर्या छोड़ेंगे मुख्य कोच का पद

**कोलंबो।** सनथ जयसूर्या ने टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। सह मेजबान श्रीलंका सुपर आठ चरण में अपने सभी मैच हार गया। ग्रुप चरण में टीम को जिम्बाब्वे से हार मिली जबकि उसने ऑस्ट्रेलिया तथा कमजोर माने जाने वाले ओमान और आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की। श्रीलंका की हार के बाद जयसूर्या ने कहा मेरा अनुबंध जून में खत्म हो रहा है लेकिन मैं उससे पहले चला जाऊंगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर शृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की

**होबार्ट, एजेंसी**

कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर शृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की।

पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी।

हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे। वोल ने अपनी पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि मूनी की पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा। अनाबेल सदरलैंड (23) और निकोला कैरी (15 गेंद में से 34 रन) ने आखिर में तेजी से रन बनाए।


शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करतीं कप्तान एलिसा हीली। एजेंसी

- **कप्तान एलिसा हीली ने शतक के साथ वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास**

### किसी परीकथा जैसा था आखिरी मैच : हीली

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी मैच में 158 रन की शानदार पारी खेलकर विश्व चैंपियन भारत पर 185 रन की जीत से वनडे से शानदार विदाई लेने के बाद क्रिकेट के भगवान का शुक्रिया अदा किया। पैंतीस साल की हीली के लिए यह किसी परीकथा जैसा आखिरी पल था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुनी गई हीली ने मैच के बाद कहा मुझे लगता है कि हम कितना अजीब खेल खेलते हैं कि यह आपको इतनी बार नीचे गिरा सकता है और फिर आपको आज जैसे मौके दे सकता है। उन्होंने कहा मुझे हर उपलब्धि वाला मैच पसंद नहीं आया इसलिए आज बस क्रीज पर जाकर उसका मजा लेने का मौका था।

# दक्षिण अफ्रीका ग्रुप में टॉप पर जिम्बाब्वे खाता नहीं खोल सका



जीत दर्ज करने के बाद जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों से हाथ मिलाते साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी। एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कप्तान सिकंदर रजा (73 रन और तीन विकेट) के हरफनमौला खेल के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के औपचारिकता वाले मुकाबले में रविवार को यहां पांच विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अब तब सभी मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर चुकी दक्षिण अफ्रीका की टीम इस जीत से सुपर आठ के ग्रुप एक में शीर्ष पर रही जबकि शुरुआती ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाला जिम्बाब्वे सुपर आठ में जीत का खाता खेलने में नाकाम रहा।

रजा की 43 गेंद में आठ चौके और चार छक्के समेत 73 रन की पारी के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 153 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका टीम अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए कोलकाता जायेगी। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (16 गेंद में 22 रन) के साथ 25 गेंद में 50 रन की साझेदारी की। रेयान रिकल्टन ने 22 गेंद में चार छक्के की मदद से 31 का योगदान दिया। जॉर्ज लिंडे (21 गेंद में नाबाद 30) और ट्रिस्टन स्टब्स (24 गेंद में नाबाद 21) ने छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। जिम्बाब्वे के लिए रजा ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए। रजा को बल्लेबाजी के दौरान दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। उनके अलावा क्लाइव मदांडे (नाबाद 26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिये। कोर्बिन बोश को भी दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 40 रन लुटाये। जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहले ओवर में ही क्विंटन डिकॉक को खाता खोले बगैर चलता करने के बाद कप्तान एडेन मारक्रम (चार) को पवेलियन की राह दिखाई। डिकॉक का कैच विकेटकीपर मारुमनी ने लपका जबकि मारक्रम बोल्ड हुए।

- **जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने हरफनमौला खेल से सराहनीय प्रदर्शन किया**

### जिम्बाब्वे

**153/7** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| तदिवानाशे मारुमनी बो मफाका | 07 |
| ब्रायन बेनेट का मारक्रम बो नोर्किया | 15 |
| डियोन मायर्स का ब्रेविस बो लिंडे | 11 |
| सिकंदर रजा का मिलर बो मफाका | 73 |
| रेयान बर्ल पगबाधा एनगिडी | 05 |
| टोनी मुनयोंगा बो बोश | 02 |
| क्लाइव मदांडे नाबाद | 26 |
| ब्रैड इवांस बो बोश | 08 |
| वेलिंगटन मसाकदजा नाबाद | 01 |

गेंदबाजी : लिंडे 3-0-22-1, मफाका 4-0-21-2, एनगिडी 4-0-29-1, नोर्किया 4-0-29-1, बोश 4-0-40-2, मारक्रम 1-0-11-0

### दक्षिण अफ्रीका

**154/5** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मार्करम बो सिकंदर रजा | 04 |
| डिकॉक का मारुमनी बो रजा | 00 |
| रेयान रिकेल्टन का बर्ल बो इवांस | 31 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बर्ल बो रजा | 42 |
| मिलर का मायर्स बो मुजरबानी | 22 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 21 |
| जॉर्ज लिंडे नाबाद | 30 |

गेंदबाजी : रजा 4-0-29-3, मुजरबानी 3.5-0-22-1, इवांस 3-0-22-1, क्रीमर 2-0-27-0, मसाकद्जा 2-0-23-0, बर्ल 2-0-12-0

**13** गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका ने हासिल किया लक्ष्य

**प्रतिक्रिया**

**टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटर बोले- दो साल बाद मिले मौकों को भुना नहीं पा रहे हम**

# पाकिस्तान क्रिकेट जगत में फैली घोर निराशा




**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान ने भले ही अपना टी-20 विश्व कप अभियान जीत के साथ खत्म किया हो लेकिन इस बड़े टूर्नामेंट में टीम के प्रदर्शन से देश का क्रिकेट जगत बहुत निराश है।

पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने रविवार को कहा आपको अपने देश के क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन की छाप छोड़ने के लिए दो साल में एक मौका मिलता है और आप फिर से विफल हो जाते हैं। यह सब देखना बहुत निराशाजनक है। मियांदाद ने कहा कि ऊंची रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ टीम का प्रदर्शन बहुत बड़ी चिंता की बात है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अब कुछ बड़े फैसले लेने की जरूरत है।

पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों को टी20 क्रिकेट में खुद को स्थापित करने के लिए बहुत ज्यादा मौके दिए गए और वे बड़े टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा अब आगे बढ़ने और अपनी गलतियों से सीखने का समय है।

पूर्व कप्तान मोइन खान ने कहा कि जब तक पाकिस्तान ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को नहीं हरा पाता, तब तक वह कभी भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाएगा। उन्होंने दुख जताते हुए कहा आप कोई बड़ा टूर्नामेंट तब तक नहीं जीत सकते जब तक आपके पास शीर्ष टीमों को हराने की काबिलियत नहीं हो। बदकिस्मती से हमने चयन और मैदान पर बहुत सारी गलतियां की हैं। हमारे मुख्य खिलाड़ी विश्व कप में अच्छा नहीं कर पाए।

पूर्व कप्तान बाबर आजम, मौजूदा कप्तान सलमान अली आगा और शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज जैसे दूसरे सीनियर खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना हो रही है। आगा के घर लौटने के बाद उन्हें कप्तानी के पद से हटाने की उम्मीद है।

पाकिस्तान के कोच रह चुके सकलेन मुश्ताक को भी अपने दामाद शादाब के प्रदर्शन का दोष मुख्य कोच माइक हेसन पर डालकर उनका बचाव करने की कोशिश करने के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

### हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए : आगा

**पल्लेकल।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। पर यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने शनिवार रात को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया। हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे।